खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, मंगलवार 26 मई 2026 मुरादाबाद संस्करणः वर्ष 23 अंक 280 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :38⁰C
न्यूनतम :23⁰C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 8 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जन आक्रोश से बचने को भाजपा नेता दिखावटी चिट्ठी लिख रहेः अखिलेश पेज 2



फीफा विश्वकप से पहले मेसी के पैर में लगी चोट खेल टाइम्स



भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजनाः प्रगति का नया अध्याय सम्पादकीय



ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करूंगाः ट्रम्प पेज 12

# NEET: सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को लगाई फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पिछली गलतियों से सबक नहीं लिया, एनटीए, CBI व पूर्व इसरो प्रमुख वाली समिति को नोटिस जारी कर तलब किया**



**नई दिल्ली।** नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एजेंसी ने पिछले साल सामने आए पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं लिया।

कोर्ट ने केंद्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से इस मामले में जवाब मांगा है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों और सिफारिशों पर अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत हलफनामा गुरुवार तक दाखिल करे। अदालत ने कहा कि पहले भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई थी और उसकी सिफारिशों को स्वीकार भी किया गया था। यह मामला फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) की याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। संगठन ने मांग की है कि नीट यूजी जैसी बड़ी परीक्षा कराने -शेष पृष्ठ दो पर

## कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ जनहित याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' से जुड़े व्यक्तियों की गतिविधियों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इन्कार कर दिया है। यह व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया आंदोलन भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की हालिया 'कॉकरोच' टिप्पणी के बाद उभरा था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एनके गोस्वामी ने सोमवार को तर्क दिया कि 'कॉकरोच जनता पार्टी' न्यायपालिका की छवि को नुकसान पहुंचा रही है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची

**सीजेआई बोले- मुद्दे को भावनात्मक तरीके से न लें**



और वीएम पंचोली की पीठ ने जवाब देते हुए कहा कि इसे इतना भावुकता से न लें।

# धर्मेन्द्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण पुरस्कार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। सबसे पहले दिवंगत फिल्म स्टार धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी एक्ट्रेस/सांसद हेमा मालिनी ने यह सम्मान लिया।

महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी लीडरशिप में टीम ने वनडे वर्ल्डकप जीता था। साल 2026 में कुल 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार दिए जाने हैं, 65 विजेताओं को अगले फेज में सम्मानित किया जाएगा, जिसकी तारीखें अभी सामने नहीं आई हैं।

- **हेमा मालिनी ने रिसीव किया**
- **राष्ट्रपति मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से किया सम्मानित**

जब हेमा ने यह सम्मान रिसीव किया तो उनकी बेटी आहना की आंखों से आंसू छलक उठे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञापन जगत की जानी-मानी हस्ती पीयूष पांडे को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। उनकी पत्नी नीता जोशी ने अवॉर्ड रिसीव किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दूल्हा हत्याकांड का आरोपी एक लाख का इनामी रवि यादव मुठभेड़ में ढेर

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के चर्चित दूल्हा हत्याकांड में शामिल एक लाख रुपये का इनामी बदमाश रवि यादव रविवार की रात पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक लाइन बाजार केके सिंह भी बदमाशों की गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने सोमवार को बताया कि खेतासराय थाना क्षेत्र में एक मई की शाम बारात लेकर निकले दूल्हे आजाद बिद की अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर हत्या कर दी थी।

### ट्विशा शर्मा मौत के मामले में मीडिया संयम बरतेः कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में मीडिया से संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि पीड़िता के परिवार या आरोपियों के परिवार के बयानों पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित न किया जाए। शीर्ष अदालत ने ट्विशा शर्मा मृत्यु मामले में कथित संस्थागत पक्षपात और प्रक्रियागत त्रुटियों से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले पर सुनवाई की।

### अन्नाद्रमुक के तीन बागी विधायकों का इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराए जाने के खतरे का सामना कर रहे अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के तीन बागी विधायकों ने सोमवार को सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और सत्तारूढ़ तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) में शामिल हो गए।

# पेट्रोल-डीजल के दामों में फिर लगी आग

## पेट्रोल में ₹2.61 व डीजल में ₹2.71 की बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **पेट्रोल 102.12 व डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर मिलेगा, 10 दिन में चौथी बार बढ़े दाम**



**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम एक बार फिर बढ़ा दिए हैं और दिल्ली में चार साल बाद पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गया है।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार से गैर-ब्रांडेड यानी सामान्य पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। अब इसकी कीमत 102. 12 रुपये प्रति लीटर हो गई है। सामान्य डीजल भी अब 95.20 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। इसकी कीमत में 2.71 रुपये का इजाफा किया गया है। दोनों जीवाश्म ईंधनों का यह 21 मई 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। इस साल 15 मई से अब तक चार बार में दिल्ली में पेट्रोल 7.35 रुपये और डीजल 7.53 रुपये प्रति लीटर महंगा हो चुका है। इनके दाम 30 अक्टूबर 2024 के बाद गत 15 मई को पहली बार बढ़ाए गए थे। दिल्ली में इंडियन ऑयल के प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी 95 की कीमत भी 2.61 रुपये बढ़कर 109.24 रुपये और प्रीमियम डीजल एक्सपी की कीमत 2.71 रुपये बढ़कर 100.52 रुपये प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता में पेट्रोल 2.87 रुपये और चेन्नई में 2.46 रुपये महंगा हुआ है। दोनों शहरों में इसकी नई कीमत क्रमशः 113.51 रुपये और 107.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल कोलकाता में 2.80 रुपये और चेन्नई में 2.57 रुपये बढ़कर क्रमशः 99.82 रुपये और 99.55 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता में ठोस प्रगति के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोमवार को कच्चे तेल के दाम में चार प्रतिशत से ज्यादा गिरावट देखी गई है। कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे उतर गया है। गत 28 फरवरी को शुरू हुए पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति बाधित होने से कच्चे तेल की कीमत में उछाल आया है। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था।

# सैनिटरी पैड व टॉयलेट न होने से लड़कियों की पढ़ाई न छूटेः कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन और लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट न होने के कारण उनकी पढ़ाई नहीं छूटनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से 30 जनवरी के फैसले को पूरी तरह लागू कराने को कहा। इस मामले की प्रगति की निगरानी हर तीन महीने में करेगा। केंद्र को हर तीन महीने पर प्रोग्रेस रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। बेंच ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे से कहा कि इस फैसले का अच्छा उपयोग कीजिए।

- **केंद्र सरकार हर तीन महीने में रिपोर्ट दे, हम निगरानी करेंगे**

# नौतपा के पहले दिन महाराष्ट्र में पारा 47 पार

- **महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी 47.2 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म**

**नई दिल्ली।** देश में सोमवार से नौतपा की शुरुआत भी हो गई है। इसका मतलब है कि अगले 9 दिन और ज्यादा गर्मी रहेगी। हीटवेव और तापमान भी बढ़ेगा।

तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना रह सकता है। रविवार को महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र का ब्रह्मपुरी लगातार तीसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा था। यहां तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में बांदा 46.8 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म जिला रहा। इसके अलावा प्रयागराज और उरई में 45.6डिग्री , झांसी में 45.6डिग्री , आगरा में 45. 4 डिग्री और हमीरपुर में 45.2 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ।

### गंगा दशहरा पर हरिद्वार में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगा दशहरा के पावन स्नान पर्व पर धर्मनगरी में सोमवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि को मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था और राजा भगीरथ के पूर्वजों का उद्धार हुआ था। इसी कारण इस दिन हर की पौड़ी स्थित ब्रह्मकुंड में गंगा स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। रविवार देर रात के बाद से ही हरिद्वार के घाटों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।

# ईरान के साथ समझौता अब भी संभवः रुबियो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि ईरान के साथ समझौते की संभावना अब भी बनी हुई है और इस दिशा में एक काफी मजबूत प्रस्ताव वार्ता मेज पर रखा गया है।

मार्को रुबियो ने भारत यात्रा के दौरान कहा कि प्रस्ताव में ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट को खोलने तथा परमाणु मुद्दों पर वास्तविक, महत्वपूर्ण और समयबद्ध वार्ता में शामिल होने की बात शामिल है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि हम इसे सफल बना लेंगे। इसे खाड़ी देशों और वैश्विक स्तर पर व्यापक समर्थन प्राप्त है। जिन भी देशों से हमने इस पर चर्चा की, उनका मानना है कि यह न केवल बेहद उचित बल्कि दुनिया के हित में भी है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प किसी भी कीमत पर जल्दबाजी में समझौता नहीं करेंगे।

## अनमोल प्रेम की जीवंत इमारत है ताजमहलः रुबियो



**आगरा।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को पत्नी जेनेट रुबियो के साथ विश्व प्रसिद्ध ताजमहल का दीदार करने के बाद कहा कि यह इमारत अनमोल प्रेम की जीवंत तस्वीर है। विशिष्ट अमेरिकी मेहमान ने मुगलकाल के स्मारक की सुंदरता को एक टक निहारा और प्रशंसा करते हुए इसे दुनिया के सबसे अनमोल प्रेम के खजानों में से एक बताया। दंपति ने डायना बेंच पर बैठकर तस्वीरें खिंचवाईं। ताजमहल को देखकर जेनेट ने कहा कि यह बेहद खूबसूरत है। रुबियो ने स्मारक परिसर में लगभग एक घंटा बिताया और इसकी वास्तुकला, जटिल संगमरमर की नक्काशी और इसके ऐतिहासिक महत्व का बारीकी से अवलोकन किया।



## एक नजर

### कलश यात्रा को भव्य बनाने पर मंथन



**नजीबाबाद।** श्री नव दुर्गा महाकाली मंदिर की बैठक मंदिर के संस्थापक पवन कुमार अग्रवाल के निवास पर हुई। बैठक में अक्टूबर माह में आयोजित होने वाली माता महाकाली की 32वीं शोभा व कलश यात्रा को भव्य व दिव्य रूप से निकालने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि इस बार की शोभायात्रा पिछले वर्षों की तुलना में और अधिक आकर्षक व व्यवस्थित तरीके से निकाली जाएगी। इसके लिए विभिन्न समितियों का गठन व जिम्मेदारियां तय करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में संस्थापक पवन कुमार अग्रवाल, विवेक अग्रवाल नानू, सरदार परविंदर सिंह, अंकित, गिरीश, चित्रांश अग्रवाल, राहुल, शशि लुकाधाड़ी, दीपाली, पवनी अग्रवाल, पूजा सैनी, संतोष, पावनी, मान्या, आदी समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया। मंदिर समिति ने नगरवासियों से भी शोभा यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

### गाली-गलौच का विरोध करने पर पीटा

**नहटौर।** ग्राम बाकरनगर निवासी राजपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि गांव का ही रहने वाला देवा पुत्र हरकेश उनके परिवार को अश्लील गालियां दे रहा था। जब पीड़ित के पुत्र ऋतिक ने इस अभद्र व्यवहार का विरोध किया, तो मामला बढ़ गया। आरोप है कि देवा ने अपने भाई नौभार, जितेंद्र और पिता हरकेश के साथ मिलकर ऋतिक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में ऋतिक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। हमलावरों ने पीड़ित परिवार को यह धमकी भी दी है कि यदि उन्होंने कहीं भी शिकायत की, तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। पुलिस ने दर्ज की शिकायत घटना के बाद पीड़ित राजपाल सिंह ने नहटौर थाने में पहुंचकर तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ससुराल पक्ष पर दामाद की हत्या का आरोप



**चांदपुर।** नगर से सटे ग्राम कराल निवासी इक्तेदार अहमद पुत्र तुफैल अहमद की शादी ग्राम पंचायत फजलपुर ढाकी निवासी भूरे की पुत्री बेबी के साथ एक वर्ष पहले ही हुई थी। आरोप है कि इक्तेदार की ससुराल वालों से कुछ अनबन चल रही थी और वे इक्तेदार को काफी परेशान कर रहे थे। आज ससुराल वाले उसके घर आए हुए थे। मृतक के बड़े भाई गुलजार अहमद ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि आज उसके भाई इक्तेदार की ससुराल वाले उसके घर आए थे। आरोप है कि चाय नाश्ते में पीड़ित के भाई को उसकी ससुराल वालों ने कोई विषैला पदार्थ खिला दिया। जिससे उसकी हालत खराब हो गई। घर से चीख पुकार की आवाज सुनकर वह दौड़कर पहुंचा, तो देखा कि उसका भाई इक्तेदार तड़प रहा है तुरंत ही उसे सीएचसी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही दम तोड़ दिया। आरोप है कि इक्तेदार को उसकी ससुराल वाले ज्यादा परेशान करते चले आ रहे थे। पुलिस सूचना पर तुरंत घटना स्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**धामपुर।** औरंगशाहपुर बनवारी निवासी ललित कुमार पुत्र नागेंद्र सिंह ने दो अप्रैल 2026 को थाना धामपुर में अपने तीन मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर थाना धामपुर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर पुलिस टीम ने हबीबवाला निवासी साकिब पुत्र सईद को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी का एक मोबाइल फोन और 650 रुपए नकद बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने दो अप्रैल की रात औरंगाबाद बनवारी क्षेत्र के एक मकान से तीन मोबाइल फोन चोरी किए थे। आरोपी के मुताबिक, चोरी किए गए दो मोबाइल उसने रास्ते में मिले एक अज्ञात व्यक्ति को 3 हजार रुपए में बेच दिए थे। बिक्री से मिले रुपए में से 650 रुपए उसके पास बचे थे, जबकि बाकी रकम खर्च हो चुकी थी। तीसरे मोबाइल को बेचने की फिराक में वह घूम रहा था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। थाना धामपुर पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है और चोरी के अन्य मोबाइल फोन की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गोपाल सिंह, कांस्टेबल अर्जुन बालियान और कांस्टेबल विपिन शामिल रहे।

# अवैध खनन पर प्रशासन सख्त

## कई विभागों की कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावली।** क्षेत्र में लंबे समय से कई स्थानों पर कथित रूप से बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन एवं अवैध भरान की शिकायतों के बाद प्रशासनिक तंत्र सक्रिय होता दिखाई दे रहा है। शिकायतकर्ता द्वारा डीएम, एसपी, खनन विभाग, वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एलआईयू तथा अन्य संबंधित विभागों को दिए गए शिकायती पत्रों के बाद मामले ने गंभीर रूप ले लिया है। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर एक-एक जगह कई-कई जेसीबी एवं दर्जनों डंपरों के माध्यम से लंबे समय से मिट्टी उठान व भरान कार्य चल रहा था, जिससे पर्यावरणीय क्षति, राजस्व हानि तथा ग्रामीणों में नाराजगी की स्थिति बनी हुई थी। कुछ शिकायतों में जंगल क्षेत्र एवं पर्यावरण पर संभावित प्रभाव की भी बात कही गई थी।

प्राप्त समाचार के अनुसार शिकायतों का संज्ञान लेते हुए डीएम द्वारा संयुक्त जांच टीम गठित किए जाने की सूचना है, जबकि संबंधित विभागों ने भी अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता का कहना है कि अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि यदि जांच में अनियमितता पाई जाती है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा अवैध खनन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि कार्रवाई की आहट के बाद कथित खनन गतिविधियों से जुड़े लोगों में बेचैनी बढ़ी है। ग्रामीणों का मानना है कि निष्पक्ष जांच होने पर वास्तविक स्थिति सामने आएगी और नियम विरुद्ध गतिविधियों पर अंकुश लग सकेगा। अब सभी की निगाहें संयुक्त जांच टीम की रिपोर्ट और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। यदि शिकायतों में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित मामलों में आगे बड़ी कार्रवाई संभव मानी जा रही है।

# एएनएम की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

## स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सीएचसी पर आज चिकित्सा अधीक्षक डा.बीके स्नेही की अध्यक्षता में एएनएम की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के शत-प्रतिशत टीकाकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। डा.बीके स्नेही ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से टीम भावना के साथ कार्य करने तथा फील्ड में नियमित भ्रमण कर गर्भवती महिला, बच्चों और जरूरतमंद मरीजों का समय पर पंजीकरण एवं उपचार सुनिश्चित करने को कहा। गावी यूनिसेफ पीसीआई के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर इरशाद हुसैन ने ड्यू लिस्ट के सही संधारण और नियमित अपडेट पर जोर देते हुए कहा कि इसके माध्यम से लाभार्थियों तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकती हैं। उन्होंने जीरो डोज बच्चों को चिन्हित कर टीकाकरण कराने तथा अवरोधक परिवारों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुष्मान भारत कार्ड, आभा आईडी, एनसीडी स्क्रीनिंग, एचपीवी वैक्सीनेशन, संस्थागत प्रसव, परिवार कल्याण कार्यक्रम तथा हीट वेव से बचाव संबंधी जागरूकता अभियान पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

डा. श्री स्नेही ने खराब प्रगति एवं बैठक में अनुपस्थित रहने वाली एएनएम के एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश भी जारी किए।

बैठक में डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर इरशाद हुसैन, आईओ वीर सिंह, एचआई राजेश कुमार, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक शालिनी विश्नोई, ब्लॉक लेखा प्रबंधक हरिओम सिंह, डाटा एंट्री ऑपरेटर अनम, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर मौहम्मद मुस्तकीम, ब्लॉक कॉर्डिनेटर सौरभ आर्य सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# संत नामदेव जी महाराज की स्मृति में अधिवेशन संपन्न

## नगर में निकाली झंडे की शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** श्री नामदेव कमेटी द्वारा संत शिरोमणि श्री 1008 महर्षि श्री नामदेव जी महाराज की स्मृति में 49वां वार्षिक अधिवेशन आज मौहल्ला मुगलूशाह स्थित श्री नामदेव धर्मशाला एवं शिव मंदिर में श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह आठ बजे पंडित शिव कुमार द्वारा हवन-पूजन से कराया गया। नामदेव समाज के लोगों ने हवन-यज्ञ में आहुति देकर विश्व शांति की कामना की। कमेटी अध्यक्ष मदन गोपाल टांक (सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य) ने बताया कि यह शुभ स्थान है जहां वर्षो से राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली समेत दूर-दूर से स्वजातीय बंधु सपरिवार आकर अपने इष्ट गुरु श्री नामदेव जी के चरणों में श्रद्धा अर्पित करते हैं।

49वें वार्षिक उत्सव की अध्यक्षता वेद प्रकाश (मौहम्मदपुर देवमल) ने की। कार्यक्रम का संचालन श्री नामदेव कमेटी अध्यक्ष मदन गोपाल टांक और कोषाध्यक्ष प्रशांत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

मंच पर अनिल बेदी, राकेश आर्य, नकुड़ नामदेव कमेटी अध्यक्ष सुरेश कुमार नामदेव, कुंवर पाल सिंह लक्सर, महेंद्र कुमार नामदेव गंगोह, बृजेश कुमार मेरठ, मनोज कुमार टांक, रक्षा नामदेव, भाजपा उपाध्यक्ष रजनीश नामदेव, कुलदीप वर्मा देहरादून, दिनेश नामदेव, शालू वर्मा नामदेव, नीतू बेदी, रोहिल्ला टांक क्षत्रिय महासभा दिल्ली से प्रधान दयानंद रोहिल्ला, महासचिव राजबीर रोहिल्ला, कोषाध्यक्ष ईश्वर सिंह रुहेला, सदस्य चंद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान प्रकाशदीप जौली ने झंडे की बोली लगाकर झंडा उठाने का सौभाग्य प्राप्त किया। नामदेव मंदिर से झंडे की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः नामदेव मंदिर पर आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में जयप्रकाश जौली का पूरा परिवार और बड़ी संख्या में नामदेव समाज से जुड़े श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष मनोज टांक, पीयूष टांक महामंत्री, उज्जवल टांक उप मंत्री, प्रशांत कुमार कोषाध्यक्ष, अतुल कुमार, सुशील टांक, पंकज कुमार टांक, सोनू आदित्य, तरुण शंकर, अमित टांक, संजय टांक, शिवम, पवन कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### जैन समाज में गहरा आक्रोश



**नहटौर।** मध्य प्रदेश के रीवा में दो जैन साध्वियों की कथित सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु के मामले को लेकर नहटौर में जैन समाज के लोगों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। जैन समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर नहटौर थाने का रुख किया। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समाज के लोगों ने मांग की है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना संदिग्ध है और मामले की निष्पक्ष जांच अत्यंत आवश्यक है ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस मौके पर साधु संतों की सुरक्षा की मांग की गई।

### नईमा खातून के निधन पर शोक



**स्योहारा।** बीती देर रात स्योहारा प्रेस क्लब अध्यक्ष रियाज उर्फ प्रिंस जमाल की सास नईमा खातून (70 वर्ष) निवासी धामपुर का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह एक नेक और समाज सुधारक के रुप में कार्य कर रही थीं। नईमा खातून अपने मधुर व्यवहार के लिए जाने जाती थी। उनके निधन पर समाजसेवी डा.मनोज वर्मा, हाजी अनवर जमाल, हाजी नईमुल हसन, चेयरमैन फैसल वारसी, व्यापारी एवं भाजपा नेता मुकेश रस्तौगी, मेराजुल हक, डा.दानिश कमाल, ऐजाजुल हक, असजद चौधरी, अरशद चौधरी, पत्रकार इकबाल अंसारी, पूर्व सीओ इकबालुजम्मा, आदिल चौधरी, चौधरी फहीमुर्रहमान, हाजी इल्यास चौधरी, जानिब, आमान, डा.तफ्फजुल, आदिल चौधरी, हाजी जमील अहमद, राशन डीलर मौहम्मद शफीक, भूरे, आमिर अहमद, अजीम अहमद, शमीम अहमद, रहमान जफर, फैय्याज, यूनुस, ग्राम प्रधान कासिम अंसारी, वाजिद अंसारी, दिलशाद, अमीर साहब, सलीम कुरैशी, अजमल जैदी सहित प्रेस क्लब स्योहारा के सह संरक्षक धर्मेंद्र भुईयार, महामंत्री चमन भारद्वाज, गय्यूर चौधरी, नादिर त्यागी, अश्वनी विश्नोई, आकाश तोमर, इकबाल अंसारी, अरशद चौधरी, फजल अंसारी, अंकुल प्रजापति, राशिद पीटर, कपिल शर्मा आदि ने शोक जताया।

### घर में बंधे पशु पर गुलदार का हमला



**स्योहारा।** ग्राम निचलपुर और मंझोली में गुलदार की लगातार बढ़ती गतिविधियों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। बीते कुछ दिनों में कई पशुओं पर हुए हमलों के बाद गांवों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है। बताया जा रहा है कि ग्राम निचलपुर निवासी समरपाल सिंह के भैंस के बच्चे पर देर रात गुलदार ने हमला कर दिया। जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक पशु की मौत हो चुकी थी। वहीं ग्राम मंझोली में बाबूराम और धर्मपाल सिंह के पशुओं पर भी गुलदार ने हमला किया। एक बछड़े को मारने के बाद उसका काफी हिस्सा खा जाने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सुबह पशुशालाओं और खेतों के आसपास खून तथा पंजों के निशान मिलने से लोगों में डर और बढ़ गया है। लगातार हो रही घटनाओं के चलते ग्रामीणों ने शाम ढलते ही घरों से बाहर निकलना कम कर दिया है। महिलाएं और बच्चे अकेले बाहर जाने से बच रहे हैं, जबकि किसान भी खेतों पर जाने में सतर्कता बरत रहे हैं। कई स्थानों पर ग्रामीण रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई दिनों से गुलदार की मौजूदगी महसूस की जा रही थी, लेकिन समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अब स्थिति गंभीर होती जा रही है। लोगों ने आशंका जताई कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए, तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। ग्राम प्रधान ने वन विभाग से तत्काल पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने और गांवों में गश्त बढ़ाने की मांग की है। फिलहाल ग्रामीणों की निगाहें वन विभाग की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# तेल के दाम बढ़ने से लोगों को घर का खर्च चलाना मुश्किल : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि पिछले 10 से 15 दिनों के अंदर चौथी बार पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ गए, जिससे सारी चीजें महंगी हो गई है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि आज फिर इन्होंने पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं। पूरे देश में औसतन ढाई-ढाई रुपये बढ़ाए गए हैं। पिछले कुछ दिनों में यह चौथी बार दाम बढ़ाए गए हैं। पिछले 10-15 दिन के अंदर पेट्रोल और डीजल के दाम लगभग 7.5 से 8 रुपये बढ़ गए हैं। रूस और ईरान हमें सस्ता और पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस देने के लिए तैयार हैं, तो फिर हम लोग उनसे क्यों नहीं खरीद रहे हैं? केजरीवाल ने कहा कि मैंने देशवासियों से दो-तीन दिन पहले पूछा था कि क्या हमारे देश को रूस और ईरान से तेल और गैस खरी. दना चाहिए, तो लगभग 97 फीसदी लोगों ने मुझे कहा कि हां हमें खरीदना चाहिए। जब हमारे देश के लोग मांग कर रहे हैं कि हमें ईरान और रूस से तेल और गैस खरीदना चाहिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**नीट: सुप्रीम कोर्ट...** के लिए मौजूदा व्यवस्था की जगह एक मजबूत और स्वायत्त संस्था बनाई जाए। याचिका में कहा गया है कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं 22.7 लाख से अधिक छात्रों के अधिकारों पर सीधा हमला है। संगठन ने यह भी मांग की कि नई संस्था बनने तक सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाए। इसमें एक सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट जज, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और फॉरेंसिक वैज्ञानिक को शामिल करने का सुझाव दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा गठित उस समिति से भी जवाब मांगा है, जिसकी अध्यक्षता पूर्व इसरो प्रमुख के. राधाकृष्णन कर रहे हैं। इस समिति को एनटीए की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए बनाया गया था। अदालत ने पूछा है कि आयोग की सिफारिशों पर क्या प्रगति हुई है। नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को एक साथ सुनने का फैसला किया है।

# जल्द ही दो हिस्सों में बंट जाएगी कांग्रेस : गौरव



**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का 'भस्मासुर' करार देते हुए दावा किया है कि कांग्रेस जल्द ही दो हिस्सों में बंट जाएगी।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह बड़े दुख की बात है कि विपक्ष के नेता ऐसे समय में इस तरह का बयान दे रहे हैं, जब देश मजबूती के साथ चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि जहां इस वैश्विक संकट के दौरान कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं कमजोर हुई हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत इस वैश्विक चुनौती का मजबूती से सामना कर रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत है। उन्होंने कहा कि एक 'टूलकिट मॉडल' जो विनाशकारी, अराजक, अपरिपक्व और मूर्खतापूर्ण है

**■ इस वैश्विक संकट के दौरान कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं कमजोर**

तथा गांधी के दिमाग की उपज है। यह एक बार फिर सामने आया है, जब गांधी ने दावा किया कि केन्द्र की मोदी सरकार एक साल के अंदर गिर जाएगी। उन्होंने श्री गांधी पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आपका (श्री गांधी) मकसद अराजकता फैलाना है, तो हमारा संकल्प भारत को और भी ज्यादा मजबूत बनाना है। आप आगे बढ़ें और अपनी पूरी ताकत लगा दें। हमने भारत को और भी आगे ले जाने का मन बना लिया है। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि यह सरकार (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार) स्थिर और मजबूत भी है प्रवक्ता ने दावा किया कि जल्द ही कांग्रेस दो हिस्सों में बंट जाएगी और कांग्रेस के नेता भी विपक्ष के नेता द्वारा ऐसे भारत-विरोधी और अशांति फैलाने वाले बयान दिए जाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह गलत जानकारी फैला रही है कि भारत अमेरिकी दबाव के कारण रूस से कच्चा तेल आयात नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम देश के हित में ही फैसले लेंगे। यह बात बिल्कुल साफ है। हम किसी के दबाव में काम नहीं करते। उन्होंने कहा कि राजग के शासन में पिछले चार पांच वर्षों में रूस से 30 प्रतिशत तक कच्चे तेल का आयात किया गया है, जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के शासन में यह आंकड़ा केवल एक प्रतिशत था।

**उत्तर रेलवे**

**अभिव्यक्ति की रूचि**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निर्धारित प्रपत्र पर 16.06.2026 को 12:00 बजे तक सील बंद अभिव्यक्ति की रूचि (EOI) आमंत्रित की जाती है। अभिव्यक्ति की रूचि का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | एन.आई.टी सं. | 104/Med/EMR/2026 |
| | दिनांक | 25.06.2026 |
| 2. | कार्य का नाम | मुरादाबाद, बरेली तथा हरिद्वार स्टेशनों पर EMR की स्थापना। EMR हेतु स्थान रेल प्रशासन द्वारा निर्धारित किया जाएगा। |
| 3. | लाइसेंस शुल्क | प्रचलित नियमों के अनुसार |
| 4. | धरोहर राशि | प्रचलित नियमों के अनुसार |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य प्रारंभ की तिथि से 05 (पॉच) वर्ष |
| 6. | जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 16.06.2026 को 12:00 बजे तक |
| | खोले जाने की तिथि व समय | 16.06.2026 |
| 7. | EOI दस्तावेज की उपलब्धता | कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, मंडल चिकित्सालय, मुरादाबाद। दिनांक 25.06.2026 से 16.06.2026 तक प्रत्येक कार्य दिवस में 11:00 बजे से 16:00 बजे तक तथा 16.06.2026 को 12:00 बजे तक उपलब्ध। |
| 8. | वेबसाइट | www.nr.indianrailways.gov.in |
| 9. | EOI दस्तावेज का मूल्य | शून्य |
| 10. | इच्छुक अस्पताल अपनी सहमति/अभिरूचि इस कार्यालय में डाक द्वारा अथवा स्वयं 16.06.2026 तक निम्नलिखित पते पर जमा कर सकते है | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद – 244001 |

सभी संबंधित जानकारी कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

पत्रांक: **104/Med/EMR/2026** दिनांक : 25.05.2026

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

1766/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पत्नी व साले की हत्या में सोमपाल को उम्र कैद

**गन्ने के खेत में पड़ी मिली थी लाश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय जिला जज ने दहेज की खातिर पत्नी व साले की हत्या करने के आरोपी नूरपुर के सोमपाल को उम्र कैद एवं 28 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी विक्रम पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम निजामतपुरा, थाना कोतवाली शहर ने आठ अगस्त 2019 को शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि उसकी बहन की शादी सोमपाल पुत्र रामअवतार निवासी ग्राम धमरौला, थाना नूरपुर के साथ हुई थी। दहेज की मांग को लेकर लगातार परेशान किया जा रहा था। सात अगस्त 2019 को सोमपाल वादी की बहन जयवती को मेला दिखाने के लिए कहकर ले गया था। सात अगस्त को शाम लगभग सात बजे सोमपाल उनके घर आया था और कह रहा था कि गंज मेले में घूमने जा रहा है। गंज मेले में ही उनका छोटा भाई अरविंद राधे हलवाई की दुकान पर काम कर रहा था। सोमवाल ने जयवती व भाई अरविंद को अपने साथ ले लिया। उसने कहा कि मेला घूम कर वापस आएंगे। लेकिन इसके बाद वह काफी देर तक वापस नहीं आए। जिसके बाद इनकी तलाश की गई। अगले दिन सुबह छह बजे जयवती की खून से लथपथ लाश हरिशचन्द्र के गन्ने के खेत में पड़ी मिली। जबकि अरविंद (21 वर्ष) की लाश पतराम के गन्ने के खेत में पड़ी थी। दोहरा हत्याकांड सोमपाल ने अपने साथियों के साथ अंजाम दिया था। इस दोहरे हत्याकांड से गंज मेले में अफरा तफरी मच गई थी और लोगों ने रास्ते में आना बंद कर दिया था।

पुलिस ने धारा 302, 201, 304बी एवं 498ए आईपीसी सहित दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1968 की धारा तीन के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की थी। न्यायालय जिला जज ने इस मामले में सोमपाल को आजीवन कारावास एवं 28 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# सफाई कर्मचारियों का स्थायीकरण के लिए प्रदर्शन, जमकर नारेबाजी

## मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। हाथों में झाड़ू लेकर नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ठेका और संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मियों को स्थायी करने की मांग की गई है। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने ज्ञापन में कहा कि वाल्मीकि समाज भाजपा का पारंपरिक समर्थक रहा है। हालांकि, वर्ष 2014 से 2026 तक उत्तर प्रदेश में वाल्मीकि समाज के कर्मचारियों को सरकार से किसी भी स्तर पर कोई लाभ नहीं मिल सका है। कर्मचारियों ने दावा किया कि इस कारण




वाल्मीकि समाज के 85 प्रतिशत लोग कर्ज में डूबे हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए ध्यान देने का आग्रह किया। ज्ञापन में बिजनौर जिले में 12 नगर पालिका और 6 नगर पंचायतें होने का भी उल्लेख किया गया।

कर्मचारियों ने सरकार से अपने श्सफाई योद्धाओं के बारे में विचार करने और उन्हें तत्काल नियमित करने का आग्रह किया। इस प्रदर्शन में विशाल पवन, कुणाल, राजू, कृष्णा, राजा, मगन कुमार, संजय और राजन सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### ईद की नमाज सात बजे



**बिजनौर।** शहर काजी बिजनौर काजी माजिद अली ने बताया कि इस साल ईद उल अजहा 28 मई को मनाई जाएगी। ईद की नमाज ईदगाह में ठीक सात बजे अदा की जाएगी। उन्होंने तमाम मुसलमानों से अपील की है कि वह सही समय पर ईदगाह में पहुंच कर नमाज अदा करें। नमाज के बाद कुर्बानी होती है, जिसमें खास ख्याल रखें कि कुर्बानी किसी भी खुली जगह पर न हो। पर्दे का इंतजाम किया जाए। कुर्बानी का खून नालियों में न बहाया जाए। कुर्बानी के अवशेष नगर पालिका की गाड़ियों में ही डाले जाएं। साफ सफाई का पूरा ख्याल रखा जाए। गोश्त अगर कहीं लेकर जाना है, तो अच्छी तरह ढक कर लेकर जाएं, ताकि किसी को कोई तकलीफ न हो। कुर्बानी का कोई भी फोटो सोशल मीडिया पर न डाला जाए। इन्हीं बातों का ख्याल रखते हुए शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाए।

### हबीबवाला का सादिक चोर अरेस्ट

**बिजनौर।** धामपुर थाने में ग्राम औरंगशाहपुर बनवारी निवासी ललित कुमार पुत्र नागेन्द्र सिंह ने अपने तीन मोबाइल गुम होने के संबंध में दो अप्रैल को गुमशुदी दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना के दौरान इस मामले को मुकदमा अपराध संख्या 186/2026 धारा 303 (1) बीएनएस में तरमीम करते हुए ग्राम हबीबवाला के शातिर चोर व पशु तस्कर सादिक पुत्र सईद टूच्चा को नामजद किया था। पुलिस ने सादिक को गिरफ्तार कर उसके पास से एक मोबाइल व नकदी बरामद की है। बताया जाता है कि सादिक शातिर चोर है और इसके ऊपर पुलिस मेहरबान रहती थी। आसपास के ग्रामों में चोरी की वारदातों में इसका हाथ रहता था। लेकिन पुलिसकर्मी इसे नहीं पकड़ते थे और फीलगुड कर छोड़ देते थे। आरोप है कि इसके द्वारा पशु तस्करी भी की जाती थी।

### मंडावर में संजीव गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना मंडावर में पीड़िता ने तीस अप्रैल को तहरीर दी थी कि ग्राम रायपुर बैरीसाल निवासी संजीव कुमार पुत्र अतर सिंह ने उसके साथ बलात्कार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसके द्वारा शारीरिक शोषण किया गया। पुलिस ने धारा 64/351 (3)बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने संजीव कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

### अफजलगढ़ में कसीम गिरफ्तार

**बिजनौर।** अफजलगढ़ पुलिस ने नगीना के मौहल्ला मनिहारान निवासी कसीम पुत्र मौहम्मद राशिद को गिरफ्तार किया है। अफजलगढ़ के मौहल्ला मंझौली निवासी कसीम अहमद पुत्र शरीफ अहमद ने अभियुक्त के खिलाफ बेहद गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच



**चंदक।** संजीवनी क्लीनिक में भोला हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विभु शर्मा एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा त्रिपाठी ने मरीजों की जांच कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। कैंप में बी.पी., शुगर एवं अन्य सामान्य बीमारियों की नि:शुल्क जांच की गई। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को दवाइयां एवं उपचार संबंधी सुझाव भी दिए गए। इस स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में डॉ. निशांक शर्मा, डॉ. अभिजीत भारद्वाज एवं मुकुल शर्मा का विशेष सहयोग रहा। सभी ने मिलकर कैंप को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने इस स्वास्थ्य शिविर को बेहद उपयोगी बताते हुए भोला हॉस्पिटल की इस पहल की सराहना की। मरीजों ने कहा कि ग्राम के नजदीक विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच एवं परामर्श मिलने से उन्हें काफी राहत मिली। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### लू से बचाव को एडवाइजरी जारी

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने मौसम विभाग, उ.प्र. लखनऊ के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में दिनांक 28 मई से 30 मई तक तेज हवा, मेघगर्जन, वर्षा एवं वज्रपात (आकाशीय बिजली) की संभावना व्यक्त की गई है। इस संबंध में डीएम द्वारा जारी एडवाइजरी कि गई है। उन्होंने जनपदवासियों से कहा है कि खराब मौसम एवं वज्रपात के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें तथा प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करें। उन्होंने किसान बंधुओं का आह्वान करते हुए कहा कि खेतों में कार्य करते समय सतर्क रहें तथा मेघगर्जन होने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर शरण लें। आंधी-तूफान एवं वज्रपात के दौरान पेड़ों, खुले मैदानों, जलाशयों, बिजली के खंभों एवं मोबाइल टावरों के आसपास खड़ा होना अत्यंत जोखिमपूर्ण हो सकता है। ऐसे समय में पक्के भवन या सुरक्षित स्थान पर ही रहें। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों के पास स्मार्ट मोबाइल फोन उपलब्ध हैं, वे "दामिनी एप" डाउनलोड कर समय-समय पर प्राप्त होने वाली मौसम संबंधी सूचनाओं का पालन करें तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने की स्थिति में बिजली से चलने वाले उपकरणों का उपयोग बंद कर दें तथा तालाब, नदी, नहर आदि जल निकायों से दूर रहें। किसी भी आपात स्थिति, जनहानि अथवा क्षति की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं। आपदा संबंधी सहायता के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 1077 एवं 01342-262031 पर संपर्क किया जा सकता है। आग लगने की स्थिति में 112 अथवा 101 तथा चिकित्सीय सहायता हेतु 108 पर संपर्क करें।

## एक नजर

### भागूवाला का अनस गिरफ्तार

**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने ग्राम भागूवाला निवासी मौहम्मद अनस पुत्र नसीम अहमद को गौवध अधिनियम में गिरफ्तार किया है। इसके अलावा चौक बाजार निवासी तसलीम अहमद खान पुत्र गुलाम मुर्तजा खान की दुकान में चोरी के आरोप में दो किशोरों को पकड़ा गया है। उनके पास से नकदी भी बरामद की गई है।

### धामपुर का जिशान गिरफ्तार

**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने धामपुर के मौहल्ला बंदूकचियान निवासी जिशान पुत्र हिफजुर्रहमान को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किया गया बैटरा व बाइक बरामद की है। नजीबाबाद के मौहल्ला दरूदग्रान निवासी शाह आलम पुत्र बाबू ने दुकान से बैटरी चोरी करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत



**नगीना।** नगर में पड़ रही प्रचंड गर्मी और आसमान से बरसती आग के बीच आज अग्निशमन विभाग (फायर ब्रिगेड) की टीम ने मानवता और सेवा का एक अनूठा उदाहरण पेश किया। जहां एक ओर चिलचिलाती धूप और लू के कारण लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है, वहीं दूसरी ओर अग्निशमन विभाग के जवानों ने सड़क पर उतरकर राहगीरों की प्यास बुझाई। फायर स्टेशन के बाहर विशेष रूप से ठंडे शरबत का स्टॉल लगाया गया, यहां से गुजरने वाले बाइक सवारों, राहगीरों, मजदूरों और यात्रियों को रोक-रोककर ठंडा शरबत पिलाया गया। दोपहर के समय जब तेज धूप के कारण सड़कें सुनसान दिखाई दे रही थीं, तब अग्निशमन विभाग की इस पहल ने झुलसते लोगों को बड़ी राहत दी। राहत की यह फुहार पाकर राहगीरों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने विभाग के इस कार्य की जमकर सराहना की। आमतौर पर आगजनी की घटनाओं में लोगों की जान-माल की रक्षा करने वाले अग्निशमन दल ने इस बार एक अलग रूप में समाज की सेवा की। शरबत वितरण के इस पुनीत कार्य में अग्निशमन केंद्र नगीना के प्रभारी दीपक कुमार, चालक शरणवीर सिंह, फायरमैन बलराज सिंह, आबिद हुसैन, विकास कुमार, जाहिद, मोनू मलिक तथा होमगार्ड कुशलपाल, आदेश कुमार, अनस, जयप्रकाश और रोहित कुमार आदि ने सक्रिय योगदान दिया। नगीना अग्निशमन विभाग की यह मानवीय पहल न केवल राहगीरों के लिए सुकून देने वाली साबित हुई, बल्कि इसने समाज को सेवा और परोपकार का एक अमूल्य संद.श भी दिया।

### हादसे में बाइक सवार दो घायल

**हल्दौर।** ग्राम शेरपुर कल्याण निवासी नितिन पुत्र शौपाल तथा विपिन पुत्र मुन्नू सिंह आज शाम हल्दौर से अपने गांव वापस लौट रहे थे। इस दौरान बाल किशनपुर चौराहे से अट्टा मंदिर के बीच किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# महोबा कांड को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**पूर्व मंत्री ओमवती को दी गई श्रद्धांजलि**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस ने महोबा कांड को लेकर प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर बैठक हुई। जिसमें पूर्व सांसद एवं मंत्री स्व. ओमवती देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया गया। उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित की। इसके उपरांत उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जनपद महोबा की दलित छात्रा के साथ हुई अमानवीय घटना के विरोध में गहरा रोष व्यक्त किया गया। बैठक के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि महोबा जनपद की एक दलित छात्रा नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। कोचिंग से लौटते समय अपहरण कर 16 दिनों तक प्रयागराज में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। यह घटना अत्यंत निंदनीय, शर्मनाक एवं मानवता को झकझोर देने वाली है, जिसने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नि. चह्न खड़े कर दिए हैं। कांग्रेसजनों ने मांग करते हुए कहा कि इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कठोर से कठोर दंड दिया जाए तथा पीड़िता एवं उसके परिवार को सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

इस मौके पर शहर अध्यक्ष हुमायूं बैग, आर.के. सिंह, जावेद अंसारी, हाजी नसीम अंसारी, मीनू गोयल, ठाकुर गौतम सिसोदिया, अनिल त्यागी, मौहम्मद आरिफ खान एड., मौ. अकबर, मौ. सलीम, फारूख खान, सुकेश कुमार, विक्रम सिंह, शादिलाल मारवाड़ी, काजी आतिफ अली, चितवन शर्मा, रामपाल सिंह, योगेंद्र कुमार, हिमांशु देवड़ा, शहर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शारिक अली, महासचिव मौ. हनीफ, जाफर हसनैन, ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन कुमार, एड. खालिद अंसारी, ध्यान सिंह एड., राम रतन सिंह, रतिराम सिंह, हुक्म सिंह, हरिलाल, कुसुम, कुंवरपाल सिंह, अंकित कुमार, लोकेंद्र चौहान, शादाब अहमद, हरिराज सिंह आदि मौजूद थे।

# गंगा दशहरा और बकरीद को लेकर प्रशासन अलर्ट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एडीएम (प्रशासन) अंशिका दीक्षित ने गंगा दशहरा और ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को लेकर नगर पालिका बिजनौर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, जल निकासी, पेयजल और शांति व्यवस्था से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने नगर क्षेत्र में चल रहे नालों और नालियों की तलछट सफाई कार्य की समीक्षा की। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर में कुल 23 नालों की सफाई कराई जा रही है, जिसे 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कुछ स्थानों पर नालों से निकाली गई सिल्ट सड़क किनारे पड़ी मिलने पर एडीएम ने नारा. जगी जताई। उन्होंने तत्काल सिल्ट हटाने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सड़कों व नालों के किनारे कूड़ा या गाद जमा न रहने पाए। साथ ही आगामी बारिश को देखते हुए जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार पंप लगाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। साफ-सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड संख्या-19 पामरगंज (सब्जी मंडी) क्षेत्र में कूड़े के ढेर पाए गए। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सफाई कराने और कूड़े का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं वार्ड संख्या-09 सिविल लाइंस और वार्ड संख्या-29 बाजार शामा क्षेत्र में सफाई कार्य चलता मिला। अधिकारियों ने बताया कि नगर के सभी 32 वार्डों में रोस्टर के अनुसार फॉगिंग, कीटनाशक दवाओं और एंटी लार्वा छिड़काव का कार्य कराया जा रहा है।

एडीएम अंशिका दीक्षित ने नगर क्षेत्र में लगे वाटर कूलरों और हैंडपंपों की स्थिति का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि नगर में 81 वाटर कूलर और 695 हैंडपंप स्थापित हैं, जिनमें से 22 हैंडपंप खराब पाए गए हैं। इस पर एडीएम ने सभी खराब हैंडपंपों को तीन दिन के भीतर ठीक कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वाटर कूलरों के विद्युत कनेक्शन, अर्थिंग और आरओ फिल्टर की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके अलावा पेयजल की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच कराने और खराब पाइप लाइनों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। एडीएम ने सभी वार्डों में साफ-सफाई, जल निकासी, फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव की व्यवस्था प्रभावी रूप से संचालित रखने पर जोर दिया।

# आयुष समर्थकों के साथ आसपा में शामिल

## नूरपुर से विधायक पद के सबसे मजबूत उम्मीदवार पूर्व मंत्री पुत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व मंत्री एवं ठाकुर समाज के कद्दावर नेता रहे स्व. यशपाल सिंह के पुत्र आयुष चौहान ने आज अपने समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। नई दिल्ली स्थित आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के केंद्रीय कार्यालय में आज सैकड़ों समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की गई। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर ने उनका स्वागत किया।





प्राप्त समाचार के अनुसार कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय, भाईचारे एवं संविधान की रक्षा के संकल्प को और अधिक मजबूती देने पर बल दिया गया। पार्टी की विचारधारा एवं बहुजन समाज के उत्थान हेतु कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

गौरतलब है कि ठाकुर आयुष चौहान की छवि बेहद साफ-सुथरी है। वह युवाओं में सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में संघर्ष किया है। राजनीति उन्हें अपने पिता पूर्व मंत्री स्व. यशपाल सिंह से विरासत में मिली है। ठाकुर आयुष चौहान को नूरपुर क्षेत्र के भावी विधायक माना जा रहा है। उनके आसपा में शामिल होने से दूसरी पार्टियों के अन्य नेता परेशान है।

सांसद चन्द्रशेखर को रावण कहकर एक वीडियो में मजाक उड़ाने वाले नेता भी अपने पुत्र को नूरपुर सीट से चुनाव लड़वाना चाहते हैं। वह लोकदल के नेताओं के सम्पर्क में हैं। ठाकुर आयुष चौहान के मैदान में आने से बड़े-बड़े नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# लखनऊ के पास भीषण सड़क हादसा

## बिजनौर के दो युवकों की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गंज क्षेत्र स्थित ग्राम भोगनवाला के दो युवकों की लखनऊ के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे की सूचना गांव पहुंचते ही दोनों परिवारों में चीख-पुकार मच गई तथा पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम भोगनवाला निवासी रईस उर्फ मारुति माल ढुलाई का कार्य करता था। उसके पास बड़ा ट्रक (घोड़ा) था, जिसे वह किराये पर चलाता था। बताया गया है कि रईस बिहार से मक्का भरकर वापस लौट रहा था। इस दौरान गांव का ही जैनुल पुत्र मुश्ताक भी उसके साथ ट्रक में मौजूद था।

बताया जा रहा है कि आज तड़के जब उनका ट्रक लखनऊ के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक अन्य बड़े ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में मृतक रईस की उम्र करीब 38 वर्ष तथा जैनुल की उम्र लगभग 28 वर्ष बताई गई है। दुर्घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवारों को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार रईस मेहनत कर माल ढुलाई का काम करता था और अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। वहीं जैनुल भी उसके साथ काम पर गया हुआ था। दोनों की असमय मौत से गांव के लोग बेहद दुखी हैं।

## बासमती धान की उन्नत खेती पर प्रशिक्षण

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना में आज निर्यात योग्य बासमती धान की उत्पादन तकनीक एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आईआई एफएसआर, मेरठ और केव. ीके नगीना के वैज्ञानिकों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी डा. केके सिंह ने उन्नत किस्मों और प्राकृतिक खेती की तकनीक साझा की। वहीं डा. शिवांगी ने मृदा परीक्षण, हरी खाद के महत्व और धान की सीधी बुआई (DSR) तकनीक की जानकारी दी। मौके पर रोहित सैनी, पंकज कुमार और नसीरुद्दीन सहित कई प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

# जमीन के लिए दर-दर भटक रही वृद्ध महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** योगी सरकार में एक वृद्ध विधवा महिला को अपनी ही जमीन के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा। जिले के अधिकारी भी मदद करने को तैयार नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रदेश में गरीब महिलाओं, विधवाओं और कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने के लिए कठोर और संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल जैसी व्यवस्था इसी सोच का परिणाम है, जिससे आम नागरिक सीधे अपनी बात शासन तक पहुंचा सके। तहसील चांदपुर क्षेत्र में एक वृद्ध विधवा महिला की पीड़ा स्थानीय स्तर की लापरवाही में दबती दिखाई दे रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम धमरौला निवासी जगवती देवी जो एक वृद्ध एवं असहाय विधवा महिला हैं, ने अपनी मेहनत की कमाई से खसरा संख्या 140 में भूमि खरीदी थी। लेकिन आज वही महिला अपनी ही जमीन पर कब्जा मुक्त कराने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूर है। आरोप है कि विपक्षी द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा किया गया। धमकियां दी गई, और जब न्याय की उम्मीद में प्रार्थिनी ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की, तब बिना निष्पक्ष स्थलीय जांच के रिपोर्ट लगा दी गई। इतना ही नहीं, पुलिस की ओर से यह भी अंकित कर दिया गया कि इन्हें पुलिस सहायता नहीं चाहिए, जबकि पीड़ित महिला आज भी न्याय और सुरक्षा की गुहार लगा रही है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि यदि एक वृद्ध विधवा महिला की आवाज भी सही जांच तक नहीं पहुंच पा रही, तो आम ग्रामीण महिला न्याय की उम्मीद किससे करे। प्रदेश सरकार की मंशा स्पष्ट रूप से गरीबों और महिलाओं को न्याय दिलाने की है, लेकिन कुछ स्थानीय स्तर के कर्मचारी और अधिकारी अपनी लापरवाही एवं संवेदनहीन कार्यशैली से सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। यह मामला केवल एक जमीन विवाद नहीं, बल्कि एक असहाय महिला के सम्मान, सुरक्षा और न्याय की लड़ाई बन चुका है। अब देखना यह है कि क्या शासन प्रशासन एक वृद्ध विधवा महिला की पुकार सुनकर उसे न्याय दिलाता है, या फिर उसकी आवाज फाइलों और गलत रिपोर्टों में दबकर रह जाएगी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हंगामा

## भारी पुलिस बल रहा तैनात




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी एक युवती की बरामदगी के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने थाने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने युवती का मेडिकल परीक्षण कराकर उसे न्यायालय में बयान दर्ज कराने के लिए भेज दिया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीएचसी पर पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी ममता पत्नी मिसरी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 मई को वह अपने पति के साथ खेत पर गई हुई थीं। घर पर उनकी 18 वर्षीय पुत्री अकेली थी। आरोप है कि ग्राम निवासी चांद पुत्र उदल सिंह उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी तलाश के बावजूद युवती का कोई पता नहीं चलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी।

पुलिस ने रविवार को कथित प्रेमी युगल को बरामद कर लिया। युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और इसके बाद न्यायालय में बयान दर्ज कराने के लिए भेज दिया गया। युवती की बरामदगी की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर थाने पहुंच गए, लेकिन तब तक युवती को वहां से भेजा जा चुका था। इसके बाद परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और युवती से मिलने की मांग करने लगे। युवती के वहां भी नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए हंगामा किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सीएचसी परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया। बाद में थाना प्रभारी बिजेंद्र राठी ने परिजनों को समझाकर शांत कराया और उन्हें घर भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने नामजद तहरीर देने के साथ-साथ युवती की लोकेशन भी पुलिस को उपलब्ध कराई थी, लेकिन पुलिस ने समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की। उनका कहना है कि घटना के सदमे में युवती के 30 वर्षीय चाचा की मौत हो गई, जबकि उसका भाई मानसिक रूप से परेशान होकर संतुलन खो बैठा है।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि युवती बालिग है और उसे बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय भेजा गया है। न्यायालय में दिए गए बयान के आधार पर ही अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आर्य समाज में जिला विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आर्य समाज में जिला विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। वर्ग में स्वदेशी अर्थव्यवस्था, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया एवं संगठन विस्तार ब्लाक स्तर तक करते नए दायित्व दिए गए।

कार्यक्रम में क्षेत्र सह संयोजक कपिल नारंग उपस्थित रहे। उनके साथ प्रांत संयोजक प्रशांत महर्षि एवं सह प्रांत संयोजक सुधांशु विश्नोई ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालकविकास ने की। संच. ालन जिला संयोजक अजय वत्स द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता कपिल नारंग, क्षेत्र सह संयोजक' ने अपने उद्बोधन में कहा, स्वदेशी आंदोलन आज समय की मांग है। वैश्विक परिस्थितियों में भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है तो हमें उत्पादन, वितरण और उपभोग तीनों में स्वदेशी को अपनाना होगा। दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के विचारों को धरातल पर उतारने का समय आ गया है। प्रांत संयोजक प्रशांत महर्षि ने कहा, स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत हमारा लक्ष्य प्रत्येक जनपद में उद्यमिता को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण वर्ग ऐसे कार्यकर्ताओं का निर्माण करता है जो समाज में स्वदेशी की अलख जगाएं। जनपद में संगठन विस्तार हेतु समर्पित राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए गए। अमित गर्ग , जिला व्यापारी प्रमुख स्वदेशी व्यापारी मंच, अमित राजपूत हल्दौर जिला युवा प्रमुख, ब्लाक नूरपुर पवन अग्रवाल संयोजक, कपिल चौहान सह संयोजक, ब्लाक नहटौर टीकम सिंह चौहान संयोजक एवं आशुतोष सह संयोजक, ब्लाक हल्दौर नितिन राणा संयोजक , तुषार गोस्वामी सह संयोजक, ब्लाक किरतपुर आलोक रस्तोगी संयोजक घोषित किए गए। सह प्रांत संयोजक सुधांशु विश्नोई ने कहा, स्वदेशी केवल वस्तुओं का विषय नहीं, यह हमारी सोच और संस्कृति का विषय है। हमें विदेशी कंपनियों के विज्ञापनों के प्रभाव से निकलकर स्थानीय उत्पादों पर गर्व करना होगा। युवा वर्ग स्वदेशी स्टार्टअप की ओर बढ़े, यही आह्वान है। आगामी तीन माह की कार्ययोजना में विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व योग दिवस, बाजार संपर्क अभियान, विद्यालयों में स्वदेशी गोष्ठी एवं उद्यमी सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी को जीवन में अपनाने तथा जन-जन तक पहुंचाने , राष्ट्र हित मे ऊर्जा बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सतीश त्यागी (सह जिला संयोजक), कौशल शर्मा (जिला संपर्क प्रमुख), रीता शर्मा (जिला सह समन्वयक स्वाबलंबी भारत अभियान), दीपक अरोड़ा (नगर संयोजक) का सहयोग रहा। जितेंद्र चौधरी, राजकुमार गोयल, योगेंद्र पाल योगी,विनय तितोरिया, नवीन धारीवाल, सुधा राठी, नीतू अग्रवाल, बीआर पाल, ओम प्रकाश कौशल, राजेश अरोड़ा, हरवीर सिंह, मोहित राजपूत, विवेक नारायण, श्री संजय शर्मा, युवराज सिंह, अर्पण चौधरी आदि की उपस्तिथि रही।

# जैन समाज ने निकाला मौन जुलूस

## डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** श्री दिगम्बर जैन समाज के पदाधिकारियों द्वारा जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा को लेकर तीव्र रोष व्यक्त करते हुए जिला मुख्यालय पर मौन जुलूस निकाल कर डीएम को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में मध्य प्रदेश के रीवा में कथित दुर्घटना में दो जैन साध्वियों की मौत की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। मौन जुलूस बिजनौर जैन समाज के अध्यक्ष आशीष जैन के नेतृत्वमें जैन मंदिर से शुरू हुआ। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जैन समाज को समर्थन देते हुए जुलूस में भाग लिया। इस दौरान जैन समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि जैन साधु-संत निःस्वार्थ, अहिंसक एवं पैदल भ्रमण करने वाला जीवन व्यतीत करते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए। ज्ञापन में रीवा की घटना की एसआईटी अथवा न्यायिक जांच कराए जाने,सीसीटीवी फुटेज एवं डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। इसके अलावा जैन समाज ने संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहायता बढ़ाने, यातायात नियंत्रण एवं चेतावनी संकेतक लगाने की मांग भी रखी। साथ ही भारत सरकार से पैदल भ्रमण करने वाले जैन संतों के लिए राष्ट्रीय स्तर की सुरक्षानीति एवं दिशा-निर्देश लागू करने का अनुरोध किया गया है। जैन समाज के लोगों ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को गंभीरता से प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

जुलूस में सुमित जैन, अशोक कुमार जैन भट्टे वाले, शोभित कुमार जैन, प्रदीप जैन,अमित जैन, मुकेश जैन, अनिता जैन अध्यक्ष महिला जैन मिलन, दीपाली जैन, ऋतु जैन परिधान, कमलेश जैन, नीता जैन जितेंद्र चौधरी, मनोज शर्मा, पीयूष मित्तल, प्रशांत महर्षि, भूदेव चौहान आदि शामिल रहे।


## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद

**सेवा में,**
**उपजिलाधिकारी, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

**विषयः- संस्था जिया मस्जिद इन्तजामिया कमेटी, मौजा भवानीपुर उर्फ जिक्रीवाला, पोस्ट अफजलगढ़, जिला बिजनौर के पंजीकरण हेतु जांचोपरान्त प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक संस्था के पंजीकरण हेतु आनलाइन आवेदन के साथ स्मृतिपत्र, नियमावली, शपथपत्र व शुल्क प्रस्तुत किया गया है। स्मृतिपत्र की फोटो प्रति पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि कृपया अपने स्तर से निम्न बिन्दुओं पर जांच आख्या/प्रमाण पत्र इस कार्यालय को दो सप्ताह के अन्दर प्रेषित करने करा कष्ट करें, जिससे संस्था का पंजीकरण निर्धारित समयावधि अन्दर किया जा सके-

1. स्मृतिपत्र में दर्शायी गयी कमेटी द्वारा सोसाइटी का संचालन किया जा रहा है अथवा नहीं। 2. संस्था की सम्पत्ति को लेकर कोई प्रबन्धकीय विवाद तो नहीं है। 3. संस्था की क्या चल/अचल सम्पत्ति पर स्मृतिपत्र में अंकित प्रबन्ध समिति का स्वामित्व है अथवा नहीं? 4. संस्था की सम्पत्ति राजस्व अभिलेखों में किसके नाम दर्ज है तथा प्रशासन को संस्था के पंजीकरण कराने में कोई आपत्ति तो नहीं है। 5. संस्था की सम्पत्ति सार्वजनिक स्थान पर स्थापित तो नहीं है।

अवगत कराना है कि संस्थाओं के पंजीकरण के सम्बंध में शासन के पत्र संख्या-आडिट-2-23/दस-2020-603 (31)2019 दिनांक 01.05.2020 (छायाप्रति संलग्नक) के माध्यम से संस्था के पंजीकरण के संबंध में अधिकतम 30 दिन के भीतर निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये है। अतः अवगत कराना है कि यथाशीघ्र सभी बिन्दु पर बिन्दुवार स्पष्ट जांच आख्या उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे संस्था के पंजीकरण के सम्बंध में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

**( आनन्द विक्रम सिंह )**
**सहायक निबन्धक**

## सम्बंध विच्छेद सूचना

हमारी पुत्री दिव्या कुमारी ने गलत आचरण व गलत प्रभाव के कारण हमारी मर्जी के बिना विभोर कुमार के साथ जाकर शादी कर ली है। विभोर कुमार शराब व नशे का आदी है। हमने अपनी पुत्री को बहुत समझाया, लेकिन उसने हमारी नहीं सुनी। दिव्या कुमारी की हरकत के कारण हमारी समाज में बहुत बेइज्जती हुई है। इसलिए हमने अपनी पुत्री दिव्या कुमारी से पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त करके उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी क्रिया कलाप से हमारा व हमारे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नहीं है। **दिनेश कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह, पिंकी पत्नी दिनेश कुमार, निवासी ग्राम मुस्तफापुर भूरापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर**


# आपत्तिजनक पोस्ट पर चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ईद-उल-अजहा से पहले सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शांति भंग में चालान कर दिया। जबकि व्यक्ति की जमानत निरस्त कर जेल भेज दिया है।

मौहल्ला तराई निवासी आरिफ ख्वाजा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुर्बानी से जुड़ा एक संदेश और चित्र साझा किया था। जिसे लेकर कुछ लोगों ने पोस्ट से धार्मिक भावनाएं आहत होने की बात कही थी। मामले की जानक. ारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई और जांच शुरू कर दी। उपनिरीक्षक मोहित चौधरी की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ भी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री से धर्म के आधार पर वैमनस्य फैलने की संभावना थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की गई ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी आरिफ ख्वाजा पुत्र वासिल के विरुद्ध विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। वहीं पुलिस ने आरिफ ख्वाजा को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया था। लेकिन एसडीएम ने जमानत निरस्त कर पांच दिन के लिए जेल भेज दिया है।


## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय हरपुर में चिन्हित एक कक्ष मूल्यांकन (33900/-) तथा क.वि. रायपुर खादर में चिन्हित 01 कक्ष मूल्यांकन (133500/-) की नीलामी दिनांक 25-05-26 को नहीं हो सकी। अत : द्वित्तीय प्रयास में निर्धारित मूल्यांकन के 10 प्रतिशत कम पर प्रा. वि. हरपुर में चिन्हित 01 कक्ष तथा क. वि. रायपुर खादर में चिन्हित 01 कक्ष की नीलामी दिनांक 01 जून 2026 को प्रातः 9 बजे प्राथमिक विद्यालय हरपुर पर सामूहिक रूप से आयोजित की जाएगी। नीलामी में शामिल होने वाले प्रतिभागी अपने मूल आधार कार्ड सहित उपस्थित होंगे।

नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने हेतु चिन्हित कक्ष की भौतिक स्थिति स्वयं ही जांचे व प्रक्रिया में भाग ले। नीलामी के अन्य नियम व शर्तें नीलामी स्थल पर प्रक्रिया से पूर्व ही घोषित की जाएगी।

**नोट** - नीलामी प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर निर्णय का सर्वाधिकार, स्थगित करने या निरस्त करने आदि का समिति के अध्यक्ष में अंतर्निहित है।

**प्रधानाध्यापक**
**प्रा. वि. हरपुर / क. वि. रायपुर- खादर**
**विकास क्षेत्र जलीलपुर ( बिजनौर )**

## कार्यालय - नगर पालिका परिषद, बिजनौर ( जनपद बिजनौर )

संख्याः- 32/ ई-निविदा/न.पा.परि.बि./ 2026-27 दिनांक :- 25/05/2026

### ई-निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय पत्र संख्या-1143/21-एल.बी.सी. -2025 दिनांक 19.05.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत **15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु बुनियादी अनुदान ( द्वितीय किश्त ) की प्राप्त धनराशि की कार्ययोजना से विकास/निर्माण कार्य करवाना चाहती हैं।** उक्त रजिस्ट्रर्ड ठेकेदार/फर्म से निविदायें दिनांक 26-05-2026 से दिनांक 15-06-2026 तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 15-06-2026 तक उपलब्ध रहेगी। जहां से इसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 15-06-2026 की सायं 5.00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in इन पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं। जो दिनांक 16-06-2026 को प्रातः 11.00 बजे सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| Tender Refrence | 129/ET-NPPB/2026-2027 |
| Publish date and time for Ref. | 26-05-2026 को सायं 05:00 बजे तक। |
| Last date and time for Submission of E-Tender | 15-06-2026 को सायं 05:00 बजे तक। |
| Date and time of opening E-Tender | 16-06-2026 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे तक। |
| Place of opening E-Tender | Executive Officer Npp Bijnor. |
| E-Tender security | 10% of Tender Value. |
| E-Tender Document processing | As per E-Tender List. |

**नोटः**- धरोहर राशि/टेण्डर मूल्य तथा सम्बन्धित दस्तावेज के किसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। यहां यह भी अवगत कराना है कि निविदा डालने से पूर्व समस्त नियम व शर्तें भली-भांति जान लें, किसी भी त्रुटि के लिये पालिका जिम्मेदार नहीं होगी। समस्त निविदाएं अथवा किसी एक निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**( विकास कुमार )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

**( इन्दिरा सिंह )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**


## विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

**नूरपुर।** कद्दावर नेता सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने अपने निवास पर क्षेत्र के लोगों की समस्यायों को सुना। क्षेत्र के लोगों ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए बिजली कटौती का मामला जोर शोर से उठाया। जिसको लेकर विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने तुरंत बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन कर बिजली कटौती को सुचारू रूप से ठीक करने को कहा। जिसको लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों ने सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी को भरोसा दिलाया कि बिजली कटौती नहीं, बिजली की समस्या को ठीक किया जायेगा। क्षेत्र की समस्या को सुनकर सपा विधायक दिनभर अधिकारियों को फोन करते नजर आए। क्षेत्र की जनता की समस्या हल होने पर विधायक राम अवतार सिंह सैनी की तारीफ भी करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझे अपना सेवक बनाकर विधानसभा में विधायक बनाकर भेजा है। मैं क्षेत्र की जनता के लिए चौबीस घंटे काम करने के लिए तैयार हूं। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता हाजी जियाउद्दीन अंसारी, सपा के विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद, जुल्फकार कुरैशी, महाराज सैनी, वरिष्ठ सपा नेता सरफराज सिद्दीकी, अबरार अहमद मलिक, गंगा राम सैनी आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद-बिजनौर )**
संख्याः 31/न.पा.परि.बि. /2026-27 दिनांकः- 25.05.26
**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916**

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-383/1 मौहल्ला चाहशीरी बी-21, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री नाजिम रशीद पुत्र श्री अब्दुल गफ्फार खान के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा बैनामा श्री आदिल रशीद खां पुत्र श्री अब्दुल गफ्फार खां को किया गया है, बैनामा व शपथ पत्र एवं आई. डी. प्रुफ की छायाप्रति तथा श्री नाजिम रशीद पुत्र श्री अब्दुल गफ्फार खान द्वारा त्रुटिवश नगर पालिका परिषद में नाम दर्ज होने हेतु शपथ पत्र संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाज़ा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी श्री आदिल रशीद खां पुत्र श्री अब्दुल गफ्फार खां का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद-बिजनौर )**
संख्याः 23/न.पा.परि.बि. /2026-27 दिनांकः- 23.05.26
**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916**

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-719 मौहल्ला सिविल लाईन प्रथम, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्रीमती स्नेहलता गर्ग पत्नी श्री देवेन्द्र कुमार गर्ग के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा बैनामा श्रीमती रामेश्वरी देवी पत्नी श्री राजपाल सिंह के हक में किया है, बैनामा एवं शपथ-पत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाज़ा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी श्रीमती रामेश्वरी देवी पत्नी श्री राजपाल सिंह का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद-बिजनौर )**
संख्याः 26/न.पा.परि.बि. /2026-27 दिनांकः- 23.05.26
**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916**

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-418 मौहल्ला नई बस्ती बी-23, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री राजपाल सिंह पुत्र रूप्पा सिंह के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में आवेदक श्री जगदीश पुत्र हरकेश निवासी मौ. नई बस्ती बी-23, बिजनौर के द्वारा बैनामे व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाज़ा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# युवक की करंट से मौत





## दिल्ली से शव घर पहुंचते ही मची चीख-पुकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** स्थानीय युवक की दिल्ली में करंट लगने से मौत हो गई। ईद से तीन दिन पहले हुई युवक की मौत से खुशियां मातम में बदल गई और परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला शेखान निवासी शुएब (22 वर्ष) पुत्र नफीस अहमद दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में अपने मामा की चिकन की दुकान पर काम करता था। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन की तरह वह रविवार को भी दुकान पर ग्राहक के लिए मुर्गा पैक करने के लिए वहां रक्खी लोहे की अलमारी से पॉलीथिन निकाल रहा था, उसे अचानक तेज करंट लग गया। करंट लगते ही वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने बिजली सप्लाई बंद कर उसे बचाने का प्रयास किया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजन तत्काल दिल्ली के लिए रवाना हो गया। आज शाम युवक शव घर पहुंचते ही परिजनों सहित मौहल्ले व आसपास के लोगों मे चीख पुकार मच गई। शुएब की असमय हुई मौत से मौहल्ले में शोक का माहौल है। समाचार लिखे जाने तक उसका दफिना नहीं हो पाया था।

# आलमपुर गांवड़ी में मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत बैठक

## डीएम ने व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अफजलगढ़ ब्लॉक के ग्राम आलमपुर गांवड़ी में 30 मई को सीएम के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ करें तथा सौंपे गए कार्यों की प्रगति से समय-समय पर अवगत कराते रहें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्वीकृत पत्र आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्हें सुव्यवस्थित रूप से स्टेज पर लाने और जिन योजनाओं एवं परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा, उनकी सूची विभागवार एवं पूर्ण विवरण के साथ तैयार करना सुनिश्चित करें, जिससे समय पर किसी भी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न न होने पाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल का नियमित निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान हेलीकॉप्टर लेंडिंग, सभास्थल, प्रेस गैलरी, सैफ हाऊस, पार्किंग आदि स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था साहित सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण मानक के आधार पर तैयार करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निद. ेशक डीआरडीए दिनकर भारती, लोनिवि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत, कृषि तथा अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### साधु-साध्वियों की सुरक्षा को सौंपा ज्ञापन



**धामपुर।** महिला जैन मिलन 'अरिहन्त' शाखा ने रीवा, मध्य प्रदेश में जैन साध्वियों के पद विहार के दौरान हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा के माध्यम से भेजा। ज्ञापन में बताया गया कि तेज रफ्तार कार की टक्कर से जैन आर्यिका श्री श्रुतमती माता. जी एवं श्री उपशममती माताजी का आकस्मिक निधन हो गया। जिससे जैन समाज में भारी आक्रोश और शोक व्याप्त है। महिला जैन मिलन की अध्यक्ष भावना जैन एवं मंत्री सीमा जैन ने मांग की कि देशभर में पद विहार कर रहे जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल लागू किया जाए। साथ ही दुर्घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। ज्ञापन देने वालों में पूर्व सांसद डा. यशवंत सिंह, उदित जैन, नमन जैन, ऋषभ जैन, दीपक जैन, मनोज जैन, निखिल जैन, आयुष जैन, अध्यक्ष भावना जैन एवं मंत्री सीमा जैन, ममता जैन, राखी जैन, गीता जैन, अर्चना जैन आदि शामिल रहे।

### दिशा में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव



**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आज कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, एकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य फार्मेसी डा. विमल कुमार भारती, प्राचार्य इंस्टीट्यूट डा. दुष्यंत कुमार जैन, मयंक शर्मा एवं गोनू कुमार द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करके किया गया। इस मौके पर देश की प्रतिष्ठित फार्मास्यूटिकल कम्पनी की चयन टीम ने विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए। प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 105 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत तकनीकी साक्षात्कार एवं कौशल आधारित इंटरव्यू आयोजित किए गए। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कम्पनी से आए प्रतिनिधियों द्वारा 25 विद्यार्थियों को इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के लिए चयनित कर लिया गया। महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल ने चयनित एवं प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के लिए निरंतर प्रयासरत है। मयंक शर्मा ने कहा कि दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, धामपुर के विद्यार्थियों में तकनीकी ज्ञान, आत्मविश्वास एवं सीखने की अच्छी क्षमता देखने को मिली। डा. समीर अहमद, प्लेसमेंट सहायक जितेंद्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक गौरव मलिक, महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी जीत सिंह, मोनू कुमार, जौली चौहान, ललित कुमार, सुनैना राजपूत, संजना राजपूत एवं संदीप विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

### तालाब मरम्मत कार्य में अनियमितता का आरोप



**हल्दौर।** मौहल्ला अल्लाहवाला स्थित तालाब की चाहरदीवारी और मरम्मत कार्य को लेकर आज रालोद कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी और मानकों के विपरीत कार्य कराने का आरोप लगाया। मौहल्ला अल्लाहवाला की वार्ड संख्या चार में खसरा नंबर 1117 पर लगभग तीन बीघा क्षेत्रफल में तालाब स्थित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ माह पूर्व नगर पालिका द्वारा तालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया था। आरोप है कि कार्य के दौरान खसरा नंबर 142 स्थित मार्ग की खुदाई कर दी गई, लेकिन बाद में रास्ते की समुचित मरम्मत नहीं कराई गई। साथ ही तालाब की दीवारों पर कराई गई लिसाई और मरम्मत कार्य भी मानकों के अनुरूप नहीं हुआ। इस मुद्दे को लेकर रालोद नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता नगर पालिका पहुंचे और निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि घटिया कार्य के चलते सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। कार्यकर्ताओं ने पालिका ईओ सीमा वर्मा और पालिका चेयरपर्सन विमला देवी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। रालोद नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों और मुख्यमंत्री स्तर तक की जाएगी। ईओ ने शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया। इस दौरान नरेंद्र चौहान, डा. चंचल, भोले चौहान, संजीव चौहान, भूरे चौहान और पप्पू चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 110 मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

**नांगल सोती।** ग्राम सबलपुर बीतरा स्थित नैशनल पब्लिक स्कूल में जमीअत उलामा शाख कामराजपुर के सौजन्य से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में हाल ही में 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 110 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान इन मेधावी विद्यार्थियों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में मुफ्ती उवैस अकरम (अध्यक्ष, जमीअत उलेमा बिजनौर), मुफ्ती शमसुद्दीन (महासचिव, जमीयत उलेमा बिजनौर), मौलाना तय्यब कासमी (सचिव, जमीअत उलेमा पश्चिमी उ.प्र.), जिला पंचायत सदस्य हाफिज यूनुस, अनीस विशाल अंसारी एड., रुकैय्या अंसारी, सलीम अहमद, ग्राम प्रधान पति अब्दुल हक और पूर्व ग्राम प्रधान शहाबुद्दीन जैसे गणमान्य व्यक्ति अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों के जीवन में समय पालन के महत्व पर जोर दिया और उन्हें समय व्यर्थ न गंवाने की सलाह दी। उन्होंने सभी सम्मानित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाकियू भानु के युवा जिला अध्यक्ष अचल शर्मा भी इस मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों की सफलता को उनके माता-पिता, गुरुजनों और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया।

# रोडवेज बस की टक्कर से दंपति व मासूम बच्ची घायल



## घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार दंपति और उनकी मासूम बेटी घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल व्यक्ति को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना धामपुर क्षेत्र के ग्राम नंगला गन्ना उर्फ करनावाला निवासी कुमार सेन (37 वर्ष) पुत्र केशव सेन अपनी पत्नी बबीता और 12 वर्षीय बेटी सुनैना के साथ धामपुर आए थे। बताया जा रहा है कि वह मोबाइल ठीक कराने के लिए नगर पहुंचे थे। काम पूरा होने के बाद जब परिवार बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था, तभी दुर्गा विहार कॉलोनी के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार परिवार सड़क पर जा गिरा और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में कुमार सेन गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी पत्नी बबीता और बेटी सुनैना को भी चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद कुमार सेन की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार किया गया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में तेज रफ्तार वाहनों को लेकर नाराजगी भी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है।

बताया जा रहा है कि हादसे की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# ईद से पहले बिजली संकट पर गरजे विवेक सेन



## समस्याएं नहीं सुधरीं तो आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और विभागीय कार्यशैली से नाराज सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिनिधि विवेक सेन ने आज विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से मुलाकात की और जनसमस्याओं के तत्काल समाधान की मांग उठाई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि आगामी ईद पर्व के दौरान बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कटौती स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ, तो आसपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

आज सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन अपने समर्थकों के साथ विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अधीक्षण अभियंता (एसई) सतीश कुमार से मुलाकात कर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में आम जनता पहले से ही गर्मी से बेहाल है, ऐसे में लगातार बिजली की ट्रिपिंग और अघोषित कटौती ने लोगों का जीवन और अधिक मुश्किल बना दिया है। कई क्षेत्रों में निर्धारित समय से कहीं अधिक देर तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विवेक सेन ने कहा कि आगामी दिनों में ईद-उल-अजहा का पर्व है, जिसे लेकर मुस्लिम समुदाय में तैयारियां चल रही हैं। ऐसे में त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना बिजली विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ईद जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर यदि बिजली कटौती की गई, तो जनता में भारी नाराजगी उत्पन्न होगी। उन्होंने क्षेत्र के बुनकरों की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि धामपुर और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बुनकर कार्यरत हैं, जिनका रोजगार बिजली पर निर्भर है। लगातार ट्रिपिंग और कटौती के कारण उनके कामकाज पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

सांसद प्रतिनिधि ने विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उपभोक्ता बिजली संबंधी समस्याओं की जानकारी लेने के लिए अधिकारियों या कर्मचारियों को फोन करते हैं तो कई बार फोन उठाया तक नहीं जाता। यदि फोन रिसीव किया भी जाता है तो उपभोक्ताओं को संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात कुछ लाइनमैनों पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि विभाग को अपने कर्मचारियों के व्यवहार में सुधार लाना चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार हो सके। विवेक सेन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिजली व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं किया गया, ट्रिपिंग की समस्या समाप्त नहीं हुई और उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान नहीं हुआ, तो आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों ने सांसद प्रतिनिधि को समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए व्यवस्था में सुधार का भरोसा दिलाया। अब क्षेत्रीय जनता की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि विभाग अपने आश्वासन पर कितना खरा उतरता है।

# पशुओं में बीमारी से पशुपालक चिंतित

**नांगल सोती।** भीषण गर्मी से पशुओं में अफारा और बुखार की बीमारी फैल रही है। उपचार के बाद भी पशुओं की सेहत में सुधार न होने से पशुपालक चिंतित हैं। ग्राम हरचंदपुर, मायापुरी, चमरौला, सौफतपुर, महमसापुर, जीतपुर, शहजादपुर में इन दिनों भीषण गर्मी के कारण पशुओं में अफारा व बुखार की बीमारी ने पैर पसार रखे हैं। पशुपालकों दिनेश कुमार, राजवीर, देवेंद्र सिंह, राजीव कुमार का कहना है कि बीमारी की चपेट में आए पशु चारा नहीं खा रहे हैं। दुधारू पशुओं का दूध सूख रहा है। उपचार कराने के बाद भी पशुओं की सेहत में कोई सुधार नहीं हो रहा है। पशुपालकों का कहना है कि राजकीय पशु चिकित्सालय नांगल सोती पर कोई चिकित्सक तैनात न होने के कारण प्राइवेट चिकित्सकों से उपचार कराने को मजबूर है। जिससे पशुपालक चिंतित है। पशुपालकों ने पशुपालन विभाग से क्षेत्र में शिविर लगाकर पशुओं का उपचार कराने की मांग की है।

# फादरसन में तीन दिवसीय माइक्रो टीचिंग सत्र

## शिक्षकों ने नई शिक्षण विधियां और प्रभावी कक्षा प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं को सीखा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय माइक्रो टीचिंग सत्र का आयोजन किया गया। सभी शिक्षकों ने पूरे आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ अपनी प्रस्तुति दी तथा एक-दूसरे से नई शिक्षण विधियां, तकनीकें और प्रभावी कक्षा प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं को सीखा।

सत्र के दौरान शिक्षकों ने विषय प्रस्तुतीकरण, भाषा कौशल, विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के उपाय तथा आधुनिक शिक्षण तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया। कार्यक्रम में सहयोग, सीखने की भावना और सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली। प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने सभी शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के आत्मविश्वास और शिक्षण गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को आगे भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। माइक्रो टीचिंग सत्र का पहला दिन शिक्षकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक और यादगार रहा।

# राकेश टिकैत का जोरदार स्वागत



**चांदपुर।** भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का चांदपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। चांदपुर तहसील अध्यक्ष नितिन राणा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों, नागरिकों ने उनसे मुलाकात की और फूल मालाओं से स्वागत किया। यूनियन तहसील कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, नगर अध्यक्ष मौहम्मद आशिक उर्फ बब्बू शेख, हिमांशु चिल्लर, ब्लॉक अध्यक्ष जलीलपुर चौधरी कल्याण सिंह, सईद अहमद, बिलाल अहमद, शाहरुख अहमद व बड़ी संख्या में किसान संगठन के लोगों ने राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ ने बताया कार्यक्रम जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, रजनीश अहलावत, मोनू प्रधान, नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, अरुण कुमार ब्लॉक अध्यक्ष हल्दौर, नूरपुर नगर अध्यक्ष कफील सैफी, डा. शमीम राही, जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह, जिला सचिव हरीराज सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अपने स्वागत के पश्चात् राकेश टिकैत ने कहा कि किसान यूनियन भारत के हर किसान की यूनियन है। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से आह्वान भी किया और सभी का आभार धन्यवाद करते हुए संगठन के मजबूती पर कार्य करने की अपील की।

# शेरकोट नुमाइश में खुलेआम अश्लीलता

## खेल और इनामी स्कीम के नाम पर खुलेआम चल रहा जुआ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** प्रशासन की नाक के नीचे नुमाइश में खुलेआम अश्लीलता व जुआ परोसा जा रहा है। नुमाइश में हो रही गुंडागर्दी के बावजूद प्रशासन गंभीर नहीं है। साथ प्रशासनिक शर्तों का उल्लंघन कर ठेकेदार द्वारा मनमानी करने से लोगों में आक्रोश है।

मालूम हो की नगर में चल रही नुमाइश इन दिनों अव्यवस्थाओं और विवादों को लेकर चर्चा में है। इसमें पहुंचने वाले अधिकांश लोग असहज माहौल की शिकायत कर रहे हैं। यहां अश्लील कार्यक्रमों के प्रदर्शन तथा खेल के नाम पर खुलेआम जुए जैसी गतिविधियां संचालित होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आयोजन में नियम-कायदों की अनदेखी की जा रही है और अव्यवस्थाओं का बोलबाला नजर आ रहा है।

नुमाइश में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर मारपीट की घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिनकी वीडियो और चर्चाएं सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

मेले की सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक मानकों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप हैं कि देर रात तक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिससे परिवारों और महिलाओं के लिए असहज माहौल बन रहा है। वहीं खेल और इनामी स्कीम के नाम पर धनराशि लगवाने (जुआ) जैसी गतिविधियों को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। नियमों के अनुसार किसी भी मेले या प्रदर्शनी में सुरक्षा प्रबंध, अग्निशमन व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और प्रशासन द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन आवश्यक होता है। लेकिन लोगों का आरोप है कि नुमाइश में कागजों में दर्शाए गए प्रबंध धरातल पर नजर नहीं आ रहे और प्रशासनिक शर्तों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर अश्लील प्रदर्शन और जुआ गतिविधियां कानून के दायरे में आती हैं, जिन पर कार्रवाई का प्रावधान है। नगर के लोगों ने प्रशासन से मेले में संचालित गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

नुमाइश लगने से पूर्व ही एक महिला ने उच्चाधिकारियों को शिकायत पत्र देकर इस विवादित निजी संपत्ति पर कथित रूप से अवैध नुमाइश (मेला) लगाने का आरोप लगाकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि विपक्ष बिना किसी वैध अनुमति के जबरन मेला आयोजित करने की कोशिश करने का आरोप लगा चुका है।

# विकास के नक्शे पर सम्भल बनेगा अब नम्बर वनः ब्रजेश पाठक

### उपमुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, जिला अस्पताल का किया निरीक्षण 2027 में फिर एनडीए की सरकार बनने का दावा, सिंदूर वाटिका व यमतीर्थ का किया भ्रमण, सिंदूर वाटिका में प्रतीकातमक राफेल का किया लोकार्पण, विपक्ष पर रहे हमलावर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सोमवार को सम्भल का दौरा करने पहुंचे। असमोली विकास खंड के ग्राम असमोली में सचिवालय का निरीक्षण कर भाजपा के एकता विहार कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरा। जबकि विकास, सांस्कृतिक विरासत और 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा संदेश दिया। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका बुके व धार्मिक प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। जबकि बैठक की शुरूआत से पूर्व वंदे मातरम का गायन किया। जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू के संक्षिप्त सम्बोधन के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सम्भल को विकास के मामले में पहले स्थान पर बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि एक समय में सम्भल विकास की दौड़ में पीछे था, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सम्भल तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए विपक्ष पर भी तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति के कारण सम्भल को लंबे समय तक पीछे रखा गया, लेकिन अब गरीब कल्याण योजनाओं के जरिए हर वर्ग तक विकास पहुंचाया जा रहा है। चाहें प्रधानमंत्री आवास योजना हो या फिर आयुष्मान भारत तथा उज्ज्वला योजना और किसान सम्मान निधि व पीएम स्वनिधि आदि योजनाओं का जिक्र करते हुए कार्यकर्ताओं से जन-जन तक पहुंचाने पर ज़ोर दिया। भयंकर गर्मी तथा नौतपा के चलते उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने के साथ जरूरी होने पर ही घर से निकलने की भी अपील की। बैठक में पूर्व जिलायक्ष ओमवर खड़गवंशी, पूर्व मंत्री अजीत कुमार राजू यादव, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंहल, पूर्व सांसद प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, नामित सभासद व पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सय्यद शान अली, ओमप्रकाश, प्रीतम शर्मा, सौरभ गुप्ता, कशिश कौशल, बहजोई के चेयरमेन राजेश शंकर राजू सहित अनेको भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल का निरीक्षण अस्पताल में व्यवस्थाओं को परखा। जबकि शंकर चौराहे पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हल्लू सराय स्थित यमतीर्थ स्थल का भ्रमण किया। यहां मौजूद डीएम और एसपी ने समेत स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। सम्भल दौरे के दौरान चौधरी सराय स्थित सिंदूर वाटिका का लोकार्पण किया और ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर बनी इस वाटिका में भारत का नक्शा और फाइटर विमान का मॉडल आकर्षण का केंद्र बना। गलोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में मीडिया से वार्ता के दौरान में बृजेश पाठक ने कहा कि यह वाटिका भारत की दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने की ताकत और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने दावा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में एक बार फिर एनडीए की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता गुंडाराज नहीं भूली है और महिलाएं महिला आरक्षण विधोयक का विरोध करने वालों को कभी माफ नहीं करेंगी। गठबंधन को सवाल पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर 2027 में एक बार फिर से जीत दर्ज करेगी।



सम्भल। भ्रमण पर आय उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बच्चों से सवाल कर कैलों का वितरण करते



सम्भल। भाजपा कार्यालय पर स्वागत करते चेयरमेन नगर पंचायत सिरसी कौसर अब्बास



सम्भल। समस्या का निराकरण न होने पर त्याग पत्र के प्रार्थना पत्र पर मुस्कुराते ब्रजेश पाठक

## भाजपा से त्यागपत्र देने के प्रार्थना पत्र पर मुस्कुराये उपमुख्यमंत्री

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** काफी दूर राशन दुकान की समस्या का समाधान न होने से क्षुब्ध सभासद पति का सब्र जवाब दे गया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के पास पहुंचे सभासद पति ने उन्हे शिकायती पत्र सौंपते हुए कहा कि भाजपा का परम्परागत वोटर सैनी समाज को राशन दुकान काफी दूर होने से अनेको परेशानियों का सामना हो रहा है। राशन दुकान करीब में लाने को पार्टी पदाधिकारियों के साथ उच्चाधिकारियों तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनका समाधान नहीं हो पा रहा है। सभासद पति प्रमोद सैनी ने उपमुख्यमंत्री को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें उन्होने भाजपा के परम्परागत वोटरों की समस्या का समाधान न होने पर त्यागपत्र देने का उल्लेख किया। जिसे पढ़कर उपमुख्यमंत्री मुस्कुराये और भरोसा दिलाया।

## प्रेम-प्रसंग में उकसावे से आग लगाने से हुई थी महिला की मौत

### ○पुलिस ने किया खुलासा आरोपी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सम्भल/बहजोई।** गुन्नौर थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला की मौत नहीं बल्कि प्रेम प्रसंग और आपसी रंजिश के चलते महिला को आग लगाने के लिए उकसाया गया था, जिसके बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक 18 मई 2026 को अमरीश निवासी गोकलपुर थाना रामघाट जनपद बुलंदशहर ने थाना गुन्नौर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि श्यौराज नामक व्यक्ति ने अपने एक साथी के साथ मिलकर उसकी बहन श्रीमती अनेकश्री (36) के घर में घुसकर तेल डालकर आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गईं। उपचार के दौरान दिल्ली के अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद थाना गुन्नौर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। प्लीज अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने तकनीकी और मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच की। विवेचना में सामने आया कि मृतका अनेकश्री का गांव निवासी कल्याण पुत्र रामरतन से प्रेम प्रसंग था। पुलिस के अनुसार मकान निर्माण को लेकर हुए विवाद के बाद मृतका ने कल्याण से शिकायत की थी। आरोप है कि कल्याण ने बदले की भावना से महिला को अपने कपड़ों पर डीजल डालकर आग लगाने के लिए उकसाया, ताकि दूसरे पक्ष को फंसाया जा सके। पुलिस के अनुसार 17/18 मई की रात करीब 3:30 बजे महिला ने अपने कपड़ों पर डीजल डालकर आग लगा ली। आग अधिक फैलने से वह गंभीर रूप से झुलस गईं। पहले उन्हें अलीगढ़ और बाद में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में विवेचना के बाद पूर्व में दर्ज धाराओं को हटाकर धारा 108 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी कल्याण पुत्र रामरतन निवासी रसूलपुर थाना गुन्नौर को रविवार सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार आरोपी पर पहले भी मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक संदीप कुमार, उपनिरीक्षक अमित कुमार, हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह और कांस्टेबल अजय कुमार शामिल रहे।



सम्भल-जलकर मरी महिला के मामले का खुलासा करते पुलिस अधिकारी।

## सफाई और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मनाएं ईदे अदहाः कासमी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** ईद-उल-अजहा से पहले सरायतरीन की जामा मस्जिद दरबार के इमाम मुफ्ती रियाज उल हक कासमी ने मुस्लिम समाज से शरीअत, सफाई और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत को जिंदा करने का त्योहार है और इसका असली पैगाम अल्लाह के हुक्म के आगे पूरी तरह झुक जाना है। मुफ्ती रियाज उल हक कासमी ने कहा कि जब अल्लाह का हुक्म किसी ईमान वाले के सामने आ जाए तो उसे अपनी तमाम ख्वाहिशात को पीछे छोड़कर अल्लाह के आदेश को खुशी से कबूल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी इंसान को हर गलत चीज की कुर्बानी देने और नेक रास्ते पर चलने का सबक देती है। उन्होंने बताया कि कुर्बानी हर उस शख्स पर वाजिब है जिसके पास साढ़े बावन तोला चांदी या उसके बराबर मालियत मौजूद हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए साल भर मालदार होना जरूरी नहीं है, बल्कि 10, 11 या 12 जिलहिज्ज में भी यदि इतनी मालियत मौजूद है तो कुर्बानी वाजिब हो जाती है।

## वैदिक यज्ञ व ठंडा शरबत वितरित


शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर में शिक्षा के क्षेत्र में आर्य ज्ञान मंदिर व आर्य महिला सिलाई कढ़ाई सेंटर की स्थापना करके एक अलग पहचान बनाने बालें सुभाष चंद्र गाँधी की प्रथम पुण्यतिथि पर परिवारजनों एवं कल्लू नगला मोहल्ला वासियों ने वैदिक यज्ञ हवन व दशहरा पर्व पर गंगास्नार्थियों को भीषण गर्मी में श्रृद्वालुओं को राहत पहुंचाने के लिए मीठा-ठंडा- शरबत का वितरण कर पुण्यदायी और सेवाभाव का समाजिक कार्य दिवंगत आत्मा को सच्ची श्रृद्वांजलि अर्पित करने का सर्वोत्तम माध्यम हैं पुत्र नवनीत गाँधी समाज सेवक ने बताया पिता जी ने अनेकों जगह धर्मशालाओं स्कूल मंदिर आदि में व्यक्तिगत खर्चे से कमरों का निर्माण करवाया हैं और अनेकों समाजिक-आध्यात्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भेदभावपूर्ण रूप से आर्थिक सहयोग चंदा आदि से हमेशा से समाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई हैं ऐसे माँ- पिता की कृपा से हम सभी उनसे प्रेरित होकर समाजिक आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यों में सक्रिय होकर मानव हितकारी कार्य करते रहते हैं यज्ञ के ब्रह्मा योग मुनि महाराज तिलक मुनि आर्य ने कहा सुभाष चंद्र गांधी शास्त्री गुरुकुल मैं हमारे सीनियर थे आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी यादें और सेवा कार्य हमेशा याद आतें रहते हैं उन्होंने हमेशा से भारतीय संस्कृति एवं वैदिक परंपरा को बनाए रखने के सभी कार्यों में सक्रिय भागीदारी की हैं उनके अंदर छूआछूत ऊंच नीच जातिगत भेदभाव कभी नहीं आया उन्होंने सभी को एक समान समझकर सम्मान और आपनापन का अहसास कराया था इस अवसर पर सभासद ललित यादव जयप्रकाश ठेकेदार हरीशंकर वार्ष्णेय गोपीचंद वार्ष्णेय जिलाल टेलर, टिंकू सागर अजय वार्ष्णेय आदि मोहल्ला वासी प्रमुख रूप से रहें।

## दशहरा पर्व पर हुआ शरबत वितरण

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में नगर में कई स्थानों व राजघाट गंगाघाट के बबराला घाट पर शरबत वितरण कर राहगीरों व श्रृद्वालुओं की प्यास बुझाई। भीषण गर्मी में शरबत वितरण से लोगों को राहत मिली।इस दौरान पुष्पेन्द्र शर्मा, सूरज, प्रिंस, विकास, साहिल अम्बरीष, सत्यपाल आदि रहे।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-गंगाघाट राजघाट का निरीक्षण कर जानकारी लेते डीएम व एसपी।

## डीएम एसपी ने किया राजघाट का निरीक्षण

**बबराला (शाह टाइम्स संवाददाता)।** गंगा दशहरा पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने राजघाट के बबराला घाट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जबकि पर्व को शांतिपूर्वक सकुशल संपन्न कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के गंगाघाटों पर जाकर निरीक्षण कर सभी पर व्यवस्था का जायजा लिया है। श्रृद्वालुओं की काफी भीड़ है। सभी स्थानों पर स्नान सावधानी पूर्वक करने के निर्देश लोगों व अधीनस्थों को दिए हैं। जिससे स्नान पर्व सकुशल हो सके।

## शोकसभा में पत्रकारों ने किया दुख प्रकट

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** वरिष्ठ पत्रकार एवं आरटीआई एक्टविस्ट साद उस्मानी की बहन के इंतेकाल तथा पत्रकार इरशाद खां के चाचा नियाज अहमद के इंतेकाल पर एक शोक सभा का आयोजन नगर के पन्जू सराय स्थित कार्यालय पर किया गया। जिसमे गहरा दुख प्रकट करते हुए मरहूम व मरहूम के लिए दुआये मगफिरत एवं शोक प्रकट किया गया। दिवंगत आत्मा और दुखद परिवार को दुख सहने की अल्लाह/ईश्वर शाक्ति प्रदान करे। इस मौके पर डा. अजीज उल्ला खां, कुश आर्य, मौ. युनूस इस्लाम, मुजफ्फर हुसैन, संजीव गुप्ता, फरजन्द अली वारसी, सैयद अथर अली, सलीम अंसारी, शाहवेज खान, उवैस दानिश, शिराज अहमद चिश्ती, मौहम्मद अब्बास, सैयद दानिश अली, महबूब, लल्ला खां सलमानी, मौ. गुफरान, नादिर रजा जैदी आदि शामिल रहे।

## सरकार सख्त क्षेत्र में आदेश धाराशायी

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** बिजली को लेकर लखनऊ में समीक्षा बैठक के दौरान यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने गर्मी को देखते हुए बिजली आपूर्ति बेहतर रखने के निर्देश दिए। गांवों में 18 घंटे और शहरों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही अचानक बढ़ने वाले लोड वाले क्षेत्रों की जांच के निर्देश भी जारी किए गए। उसके बाद भी बिजली कटौती की जा रही है। यह आदेश गुन्नौर व बबराला क्षेत्र में नहीं चल पा रहे हैं।

## अवैध रूप से संचालित स्वीमिंग पूल में डूबकर किशोर की मौत

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** अवैध रूप से संचालित स्वीमिंग पुल जान लेवा बन गया। साधन विहीन स्वीमिंग पूल में डूबकर किशोर की मौत हो गयी। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना नखासा इलाके के ग्राम पीपली रहमापुर निवासी सोहिल 16 अवैध रूप से संचालित स्विमिंग पूल में नहाने गया था। इस दौरान डूबने से उसकी मौत हो गयी। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि किशोर की मौत की मौत के बाद स्विमिंग पूल संचालक फरार हो गया। नियमो की धज्जियां उड़ाते हुए हुए काफी समय से उवेश खान वाटर पार्क में 40 रुपये प्रति बच्चे के हिसाब से पैसे लेकर बच्चों को नहलाया जाता था प्रशासनिक लापरवाही के चलते हुई किशोर की डूबकर मौत से इलाके में सनसनी फैल गई

## गर्मी में बिजली कटौती से अकुलाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर व गुन्नौर में बिजली कटौती के कारण रात में सोना मुहाल हो रहा है। दिन में भी यही स्थिति हो रही। नगर व गुन्नौर सहित ग्रामीण इलाकों में उमस वाली गर्मी के साथ विद्युत व्यवस्था को लेकर आम जनता परेशान है। गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचोली की समस्या से लोग परेशान है। नगर सहित ग्रामीण इलाकों में प्रतिदिन कई बार लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता है।लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है। ऊपर से बिजली की आंख मिचोली में अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है । रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। प्रतिदिन रात में क्षेत्र के बाशिंदों को बिजली बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। लोग रात में बिजली कट होने से जाग जाग जाते हैं। एक दिन में कई घंटे बिजली गुल होना आम बात हो गया है। नगर बबराला, गुन्नौर व देहात क्षेत्र में बिजली कटौती व रात के वक्त लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद कर देते हैं। बिजली की आंख मिचोली के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी इसका कोई समय सारणी ही नहीं है । बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परेशानी और भी बढ़ गई है।जबकि बिजली कर्मचारियों ने बताया कि गर्मी में लोड व फाल्ट के कारण बिजली कट हो जाती है।

### ○रात में कटौती से सोना हुआ मुहाल

## गंगा दशहरा पर राजघाट पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट के बबराला घाट पर गंगा दशहरा पर्व पर श्रृद्वालुओं ने भारी संख्या में पहुंचकर स्नान किया। लोग काफी दूर दूर से स्नान करने आये। राजघाट गंगाघाट पर मेला लगा और सभी ने सामान की खरीदारी की।

पापनाशिनी मोक्षदायिनी गंगा मइया का जल सभी को पवित्र करता है। यही आस्था ही स्नान पर्व को महत्वपूर्ण बनाती है। गंगा दशहरा प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष दशमी तिथि को श्रृद्वापूर्वक मनाया जाता है। यह विशेष तिथि पर्व एंव स्नान दान पुण्य का महात्म्य आज है। पवित्र गंगाजल में स्नान करने के लालायित धर्मप्रेमी महिला पुरुष सोमवार सुबह से ही राजघाट गंगाघाट पर जुटने लगे। गर्मी के बाद भी लोगो का उत्साह देखने लायक था। गंगा तट पर पहुंचने वालों का काफिला चलता रहा। सभी गंगा में स्नान कर अपने को धन्य मानते हैं। गंगा मईया में आसपास के लोगों की अपार श्रृद्वा है। सभी अपनी ट्रैक्टर ट्राली भरकर गंगा स्नान को पहुंचे। कार व बाइक भी लोगो के पहुचने का साधन रहीं। वाहनों की संख्या के कारण कई बार इंदिरा चौक पर जाम की स्थिति बनी।



## गंगा दशहरा पर हो अवकाश घोषित

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर व क्षेत्र के लोगों ने गंगा दशहरा के पर्व पर भी अवकाश घोषित न होने पर रोष जताया। लोगों का कहना है कि गुन्नौर तहसील में राजघाट गंगाघाट स्थित है। यह सम्भल जिले का महत्वपूर्ण घाट है। यहां काफी संख्या में लोग आते हैं। गंगा दशहरा बड़ा पर्व है उसके बाद भी अवकाश न होना गलत है। क्षेत्र के लोगों में गंगा के प्रति गहरी आस्था है। गंगाघाट जिस तहसील व जिले में हो वहां तो स्थानीय अवकाश घोषित किया ही जाना चाहिए। मांग करने वालों में प्रेमपाल, विनोद कुमार, सुनील कुमार किशनपाल रविराज वार्ष्णेय सतीश नीरज वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय आदि हैं।

## महायज्ञ की विशाल ज्वाला प्रदान करती है दिव्य ऊर्जा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत आध्यात्मिक गुरु पं. राधेश्याम श्रीमाली के निर्देशन में शिव गोरख मंदिर समिति द्वारा आयोजित कैम्प कार्यालय पंजू सराय स्थित योगेश्वर गोरक्षनाथ महातपा के 46वें दस दिवसीय महोत्सव के नवें दिन भगवानश्रीगोरखनाथ जी महाराज व चन्द्र देव की पूजा अर्चना कर यथायोग्य दान सामग्री चन्द्रदेव को समर्पित करके यज्ञ.योग अठरादेव अठराक्षरी जापकर महायज्ञ किया गया जिसमे एक सौ आठ साधक साधिकाओ द्वारा ग्यारह लाख इक्यावन हजार आहुतियाँ प्रदान करके वृह्ममांड वंदना और भारत राष्ट्र की समृद्धि श्रीकल्कि के शीघ्र प्राकटय व विश्व शातिं को प्रार्थना की गयी। डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा कि विशाल ज्वाला देवी देवताओं को हव्य व वृह्मांड को शुद्ध आध्यात्मिक उर्जा प्रदान करती है।

## हल्की नोंक-झोंक के साथ अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बहजोई।** नगर में सोमवार को प्रशासन द्वारा बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी ईओ डा. वंदना मिश्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

अभियान के तहत इस्लामनगर चौराहे से लेकर मुख्यालय तक एनएच हाईवे पर बुलडोजर चलाकर सड़क किनारे किए गए अवैधा कब्जों को हटाया गया। इस दौरान नगर में हड़कंप की स्थिति बनी रही और कई दुकानदारों ने खुद ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक टीम को कुछ स्थानों पर हल्की नोंकझोंक का सामना भी करना पड़ा। हालांकि, पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान लगातार जारी रहा। सड़क किनारे रखे टीनशेड, अस्थायी ढांचे, सीढ़ियां और नालियों पर किए गए कब्जों को हटाया गया। डिप्टी कलेक्टर डा. वंदना मिश्रा ने बताया कि मानसून के मौसम को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य नाली और नाले अवरुद्ध न हों तथा बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर चेतावनी दी थी, लेकिन कई लोगों द्वारा दोबारा कब्जा कर लिया गया था प्रशासन के अनुसार, इस मार्ग पर करीब 70 लोगों को चिन्हित किया गया है, जिन पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जा रही है। बड़े दुकानदारों पर 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा, जबकि छोटे व्यवसायियों पर स्थिति के अनुसार आर्थिक दंड लगाया जाएगा। डक्ष मिश्रा ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया गया तो और कड़ी कार्रवाई के साथ अधिक जुर्माना भी लगाया जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से नगर में अतिक्रमणकारियों में खासी बेचैनी देखी गई। अभियान के दौरान नगर पालिका की टीम के साथ राजस्व विभाग के लेखपाल एवं स्थानीय पुलिस बल तैनात रहा, जिससे स्थिति को नियंत्रित किया गया।

### ○हाईवे पर इस्लामनगर चौराहे से मुख्यालय पर हटाए गए कब्ज़े

## फर्जी क्लीनिक और अवैध इलाज की जांच में कर दी गई लीपापोती

### ○जिलाधिकारी से की गई शिकायत, जांचाध्या में तथ्य छिपाने के आरोप,उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्यवाही की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहजोई।** जनपद सम्भल के बहजोई क्षेत्र स्थित एक फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलेशन क्लीनिक पर फर्जी एवं बिना पंजीकरण के चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित करने के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले में जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में अवैध उपचार, नाबालिगों से चिकित्सकीय कार्य कराने तथा जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किए जाने की शिकायत की गई है।

शिकायतकर्ता प्रताप सिंह निवासी ग्राम पुरा, थाना बहजोई ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि आवास विकास कॉलोनी, चन्दौसी स्थित फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलेशन क्लीनिक में लंबे समय से अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि पूर्व में भी इस संबंध में वीडियो साक्ष्यों सहित शिकायत की गई थी, जिस पर मुख्य चिकित्साधिकारी से आख्या तलब की गई थी। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि जांच के दौरान प्रस्तुत की गई आख्या में तथ्यों को छिपाने का प्रयास किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई पेनड्राइव में क्लीनिक से जुड़ी अवैध गतिविधियों, उपचार संबंधी कार्यों और मरीजों के इलाज के वीडियो सुरक्षित रूप से मौजूद हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि 11 मई 2026 को जांच के दौरान संबंधित क्लीनिक संचालक को पहले ही सूचना दे दी गई, जिससे कथित रूप से अवैध उपकरण और अन्य सामान हटाने का मौका मिल गया। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि उनके पास 11 मई से 16 मई 2026 तक की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग उपलब्ध है, जिसमें कुछ लोग कथित रूप से उपकरण और सामान अन्य स्थान पर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रस्तुत आख्या की भी जांच कर दोषी अधिकारियों एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। इस मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक प्रशासन अथवा स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी आराजी काश्त स्थित ग्राम शेरखां सराय, बाहर चुंगी सम्भल तहसील व जिला सम्भल के गाटा सं. 95 रकबई 0.5630 है. व गाटा सं. 96 रकबई 0.1170 है. व गाटा सं. 101 रकबई 0.3280 है., गाटा सं. 114 रकबई 0.2270 है. व गाटा सं.154 रकबई 0.4370 है के सम्बंध में वाद मा. न्यायालय सिविल जज (जू. डि.) सम्भल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन है। उक्त आराजी काश्त विवादित होने के कारण कोई भी उक्त सम्पत्ति को क्रय न करे। यदि वह उक्त सम्पत्ति को या उसके किसी भाग को क्रय करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा और उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

**अनुपम गुप्ता पुत्र स्व. रघुनन्दन सरन गुप्ता**
नि. फ्लैट नं 11 एम.ई.आर.ई. मैरी गोल्ड, बी-2 सैक्टर-ए महानगर लखनऊ हाल नि. मौहल्ला ठेर, सम्भल जनपद सम्भल।

एच.सी.जे.पी. 6 नं. 33
हेतु संदिर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
**न्यायालय सिविल जज (जू. डि.) सम्भल स्थान चन्दौसी जिला सम्भल।**
**मूलवाद सं. 627 सन्** 2024
मौहम्मद नईम **बनाम** तबस्सुम आदि

1. श्रीमति तबस्सुम पत्नी मौहम्मद नईम पुत्री स्व. अनवार हुसैन, 2. खुर्शीद, 3. शहनावाज, 4.गफ्फार, 5.सरताज, 6.मुमताज पुत्रगण स्व. अनवार हुसैन निवासीगण ग्राम तुर्तीपुर इल्हा तहसील व जिला सम्भल।

चूँकि उपर्रिनामांकित के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 10 के दिवस 08 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐंसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के दिवस को निकाली गई।

**आज्ञानुसार**
**वाद लिपिक**
**सिविल जज (जू. डि.) सम्भल स्थित चन्दौसी**

# बहेड़ी रोशनपुर में घर का ताला तोड़ कर लाखों की नगदी-जेवरात चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव बहेड़ी रोशनपुर में चोरों ने बीती रात एक घर को निशाना बनाया। परिवार के छत पर सोने का फायदा उठाकर चोर ताला तोड़कर घर में घुसे और लाखों की नगदी समेत सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार गांव निवासी तौफीक अहमद सरिया-सीमेंट का कारोबार करते हैं। रविवार रात गर्मी अधिक होने के कारण तौफीक परिवार सहित छत पर सो रहे थे। इसी दौरान रात में किसी समय चोर घर में दाखिल हुए। चोरों ने कमरे का ताला तोड़ा और अलमारी में रखी लाखों की नगदी व जेवरात समेट लिए।



सोमवार सुबह जब परिजन छत से नीचे आए तो कमरे के टूटे ताले देख उनके होश उड़ गए। घर में सामान बिखरा देख परिवार में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से घटना की जानकारी ली और चोरों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। थानाध्यक्ष ने जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है।

# डंपर ने बाइक में मारी टक्कर, बच्चे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के सिरसखेड़ा मार्ग पर हरसैनपुर राइस मिल के पास रविवार शाम खनन से भरे डंपर ने बाइक में टक्कर मारी दी, डंपर की टक्कर लगने के बाद



अल्फैज की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक दूसरा भाई घायल हो गया, सिरसखेड़ा निवासी यामीन के बेटा अल्फैज को कई दिन से बुखार आ रहा था,यामीन का बड़ा बेटा मोहम्मद समद (13) रविवार चार बजे बाइक से दवाई दिलाने दलपतपुर जा रहा था सिरसखेड़ा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने पीछे बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में अल्फैज की कुचलकर मौके पर मौत हो गई जबकि भाई मोहम्मद समद घायल हो गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया,परिजन घायल मोहम्मद समद की दलपतपुर निजी डाक्टर के यहाँ मरहम पट्टी कराकर घर ले आए,मृतक का पिता मजदूरी करता है,पुलिस ने डंपर को थाने ले गई है और आगे की वैधानिक कार्यवाही में जुट गई है।



## एक नजर

### ग्राम फतेहपुर नता में जनगणना कार्य शुरू घर-घर जाकर जुटाई जा रही जानकारी



बिलारी (शाह टाइम्स संवाददाता)। ग्राम फतेहपुर नता में जनगणना का कार्य तेजी से चल रहा है। सुपरवाइजर सत्येंद्र कुमार एवं प्रगणक उजमा कमाल द्वारा घर-घर जाकर लोगों से आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है। टीम ने ग्रामीणों से संपर्क कर जनगणना से संबंधित आंकड़ों का संकलन किया। इस दौरान परिवार के सदस्यों की संख्या, शिक्षा, व्यवसाय व अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी ली गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सही और सटीक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही सरकार द्वारा विकास योजनाएं, कल्याणकारी योजनाएं और जनहित की नीतियां तैयार की जाती हैं। सुपरवाइजर सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जनगणना में सभी की भागीदारी जरूरी है। ग्रामीण अफवाहों पर ध्यान न दें और जनगणना कर्मियों का सहयोग करें।

### मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना: मंडल स्तरीय पुरस्कार के लिए 15 जून तक करें आवेदन

**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत माटीकला शिल्पियों को प्रोत्साहित करने के लिए मंडल स्तरीय माटीकला पुरस्कार हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उ0प्र0 माटीकला बोर्ड के पत्रांक 752-844 दिनांक 22-04-2026 के क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि जनपद मुरादाबाद में माटीकला की स्थापित इकाइयां पुरस्कार हेतु दिनांक 15-06-2026 तक आवेदन कर सकती हैं। प्राप्त आवेदनों का चयन मंडल स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा किया जाएगा। समिति प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए लाभार्थियों का चयन करेगी। चयनित शिल्पियों को पुरस्कृत धनराशि के साथ प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे। योजना का उद्देश्य पारंपरिक माटीकला को बढ़ावा देना और कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

इच्छुक आवेदक वेबसाइट नचउंजपांसंइवंतक.पद पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9580503151 या 8191967279 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, एम0आई0जी0, एम-6 दीन दयाल नगर, मुरादाबाद में भी संपर्क कर सकते हैं। अधिकारी ने सभी पात्र माटीकला इकाइयों से समय से आवेदन करने की अपील की है।

### 64 प्रगणक एवं 11 सुपरवाइजर की देखरेख में चल रही नगर की जनगणना

**कांठ।** जनगणना-2027 के पहले चरण के तहत सात मई से शुरू हुए स्व-गणना का काम 21 मई को पूरा हो गया था। 22 मई से प्रगणक घर-घर पहुंच रहे हैंसअपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं जिला




जनगणना अधिकारी ममता मालवीय ने बताया कि जनगणना के लिए जिले में कुल सात हजार प्रगणकों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रगणकों की निगरानी के लिए 1500 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। प्रत्येक जिला स्तरीय अधिकारी छह-छह सुपरवाइजरों की निगरानी करेंगे। जनगणना में घर, सुविधा, सदस्य, संपत्ति आदि समेत घर का पूरा विवरण दर्ज किया जा रहा है। 20 जून तक यह प्रक्रिया चलेगी। मकान एवं जनगणना गणना के लिए जनपद में 4319 ब्लॉक बनाए गए हैं 612 ब्लॉक में कार्य शुरू नहीं हुआ है 218 ब्लॉक में कार्य शुरू हो गया हैस नगर पंचायत कांठ के 17 वार्डों में जनगणना के लिए 64 प्रगणक एवं 11 सुप. रवाइजर लगाए गए हैंश नगर के एक ब्लॉक में कार्य शुरू नहीं हुआ है।

# गंगा दशहरा पर शहर में जगह जगह हुआ शरबत वितरण

**चन्दौसी।** सोमवार को गंगा दशहरा पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा जगह-जगह शरबत वितरण शिविर लगाए गए, जहां श्रद्धालुओं, राहग. ीरों और आम लोगों को ठंडा शरबत पिलाया गया। भीषण गर्मी के बीच लोगों ने राहत महसूस की और सेवा कार्य की सराहना की। शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, मंदिरों तथा सार्वजनिक स्थानों पर सुबह से ही शरबत वितरण का सिलसिला शुरू हो गया था। स्वयंसेवकों ने राहगीरों को रोककर प्रेमपूर्वक शरबत



पिलाया और गंगा दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। कई स्थानों पर लोगों के लिए ठंडे पानी एवं बैठने की भी व्यवस्था की गई थी। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि गंगा दशहरा केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि सेवा और सद्भाव का भी संदेश देता है। गर्मी के मौसम में लोगों को शीतल पेय उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य माना जाता है।

# गंगा दशहरा पर बिलारी में सेवा भाव राहगीरों को पिलाया गया ठंडा शरबत

**एसडीएम विनय कुमार सिंह ने भी स्वयं लोगों को कराया शरबत वितरण**

**बिलारी।** गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर नगर में सेवा और सद्भाव का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। भीषण गर्मी को देखते हुए आनंद स्वीट के स्वामी याद कुमार डूडेजा नितिन डूडेजा एवं चंदन डूडेजा द्वारा राहगीरों और आम लोगों के लिए ठंडे शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण कर गर्मी से राहत महसूस की। इस दौरान बिलारी के लोकप्रिय एसडीएम विनय कुमार सिंह भी कार्यक्रम में पहुंचे और उन्होंने स्वयं अपने हाथों से लोगों को शरबत पिलाकर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। एसडीएम ने कहा कि इस



तरह के सामाजिक और धार्मिक अवसरों पर सेवा कार्य समाज में भाईचारे और मानवता का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने आयोजनकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाना एक पुण्य कार्य है, जिससे लोगों को राहत मिलती है। शरबत वितरण कार्यक्रम में व्यापार संगठन के पूर्व अध्यक्ष अफाक हुसैन एडवोकेट, व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री संजय जैन, राकेश कुमार जैन समीर जैन अमित अग्रवाल अंशुल अग्रवाल अरिहंत जैन सहित कई गणमान्य लोगों ने सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सौहार्द और सेवा भावना का वातावरण देखने को मिला। राहगीरों ने आयोजनकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तेज गर्मी में इस प्रकार की व्यवस्था लोगों को बड़ी राहत पहुंचाती है। पूरे कार्यक्रम के दौरान लोगों की भीड़ लगी रही और सभी ने सेवा कार्य की सराहना की।

# इंजीनियर अरिहंत जैन के जन्मदिन पर उमड़ा शुभकामनाओं का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री संजय जैन के पुत्र इंजी. नियर अरिहंत जैन के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को शुभकामनाएं देने वालों का सुबह से ही तांता लगा रहा। नगर के गणमान्य लोग, व्यापारी, अधिवक्ता, मित्र एवं शुभचिंतक उनके आवास पहुंचे और फूलों के गुलदस्ते भेंट कर जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अफाक हुसैन एडवोकेट सहित प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के अनेक सम्मानित लोगों ने इंजीनियर अरि. हंत जैन को जन्मदिन की मुबारक

**व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन के आवास पर दिनभर लगा बधाई देने वालों का तांता**

बाद दी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम के दौरान आत्मीयता और उत्साह का माहौल बना रहा। शुभचिंतकों ने कहा कि संजय जैन परिवार हमेशा सामा. जिक, धार्मिक एवं जनसेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है, जिसके चलते नगर में परिवार को विशेष सम्मान प्राप्त है। जन्मदिन समारोह में पहुंचे अतिथियों का परिवार की ओर से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। पूरे दिन बधाई देने वालों का सिलसिला जारी रहा, वहीं सोशल मीडिया पर भी इंजीनियर अरिहंत जैन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वालों की भरमार रही।



# बढ़ती गर्मी के बीच बिलारी सरकारी अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भीषण गर्मी और बदलते मौसम के बीच बिलारी के सरकारी अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सोमवार को भी अस्पताल में उपचार कराने वालों की काफी भीड़ देखने को मिली। पेट दर्द, बुखार, उल्टी-दस्त और गर्मी जनित बीमारियों से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल ने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन मरीज भर्ती हो रहे हैं। आज भी दो से तीन मरीजों को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकांश मरीज पेट संबंधी समस्याओं और बुखार की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। सभी मरीजों का उपचार चिकित्सकीय निगरानी में किया जा रहा है। डॉ. राजपाल ने

**● बुखार और पेट संबंधी शिकायतों के मरीज अधिक पहुंच रहे अस्पताल**

लोगों से गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि तेज धूप में बिना जरूरत घर से बाहर न निकलें और शरीर में पानी की कमी न होने दें। अधिक से अधिक पानी, नींबू पानी, छाछ और ओआरएस का सेवन करें। बासी भोजन और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचें। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है, क्योंकि गर्मी का असर उन पर जल्दी पड़ता है।

यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, उल्टी, दस्त या चक्कर आने जैसी समस्या हो तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। अस्पताल परिसर में मरीजों को दवाएं वितरित की गईं और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सलाह भी दी गई। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल के साथ सीनियर फार्मासिस्ट आरपी वर्मा, धनंजय सिंह सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

### उत्तम संगति से ही मिलता है उत्तम ढंग से जीने का संदेश




**कांठ( शाह टाइम्स )** रसूलपुर गांव में चल रही श्री जम्भ वाणी हरि कथा में कथा वाचक गोविंद शरणानंद ने आज जीने के उत्तम ढंग और उत्तम संगति पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन उसकी संगति से बनता और बिगड़ता है अच्छे विचार संतों का सानिध्य और धर्ममय जीवन व्यक्ति को सच्ची शांति और सफलता प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य बाहरी सुखों की ओर भाग रहा है जबकि वास्तविक आनंद सत्संग सेवा और संस्कारों में निहित है उत्तम संगति व्यक्ति के जीवन को नई दिशा देती है तथा उसे समाज और धर्म के प्रति जागरूक बनाती है उन्होंने और भी कई विषयों पर अपनी बात रखी इस दौरान स्वामी प्रवणानंद महाराज सर्वानंद महाराज विश्वात्मानंद महाराज जगदेवानंद महाराज एवं नरेशानंद महाराज का सानिध्य भक्तों को प्राप्त होता रहा। दूर-दूर ग्रामीण से आए भक्तों ने कथा का आनंद लिया काफी महिला और पुरुष इस अवसर पर मौजूद रहे। आयोजक राहुल बिश्नोई ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

# ईदगाह की सफाई व्यवस्था का पालिका अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**चन्दौसी।** नगर पालिका परिषद चन्दौसी के अधिकारियों ने मुस्लिम समाज के लोगों के साथ खुर्जा गेट स्थित बड़ी ईदगाह पहुंचकर सफाई एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईदगाह में पानी की व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह एवं सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह ने ईदगाह परिसर का जायजा लिया। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने अधिकारियों को बताया कि ईदगाह में अभी तक पानी की समुि. चत व्यवस्था नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि पहले ईदगाह के अंदर एक नल लगा हुआ था, जो अब नहीं है। इस पर अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर शीघ्र पानी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। वहीं सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह ने मौके पर सफाई कर रहे कर्मचारियों को जल्द कार्य पूरा करने के आदेश दिए।

निरीक्षण के दौरान शहर काजी महमूद अहमद, शाह आलम मंसूरी, शवाज खान अन्ना, सभासद रियाज अहमद, सभासद नजर मोहम्मद, पूर्व सभासद मोहम्मद मुजीब, हाजी कलीम अनवर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# ट्यूबवेल का पानी चलाने को लेकर चले लाठी डंडों में 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** ट्यूबवेल का पानी चलाने को लेकर हुई मारपीट के बाद पुलिस ने दोनों और के 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए आज पांच का चालान किया है थाना क्षेत्र के गांव आबि हाफिजपुर निवासी जुल्फकार पुत्र मुख्तियार का कहना था की 24 मई को सुबह करीब 7:00 बजे उसके चाचा वाजिद अपने खेत पर सरकार ट्यूवेल से पानी चला रहे थे बगल में नसीर का खेत है उसने पानी अपने खेत में काट लिया चाचा ने पानी काटने को मना किया तो गालियां देने लगा गाली देने का विरोध किया तो नासीर रईस अनीस इकरार फिरोज शाहनवाज गुलाम नबी ने लाठी डंडो और फावड़ों से हमला कर दिया शोर सुनकर उसके दूसरे चाचा नाजिम सुभान इंतजार औरंगजेब बचाने पहुंचे तो उन्होंने उन पर भी जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया जिससे वाजिद जुल्फिकार सुभान इंतजार और औरंगजेब के सिर में गंभीर चोट आई हमलावर जान से मारने की धमकी देकर चले गए वह उन्हें लेकर थाने पहुंचा पुलिस ने इलाज के लिए सरकारी



अस्पताल भिजवा दिया और वाजिद और नाजिम को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया पीड़ित थाने पहुंचा और तहरीर दी। पुलिस ने 8 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। जबकि दूसरी ओर के तौफीक का कहना था कि वह अपने खेत पर सरकारी ट्यूबवेल से 2 दिन से पानी चला रहा था थोड़ा खेत शेष बचा था तभी पड़ोसी वाजिद नाजिम अली ने पानी काटकर अपने खेत में लगाना शुरू कर दिया इसका विरोध किया तो गालियां देने लगे शोर शराबा होने पर उनके संबंधी जुल्फिकार इंतजार सुभान निजाम. ुद्दीन अशफाक औरंगजेब आदि लाठी डंडे फावड़े कुदाल लेकर आ गए और जान से मारने की नीयत से उन पर हमला कर दिया बचाने आए रईस निसार फिरोज फैसल पर भी उन्होंने हमला कर दिया जिससे पांच लोगों को गंभीर चोट आई सभी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए पीड़ित थाने पहुंचा जिन्हें पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया रईस और फिरोज को जिला अस्पताल रेफर किया गया पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों और के 16 लोगों को नामजद करते हुए आज नसीर पुत्र सफीक, तौफीक पुत्र रफीक और जुल्फिकार पुत्र मुख्तियार सुभान पुत्र मुख्तियार एवं औरंगजेब पुत्र सादिक को गिरफ्तार कर चालान किया है।

**बेदखली सूचना**

मैं अपनी पुत्री राधिका पुत्री चन्द्रपाल निवासी रामगंगा कालोनी, मुरादाबाद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। पूर्व व भविष्य में राधिका के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**चन्द्रपाल पुत्र रामगोपाल निवासी लालबाग नई कालोनी, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**NOTICE**

That I am pass my class 10 in the year 2025 having unique id number 8690303 from ICSC board, New Delhi. In board certificate my father & Mother name wrongly printed as 'HABIB UR REHAMAN' & FARAH HAMEED' The correct name of my father and mother name is 'Habeebur Rehman' & 'Farha Hameed' Now my parents should be known and recognised as Habeeur Rehman & Farha Hameed for all future purposes. Mohd Arsalan ansari S/o Habeebur Rehman & Farha Hameed R/O House no 11, moti bagh dewan ka bazar Moradabad,

# अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत 12 घायल, एक की मौत से मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में सोमवार को हुए अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत 12 लोग घायल हो गए, जबकि एक महिला की मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उत्तराखंड के थाना जसपुर क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर खेड़ा निवासी शमशाद पुत्र लियाकत ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। सोमवार को वह सवारियां लेकर दुल्लापुर पट्टी के पास पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार कैंटर ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक शमशाद गंभीर रूप से घायल हो गया और रिक्शे में फंस गया। ई-रिक्शा में बैठी बलिया गांव निवासी मधु पत्नी तुलाराम तथा अहमदाबाद निवासी धनवती पत्नी जयपाल सिंह भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में धनवती की मौत हो गई। घटना के बाद कैंटर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं महिला की मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक अन्य हादसे में उत्तराखंड के काशीपुर निवासी जितेंद्र अपनी पत्नी अनीता के साथ बाइक से विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। सकटपुरा मुस्तकम के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के ईएमटी रत्नेश भारती ने दोनों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। इसके अलावा ठाकुरद्वारा निवासी अनीस अहमद अपनी पत्नी हलीमा और बेटी ईरम के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। वहीं कुंडेसरा निवासी मुक.ेश पुत्र मुन्ना सिंह तथा स्पेल नगर निवासी सलीम पुत्र यासीन और उसकी पत्नी रूबी भी बाइक फिसलने से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सरक.ारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## पशुपति फैक्ट्री में दो माह में दूसरा तेदुआ वन विभाग के पिंजडे में कैद

**ठाकुरद्वारा।** नगर में काशीपुर मार्ग पर पशुपति फैक्ट्री में एक वर्ष से तीसरा तेदुंआ वन विभाग लगााए गए पिंजड़े में फंस गया। वन विभाग की टीम ने तेदुंए के कब्जे ले लिया है। ठाकुरद्वारा काशीपुर मार्ग पर पशुपति फैक्ट्री है। वन दरोगा पीयूष जोशी ने बताया कि घने पेड़ होने के कारण तेदुंओ ने अपना घर बना रखा है। 2022 में पहली बार तेदुंए की सूचना मिलने पर पिंजड़ा लगाया गया था। जिसमें एक तेदुंआ पकड़ आ गया था। इसके बाद मार्च के माह में तेदुंआ दिखाई देने की सूचना मिली थी। जिसमें वन विभाग द्वारा पुनः पिंजड़ा लगाया। तब भी एक तेदुआ पिंजड़े में तेदुआ आ गया। करीब 10 दिन पूर्व फैक्ट्री पिंजड़ा लगाया। सोमवार को एक तेदुआ पिंजड़ फंस गया। वन विभाग की टीम ने तेदुंए को कब्जे लेकर ले लिया है। लगातार फैक्ट्री में तेदुंए मिलने से कर्मचारियो और मजदूरों में दहशत व्याप्त है। बतादें कि क्षेत्र में लगातार तेदुंओ की संख्या बढ़ रही है। वन विभाग लगातार गांव गांव जाकर ग्रामीणों को तेदुंए से बचाव के लिए पत्रक वितरण कर जागरूक कर रहे है। वन विभाग ग्रामीणों से अपने खेतों पर काम करने के लिए समूह बनाकर जाने की अपील कर रहे हैं और बच्चों को खेतो पर न ले जाए। रात्रि में बिना रोशनी के जंगल न जाए। पशुओं की सुरक्षा के लिए उचित प्रबंध करे।

## जमीन के पैसे मांगने पर परिवार को पीटा, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** क्षेत्र के गांव सिडलऊ नजरपुर में जमीन के पैसे मांगने पर एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी निजामुद्दीन पुत्र कसमुद्दीन ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में बताया कि 24 मई को दोपहर करीब दो बजे वह अपने ही गांव के रईसउद्दीन, शादाब, गुलाम रसूल और मुसरेकीन से अपनी जमीन के पैसे मांगने गया था।

आरोप है कि चारों ने पैसे देने से इनकार कर दिया और लाठी-डंडों से निजामुद्दीन, उसकी मां परमीना, बहन नाजमी और पिता कसमुद्दीन को पीटकर अधमरा कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। घटना के बाद घायल परिजनों का उपचार कराया गया। पुलिस ने निजामुद्दीन की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# एनसीसी कैंप में कैडेट्स ने सीखी फायरिंग और सैन्य तकनीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 23 यूपी बटालियन एनसीसी मुरादाबाद द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया गया। कैंप का आयोजन महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज और ग्रीन मीडोज पब्लिक स्कूल में किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं।कैंप के दौरान कैडेट्स को राइफल से फायरिंग का अभ्यास कराया गया। अधिकारियों ने उन्हें निशानेबाजी की तकनीक, सुरक्षा नियमों और अनुशासन के महत्व की जानकारी दी। इसके अलावा मैप रीडिंग और दिशा ज्ञान का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे कैडेट्स को सैन्य गतिविधियों की व्यावहारिक जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में अपर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव कुमार शर्मा ने भी भाग लिया। उन्होंने भीषण गर्मी में स्वास्थ्य और स्वच्छता बनाए रखने के उपाय बताए। उन्होंने कैडेट्स को पर्याप्त पानी पीने, पौष्टिक भोजन लेने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी, ताकि गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके।एनसीसी अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने कैडेट्स को राष्ट्रहित में कार्य करने, जिम्मेदार नागरिक बनने और समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने का संदेश दिया। कैंप में कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



# चार जून की विशाल रैली को सफल बनाने के लिए पूर्व विधायक और उनके पुत्रों ने किया गांव-गांव जनसंपर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की 04 जून को होने वाली विशाल रैली एवं जनसभा को सफल बनाने के लिए पूर्व विधायक विजय यादव गांव-गांव जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं। वह पार्टी की नीतियों से जनता को अवगत कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचने की अपील कर रहे हैं। बताया जाता है कि पूर्व बसपा विधायक विजय यादव ने पिछले माह बसपा छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रलंदज बेंनकींतल द्वारा उन्हें सदस्यता दिलाई गई थी। सदस्यता ग्रहण करने के बाद से ही विजय यादव क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने में जुट गए हैं। पूर्व विधायक विजय यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह 04 जून को नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित विशाल रैली एवं जनसभा को संबोधित करेंगे। रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विजय यादव लगातार गांव-गांव जाकर डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर रहे हैं। इस दौरान वह गांवों में छोटी-छोटी जनसभाएं कर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील कर रहे हैं। साथ ही लोगों से राष्ट्रीय अध्यक्ष के विचार सुनने एवं पार्टी की नीतियों से जुड़ने का आह्वान भी कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र में राष्ट्रीय लोकदल को और मजबूत किया जा सके। इस दौरान पूर्व विधायक के पुत्र अजय यादव और संजय यादव ने अपनी समर्थको के साथ जनसभा में डोर-टू-डोर पहुंचकर अपील की।



# जैन समाज ने शांति मार्च निकालकर सौंपा ज्ञापन

● आर्यिका माताओं के देवलोक गमन पर श्रद्धांजलि सभा एवं प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मध्य प्रदेश के रीवा में 20 मई को हुई दुखद घटना में जैन साध्वी 105 आर्यिका माता श्री श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका उपशममति माताजी को एक कार चालक द्वारा टक्कर मार दिए जाने से दोनों साध्वियों का समाधि (देवलोक गमन) हो गया। इस घटना से देशभर के जैन समाज में गहरा दुख, आक्रोश एवं चिंता व्याप्त है। जैन समाज का कहना है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई वहां सड़क पूरी तरह खाली थी तथा दोनों माता. जी सड़क के किनारे चल रही थीं, ऐसे में यह घटना सामान्य दुर्घटना न होकर संदिग्ध प्रतीत होती है। समाज ने मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। इसी क्रम में आज देशभर में जैन समाज द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन, रोष सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुरादाबाद में समस्त जैन समाज श्री श्वेतांबर जैन मंदिर सिविल लाइंस में एकत्र हुआ, जहां आर्यिका माताओं को श्रद्धांजलि एवं विनयांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत में पूर्व में भी जैन संतों पर अनेक जानलेवा हमले हुए हैं तथा सड़क दुर्घटनाओं में भी कई संतों का देवलोक गमन हुआ है। उन्होंने वर्ष 2023 में कर्नाटक में दिगंबर जैन संत आचार्य श्री 108 कामकुमार नंदी जी की हत्या का उल्लेख करते हुए कहा कि जैन संत सदैव शांति, अहिंसा और सद्भावना के मार्ग पर चलने वाले होते हैं। ऐसे संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।

जैन समाज ने जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन प्रेषित कर अपनी भावनाओं एवं मांगों से अवगत कराया तथा समस्त जैन संतों की सुरक्षा हेतु प्रभावी कदम उठाने की मांग की। कार्यक्रम में बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास की अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन, जैन समाज के मंत्री अरविंद जैन, उपमंत्री समीर जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, महिला जैन समाज की अध्यक्ष नीलम जैन, मंत्री शिखा जैन, अरविंद जैन मानपुर, आशु जैन, मोहित जैन, अशोक जैन, पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष संदीप जैन, मंत्री नीरज जैन, कोषाध्यक्ष विकास जैन, महिला जैन समाज रामगंगा विहार की अध्यक्ष सुषमा जैन, श्वेतांबर समाज से राजेंद्र कुमार जैन, विनय जैन सहित समस्त जैन समाज उपस्थित रहा।




**न्यायालय एमएसीटी बिजनौर**
**एमएसी नं.-110/22**
**कामेन्द्र सिंह बनाम नरेन्द्र सिंह आदि**
**बनाम**

नरेन्द्र सिंह पुत्र रामस्वरूप निवासी काशीराम योजना सोनकपुर (निकट हड्डी मिल) मुरादाबाद, थाना मंझोला, जिला मुरादाबाद

हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 08.06.2026 बवक्त 10 बजे दिन के अमालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कि जबाव में ऐसे सवालात का जबाव दे सकें हाजिर हो और जबावदेही दावा की करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे। जिन पर आप बताईद अपनी जबाव देही के इस्तेमाल करना चाहता हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको समसुआ और फैसला होगा।

**नियत दिनांकः- 08-06-2026**
**कनिष्ठ सहायक**
**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**बिजनौर**

## शक्ति केंद्र बैठक में बूथ अध्यक्षों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**ठाकुरद्वारा।** नगर मंडल के शक्ति केंद्र की बैठक नई बस्ती स्थित एस एजुकेशन स्कूल में आयोजित की गई। बैठक के दौरान बूथ अध्यक्षों को संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री डॉ. ओमपाल सैनी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं बूथ अध्यक्षों को संगठन की नीतियों तथा बूथ स्तर पर कार्य करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बूथ अध्यक्ष शाहिद हुसैन सलमानी, इकराम कुरैशी, इस्माइल अंसारी, करी मुजफ्फर, नसीम अहमद कुरैशी, इरफान कुरैशी, खुर्शीद सलमानी सहित समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना एवं कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए प्रेरित करना रहा।



# कुतुबपुर अज्जू में गंगा दशहरा पर स्वयंसेवकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटा शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में श्री भगत सिंह शाखा के स्वयंसेवकों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भीषण गर्मी में राहगीरों व श्रद्धालुओं को शरबत पिलाकर सेवा की गई। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, प्रमोद कुमार पुंडीर, मदन पाल मुंशी, नीरज कुमार, बादल कुमार पुंडीर, लव पुंडीर, रूद्र पुंडीर, राजू सिंह, हुकम सिंह पाल, सतीश सिंह, पप्पू पाल, कृष्ण पाल, रवि कुमार, राहुल कुमार, गौरव कुमार, गुड्डू पाल, संजय पुंडीर, सुभाष सिंह, सुनेपाल सिंह, मनोज कुमार पुंडीर, राजकुमार पुंडीर, राजेश सिंह, किरन पाल सिंह, सनोज सिंह, टीकम सिंह, शिवा, अंकुश, अनिकेत, चिटू, माधव, ध्रुव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि गंगा दशहरा के पावन पर्व पर सेवा कार्य करना पुण्य का काम है। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शरबत ग्रहण किया।



## डीएम ने ली डीपीएमयू की बैठक लापरवाह बैंकों पर सख्ती के निर्देश

**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (CM YUVA) के तहत सोमवार 25 मई 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई की मासिक बैठक हुई। बैठक में योजना की प्रगति और बैंक शाखाओं के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त उद्योग ने 24 मई 2026 तक बैंकों को भेजे गए आवेदनों और स्वीकृति/वितरण की बैंकवार प्रगति से डीएम को अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि जिन बैंक शाखाओं का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, उनके शाखा प्रबंधकों की हर सप्ताह मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में समीक्षा की जाए और योजना में प्रगति सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि ब्ड ल्न्ट। प्रदेश सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसका उद्देश्य गरीब व बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। योजना में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदन पत्र अनावश्यक लंबित न रखें। यदि कोई आवेदन निरस्त होता है तो उसका स्पष्ट कारण बताकर लाभार्थी को अवगत कराएं, ताकि पात्र आवेदकों को परेशानी न हो। बैठक में बैंकों के जिला समन्वयक व शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।

**बेदखल सूचना**

मैने अपने पुत्र अजहरउद्दीन पुत्र जुल्फकार को गलत आचरण/गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में अजहरउद्दीन के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेन-देन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **जुल्फकार पुत्र शहीदुल्ला नि० वार्ड नम्बर 01, मौहल्ला सराय फारूख नगर पंचायत मुगलपुर उर्फ अगवानपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखल सूचना**

मैने अपने पुत्र आसिफ पुत्र सजाउद्दीन को गलत आचरण/गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में आसिफ के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेनदेन व मुकदमें बाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमति समीमा पत्नी सजाउद्दीन निवासी बाईपास अगवानपुर, जिला मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गंगा दशहरा पर अग्रवाल कॉम्प्लेक्स में विशाल भंडारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर दुर्गा मंदिर रोड स्थित अग्रवाल कॉम्प्लेक्स में मित्र मंडली की ओर से विशाल भंडारा एवं शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, राहगीरों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर राहत पहुंचाई गई, वहीं भंडारे में हलवा, पूरी और सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया।इस आयोजन की खास बात हिंदू और मुस्लिम व्यापारियों की संयुक्त भागीदारी रही। दोनों समुदायों के व्यापारियों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया और समाज में भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। स्वयंसेवक पूरे उत्साह के साथ राहगीरों को रोक. कर शरबत पिला रहे थे और प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। लोगों ने भी इस सेवा भाव की सराहना की और आयोजन को सामा. जिक एकता का प्रतीक बताया।

आयोजकों ने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्योहार केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि ये आपसी प्रेम, सहयोग और मानव सेवा का संदेश भी देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती दूरियों को कम करने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है, जहां सभी धर्मों और समुदायों के लोग एक साथ आकर सेवा कार्य करें।कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल कॉम्प्लेक्स का माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा। श्रद्धालुओं ने गंगा दशहरा के पर्व पर मां गंगा का स्मरण करते हुए पुण्य लाभ प्राप्त किया।

स्थानीय लोगों ने इस आयोजन को सामाजिक समरसता और सां. प्रदायिक सौहार्द की मिसाल बताया।

**बेदखल सूचना**

मैने अपने पुत्र मौहम्मद आलम व पुत्रवधू श्रीमति मिस्कीन को गलत आचरण/ गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से इनका कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **शफीक हुसैन पुत्र नजीर अहमद निवासी मौजा चक्कर की मिलक मुकर्रबपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## भीषण गर्मी की मार: महानगर में दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में इन दिनों भीषण गर्मी और तेज धूप ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। जिले में तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से दोपहर के समय शहर की सड़कें सुनसान दिखाई दे रही हैं।

गर्म हवाओं और चिलचिलाती धूप के चलते लोग केवल जरूरी काम होने पर ही बाहर निकल रहे हैं। बाहर निकलने वाले अधिकांश लोग सिर और चेहरा कपड़े से ढककर गर्मी से बचाव करते नजर आ रहे हैं।भीषण गर्मी का असर बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। दोपहर के समय बाजारों में ग्राहकों की संख्या कम हो गई है, जबकि ठंडे पेय पदार्थों, जूस, शिकंजी और आइसक्रीम की दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ रही है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए तरह-तरह के उपाय अपना रहे हैं।स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग की ओर से कहा गया है कि लोग बिना जरूरत धूप में बाहर न निकलें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और शरीर में पानी की कमी न होने दें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील भी की गई है।

डॉक्टरों का कहना है कि लू और डिहाइड्रेशन से बचने के लिए हल्का भोजन करें और लंबे समय तक धूप में रहने से बचें।

# दहेज में 15 लाख और कार की मांग, विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, पांच पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** दहेज में 15 लाख रुपये नकद और कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट, उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला मीना बाजार वार्ड नंबर-15 निवासी अलफीजा पत्नी रईस अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 9 अप्रैल 2025 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार पीलीभीत जनपद के बिसलपुर निवासी रईस अहमद पुत्र हनीफ अहमद के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी में पांच लाख रुपये नकद समेत काफी दान-दहेज देने के बावजूद ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं हुए और मकान के लिए 15 लाख रुपये तथा एक कार की मांग करने लगे। विवाहिता का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति, सास, ससुर, ननद और अन्य परिजनों ने उसके साथ मारपीट की, भूखा-प्यासा रखा और मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न किया। विरोध करने पर उसे जान से मारने और पति की दूसरी शादी कराने की धमकी देकर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने बताया कि मायके में बच्चे के जन्म के बाद भी ससुराल पक्ष उसे लेने नहीं आया। आरोप है कि 3 मार्च 2026 को पति समेत अन्य लोग ठाकुरद्वारा पहुंचे और दोबारा दहेज की मांग करते हुए विवाहिता व उसके परिजनों के साथ अभद्रता और मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति रईस अहमद, सास मुन्नी, ससुर हनीफ अहमद, ननद गोसिया और सुल्तान अहमद निवासी बिसलपुर, जिला पीलीभीत के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सड़क हादसों पर रोक लगाने की मांग, स्पीड ब्रेकर और जेब्रा क्रॉसिंग बनवाने को सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा।** कमालपुरी चौराहा से एसएमआर हॉस्पिटल तक लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर क्षेत्रवासियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने की मांग की। नगर में बड़ी संख्या में लोगों ने फैसल सैफी के नेतृत्व में एकत्र होकर उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि कमालपुरी चौराहा से एसएमआर हॉस्पिटल तक का मार्ग अत्यंत व्यस्त और घनी आबादी वाला क्षेत्र है। इस सड़क पर तेज रफ्तार बाइक और डंपर चालक लापरवाही से वाहन चलाते हैं, जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे स्थानीय लोगों, विशेषकर छोटे बच्चों और महिलाओं की जान को लगातार खतरा बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि हर दूसरे-तीसरे दिन सड़क हादसे हो रहे हैं और लोग भय के माहौल में जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। ज्ञापन में हाल ही में स्टेट बैंक के पास हुई दुर्घटना का भी उल्लेख किया गया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दोनों बच्चों के हाथ-पैर टूट गए और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। फैसल सैफी ने प्रशासन से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए कमालपुरी चौराहा से एसएमआर हॉस्पिटल तक सड़क पर कम से कम चार स्पीड ब्रेकर और आवश्यक स्थानों पर जेब्रा क्रॉसिंग जल्द बनवाई जाएं, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# जीटी के खिलाफ क्वालीफायर 1 में RCB पर होगा खिताब को बचाने का दबाव

■ आरसीबी के लिए, यह फाइनल में जगह बनाने से कहीं अधिक है



**धर्मशाला, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के प्लेऑफ की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस.ीबी) पर खिताब बचाने का दबाव के साथ गुजरात टाइटन्स (जीटी) से मंगलवार रात क्वालिफायर 1 में भिड़ेंगी। आरसीबी के लिए, यह फाइनल में जगह बनाने से कहीं अधिक है।

यह वापसी की राह का एक सिलसिला है जो पिछले सीजन में उनके खिताब जीतने के साथ शुरू हुआ था और अब इसे बचाने के दबाव तक पहुंच गया है। लीग स्टेज को टॉपप पर खत्म करने से उन्हें मोमेंटम मिला है, लेकिन इसने उनकी पीठ पर एक निशाना भी लगा दिया है। उनके अभियान के दिल में विराट कोहली की कंसिस्टेंसी, फिल सॉल्ट का एग्रेशन और रजत पाटीदार की स्थिर मौजूदगी की जानी-पहचानी रीढ़ बनी हुई है। जब यह तिकड़ी शुरू में ही आक्रामक बल्लेबाजी करती है, तो आरसीबी अजेय लगती है, अक्सर पावरप्ले की शुरुआत को आसानी से 200 के पार के स्कोर में बदल देती है। फिर भी, उनके सामने चुनौती सिर्फ फॉर्म नहीं, बल्कि स्ट्रक्चर है। वहीं दूसरी ओर, गुजरात कंट्रोल और एक्यूरेसी पर बनी एक अलग पहचान के साथ आता है। वे सीजन की शुरुआत में ही आरस.ीबी को हरा चुके हैं, जिससे पता चलता है कि अनुशासन वाले दबाव में मजबूत बैटिंग लाइनअप भी कितनी जल्दी बिखर सकते हैं। कगिसो रबाडा की जबरदस्त पेस, मोहम्मद सिराज की एक्यूरेसी और राशिद खान के दम घोंटने वाले बीच के ओवरों की लीडरशिप में उनका बॉलिंग अटैक एक ऐसे सिस्टम की तरह काम करता है जो रिदम का पीछा करने के बजाय उसे तोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। इस मुकाबले की सबसे दिलचस्प कहानी इन दो सोच का टकराव है। आरसीबी का तरीका मोमेंटम पर बना है, तेजी से रन बनाना, आक्रामक इरादा और पावरप्ले में दबदबा। गुजरात धैर्य, स्ट्रक्चर और इस विश्वास के साथ जवाब देता है कि रन नहीं, विकेट हाई-प्रेशर वाले मैचों का फैसला करते हैं। धर्मशाला इस समीकरण में एक और परत जोड़ता है। इस जगह ने इस सीजन में लगातार बड़े टोटल बनाए हैं, जिसमें पहली पारी का स्कोर कई बार 200 के पार गया है। आरसीबी के लिए, रबाडा और सिराज के शुरुआती झटकों से बचना जरूरी है। अगर कोहली या साल्ट जल्दी आउट हो जाते हैं, तो मध्यम क्रम को राशिद खान के कंट्रोल के खिलाफ रिकवरी मोड में जाना होगा, एक ऐसा दौर जहां गुजरात ने हमेशा मैचों को इतना कड़ा कर दिया है कि सुधारा नहीं जा सकता। गुजरात टाइटंस के लिए, समीकरण जितना आसान है लेकिन उतना ही मुश्किल भी , शुरुआती पार्टनरशिप को जल्दी तोड़ो और आसीबी को दबाव में फिर से बनाने के लिए मजबूर करो। इस क्वालिफायर को जो बात खास तौर पर दिलचस्प बनाती है, वह है पक्का और अनचाहा के बीच का बैलेंस। कागज पर, दोनों टीमें बराबरी की लगती हैं, और लीग स्टेज को एक जैसे रिकॉर्ड के साथ खत्म किया है।

## आईपीएल फैन पार्क्स 2026 प्लेऑफ फेज पांच शहरों में होगा: BCCI



**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को पांच राज्यों के पांच शहरों में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फैन पार्क्स 2026 - प्लेऑफ फेज के कार्यकम की घोणा की फैन पार्क्स 29 और 31 मई को होस्ट किए जाएंगे, जिससे अलग-अलग इलाकों के फैंस आईपीएल सीजन के रोमांचक समापन का अनुभव एक शानदार और कार्निवल जैसे माहौल में कर सकेंगे। प्लेऑफ फेज के लिए आईपीएल फैन पार्क ग्वालियर, मध्य प्रदेश), गाजीपुर (उत्तर प्रदेश), मंगलुरु (कर्नाटक), काकीनाडा (आंध्र प्रदेश) और अगरतला (त्रिपुरा) में होंगे। हर फैन पार्क में आईपीएल 2026 प्लेऑफ मैचों की लाइव स्क्रीनिग होगी, साथ ही म्यूजिक, एंटरटेनमेंट, फूड कोर्ट, बच्चों के खेलने के जोन, और इंटरैक्टिव फैन एंगेजमेंट एक्टिविटीज जैसे वर्चुअल बैटिंग जोन, बॉलिंग नेट, फेस पेंटिंग, और फैन के पसंदीदा गेम जैसे पिच परफेक्ट, गेम ऑफ थ्रोज और डोंट मिस द बॉल जैसे कई दिलचस्प ऑन-ग्राउंड अनुभव होंगे।

## एम्मा राडुकानू फ्रेंच ओपन के पहले राउंड में हारी

**पेरिस, वार्ता।** अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा के खिलाफ पहले राउंड के मुकाबले में हार के साथ एम्मा राडुकानू का फ्रेंच ओपन में अभियान समाप्त हो गया। मात्र 25 मिनट तक चले निराशाजनक पहले सेट में एक भी गेम जीतने में नाकाम रहने के बाद, ब्रिटिश नम्बर एक खिलाड़ी ने दूसरे सेट में डबल-ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया। दुनिया की 68वें नम्बर की सिएरा ने वापसी करते हुए राडुकानू पर 6.0, 7-6 (7.4) से जीत दर्ज की। राडुकानू ने 15 अनफोर्स्ड एरर किए और कोई विनर नहीं बनाया, जबकि सिएरा ने दो बार और ब्रेक करके पहला सेट 'बैगल' जीत लिया। निराश राडुकानू ने दूसरे सेट के लिए लौटने से पहले कोर्ट से कुछ समय निक.ाला, और हालांकि वह शुरुआत में ही एक गेम जीतने में कामयाब रहीं, लेकिन सिएरा के लिए सब कुछ आसान रहा, जिन्होंने कई जोरदार फोरहैंड विनर लगाकर 4-1 की बढ़त बना ली।

## खेल विशेष

### मानुष ने डब्ल्यूटीटी कंटेंडर लागोस में युगल का खिताब जीता

**अबुजा, वार्ता।** भारत के मानुष शाह ने नाइजीरिया में खत्म हुए डब्ल्यूटीटी कंटेंडर लागोस 2026 में मिश्रित और पुरु युगल दोनों के खिताब जीते। मानुष शाह और दिया चिंताले की जोड़ी ने शनिवार को मिश्रित युगल का खिताब जीता। उन्होंने 28 मिनट तक चले फाइनल में लियो डी नोडरेस्ट और केमिली लुट्ज की फ्रेंच जोड़ी को 3-0 (11-8, 14-12, 11-8) से हराया। टॉपप सीडेड भारतीय जोड़ी ने जापान के काजुहिरो योशिमुरा और रीना एसो पर 3-1 की क्वार्टर-फाइनल जीत के दौरान टेबल टेनिस टूर्नामेंट में सिर्फ एक गेम गंवाया। रविवार को, मानु शाह और मानव ठक्कर ने फाइनल में रोमानिया के इयूलियन चिरिटा और आंद्रेई इस्ट्रेट को 3-0 (11-7, 12-10, 11-4) से हराकर पुरु युगल का खिताब जीता। भारत खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और अपने चार मैचों में एक भी गेम नहीं गंवाया। लागोस में, मानु शाह ने पुरु एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई, लेकिन बाहर हो गए। दीया चितले और ओलंपियन अयहिका मुखर्जी विमेंस सिगल्स में क्वार्टर-फाइनलिस्ट रहीं, जबकि मनिका बत्रा दूसरे राउंड में बाहर हो गईं। महिला युगल में, दीया चितले-यशस्विनी घोरपड़े और सुतीर्था मुखर्जी-अयहिका मुखर्जी सेमीफाइनल में पहुंचीं। मनिका बत्रा, महिला युगल में सिड्रेला दास और मिश्रित युगल में मानव ठक्कर के साथ, दोनों इवेंट्स के क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गईं।

### ओलंपियाकोस ने मैड्रिड को हराकर यूरोलीग 2026 का खिताब जीता

**एथेंस, (रोम), वार्ता।** ओलंपियाकोस पिरियस ने रियल मैड्रिड को 92-85 से हराकर यहां यूरोलीग 2026 का खिताब अपने नाम किया। उसने 13 साल बाद चौथी बार यूरोपियन खिताब जीता। रविवार को टेलीकॉम सेंटर एथेंस में घरेलू दर्शकों के सामने, पिरियस के पोर्ट की ग्रीक टीम ने यूरोलीग फाइनल फोर के चैंपियनशिप गेम में अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी को हरा दिया, जो 19 साल में पहली बार ग्रीक राजधानी में हुआ था। ग्रीक टीम ने गेम में अच्छी फॉर्म में शुरुआत की, हाफटाइम ब्रेक तक 46-44 की मामूली बढ़त बना ली थी। चौथा क्वार्टर कांटे का था, लेकिन रेड्स ने आखिरी मिनटों में लॉस ब्लैंकोस को हरा दिया। ओलंपियाकोस के लिए इवान फोरनियर ने सबसे ज्यादा 20 पॉइंट बनाए, उनके बाद एलेक पीटर्स ने 16 पॉइंट बनाए। साशा वेजेनकोव ने 12 पॉइंट बनाए और थॉमस वॉकअप ने 10 पॉइंट जोड़े। रियल मैड्रिड के ट्रे लाइल्स ने 24 पॉइंट बनाकर सबसे ज्यादा स्कोर किया, जबकि मारियो हेजोन्जा ने 19 पॉइंट और एंड्रेस फेलिज ने 13 पॉइंट जोड़े। ओलंपियाकोस शुक्रवार को सेमीफाइनल में तुर्की के फेनरबाचे को हराकर फाइनल में पहुंच था।

## गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पर्पल कैप दौड़ में तीसरे स्थान पर पहुंचे



**मुम्बई, वार्ता।** इंडिनयन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का लीग चरण समाप्त हो चुका है और राजस्थान रॉयल्स (आआर) के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने मुम्बई इंडियन के खिलाफ तीन विकेट झटके और अपनी टीम को प्लेऑफ में पहुंचा दिया। इसके साथ ही वह पर्पप कैप तालिका में भी तीसरे नम्बर पर पहुंच गए। इस मुकाबले में आरआर के गेंदबाज जोफ आर्चर ने चार ओवर में केवल 17 रन देकर तीन विकेट लेकर मुम्बई इंडियंस को बड़े झटके दिए।

आर्चर ने पावरप्ले में रोहित शर्मा और नमन धीर को तो वहीं 16वें ओवर में वापसी करते हुए हार्दिक पंड्या को पवेलियन का रास्ता दिखाया। इस प्रदर्शन के साथ ही आर्चर ने चेन्नई सुपर किग्स के अंशुल कम्बोज, गुजरात टाइटंस के राशिद खान और सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान मलिंगा को पीछे छोड़ते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है। फिलहाल वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के भुवनेश्वर कुमार और के कगिसो रबाडा से ही पीछे हैं। इन दोनों के नाम 24 तो वहीं आर्चर के नाम 21 विकेट हैं। ऑरेंज कैप तालिका में रविवार को खेले गए दो मैचों में तीन ऐसी टीमें थीं जिनमें व्यक्तिगत रूप से धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की कमी थी, लेकिन वैभव सूर्यवंशी जरूर एक्शन में थे।

## कोच के साथ काम करने पर शानदार गेंदबाजी कर पाया: कुलदीप यादव

■ पिछले मैच के बाद अपने होमटाउन गया था और वहां अपने कोच के साथ काम किया



**कोलकाता, वार्ता।** स्पिन गेंदबाज कुलद.ीप यादव ने कहा कि उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन अच्छा नहीं रहा, मैं पिछले मैच के बाद घर लौटा और अपने कोच के साथ उन भूले हुए एरिया काम किया जिसमें काम करने की जरुरत थी और इस मैच में शानदार गेंदबाजी कर पाया।

केकेआर के खिलाफ रविवार को मैच जीतने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच बने कुलदीप ने कहा कि मैच से पहले मैं उतना खुश नहीं था, क्योंकि हम एक टीम के तौर पर जिस तरह से फिनिश करना चाहते थे, उस तरह से फिनिश नहीं कर पाए। मेरा सीजन भी उतना अच्छा नहीं गया था। मुझे अपने आपसे काफी अधिक उम्मीद थी, लेकिन मैं वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाया। कुलदीप ने बताया कि टीम के पिछले मैच के बाद वह अपने होमटाउन गए थे और वहां अपने कोच के साथ काम किया। वह अपनी लय वापस पाना चाहते थे और उन्होंने एक अभ्यास मैच भी खेला था। इस मूव का लाभ उन्हें अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी और पुराने घरेलू मैदान पर देखने को मिला। उन्होंने कहा, पिछले मैच के बाद मैं अपने घर चला गया था और अपने कोच के साथ उन एरिया में काम किया जिसमें करने की जरूरत थी और वहां मैंने एक मैच भी खेला। कुछ छोटी चीजें होती हैं जिन्हें आप बहुत जल्दी भूल जाते हैं खास तौर से सफेद गेंद की क्रिकेट में। वहां जाकर उन चीजों पर काम करना और फिर वापस आकर यहां इस तरह की गेंदबाजी करना शानदार है। उन्होंने कहा, जब मैंने अपने कोच से बात की तो उन्होंने सीधे बोला कि तुम्हें गेंद को स्पिन कराना होगा, बल्लेबाज को चकमा देना होगा। मैं जानता हूं कि बल्लेबाज तुम्हारे खिलाफ आक्रामक हो रहे हैं, लेकिन जब तुम गेंद को स्पिन कराते हो तो तुम्हारे पास उन्हें आउट करने का मौका होता है। पिछले कुछ मैचों में मैं अपने पूरे शरीर का इस्तेमाल नहीं कर रहा था। मुझे लगता है कि मैंने टुकड़ों में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन अपने रनअप या लय में आप कुछ चीजें भूल जाते हैं जिससे आपके खेल पर असर पड़ता है। टूर्नामेंट के दौरान वह किन चीजो में कमजोर पड़े इसके बारे में कुलदीप ने कहा, मैं थोड़ा ओपन चेस्ट से गेंदबाजी कर रहा था।

## फीफा विश्वकप 2026 से पहले मेसी के पैर में लगी चोट



**फ्लोरिडा, वार्ता।** स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी को फीफा विश्व कप 2026 में अर्जेंटीना के शुरुआती मैच से तीन सप्ताह पहले, मेजर लीग सॉकर में फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ इंटर मियामी के मैच में पैर में चोट लग गई।

रविवार को खेले गए मुकाबले के 73वें मिनट में मेसी अपने बाएं पैर के पिछले हिस्से को पकड़ते हुए मैदान से चले गए। उतारने की रिक्वेस्ट करने के बाद, 38 साल के मेसी को सामान्य तरीके से चलते हुए देखा गया जब वह टनल से होते हुए लॉकर रूम में गए। यह मेसी का इंटर मियामी के लिए आखिरी एमएलएस गेम था,

इससे पहले कि वह अर्जेंटीना में शामिल हों, जो 16 जून को ग्रुप जे के मुकाबले में अल्जीरिया का सामना करते हुए अपने विश्व.कप खिताब के बचाव की शुरुआत करेंगे। इंटर मियामी के कोच गुइलेर्मो होयोस, जिनकी टीम ने 6-4 से जीत हासिल की, ने मैच के बाद कहा कि रिकॉर्ड आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता को एहतियात के तौर पर फ्लोरिडा के मियामी में बारिश वाली रात में गीली पिच से हटा दिया गया था। होयोस ने कहा, जहां तक मुझे पता है, हमारे पास अभी तक इस पर मेडिकल रिपोर्ट नहीं है, लेकिन वह सच में थके हुए थे। वह थके हुए थे, पिच भारी थी और जब शक हो, तो हमेशा यही तरीका होता है कि आप कोई रिस्क न लें।

## जियोवानी को हराकर नोवाक फ्रेंच ओपन के अगले दौर में

**पेरिस, वार्ता।** सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोको.विच ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 के पहले दौर में फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड को ?5-7, 7-5, 6-1, 6-4? से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली। 39 साल के जोकोविच ने शुरुआती दो सेटों में फॉर्म और लय से जूझने के बाद, अपनी अनुभवी खेल शैली से पेरीकार्ड की तूफानी सर्विस का तोड़ निकाला और अगले तीन सेट आसानी से जीत लिया।

जोकोविच ने इस वर्ा अब तक 11 एकल मुकाबले खेले है। दूसरे राउंड में जोकोविच का सामना बुधवार को फ्रांच के टेनिस खिलाड़ी वैलेंटिन रॉयर से होगा। मैच के बाद कोर्ट पर जो.कोविच ने फ्रेंच में कहा, जियोवानी को बधाई।

मैंने उनके साथ पहली बार खेला और यह देखना लगभग नामुमकिन है कि वह कहां सर्व करेंगे। यह कुछ ऐसा है जैसा मैंने अपने करियर में शायद एक या दो बार देखा है, रेली ओपेल्का या इवो कार्लोविक के साथ। ऐसे मैच में, आपको फोकस रखना होता है और मौके का इंतजार करना होता है। यह थोड़ा मुश्किल था, लेकिन आखिर में, मुझे सही समय पर अपना बेस्ट टेनिस और बेस्ट रिटर्न गेम मिला।

## पहली बार 100 दृटिबाधित बच्चों ने मुंबई इंडियंस का मैच आनंद उठाया

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गए मैच को पहली बार 100 दृटिबाधित बच्चों ने आनंद उठाया। आईपीएल के इस मैच को पहली बार 100 दृटिबाधित बच्चे अपने 'हियरिग बडीज' के साथ मैच देखने पहुंचे। इसके अलावा 200 से ज्यादा विशो रूप से सक्षम बच्चे भी इस अनुभव का हिस्सा बने। बच्चे मुंबई के अलावा सतारा, नासिक, इगतपुरी और दूर-दराज के कई इलाकों से आए थे। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता एम- अंबानी ने कहा कि बच्चों की खुशी और उत्साह इस दिन को खास बना देता है। उन्होंने कहा कि एजुकेशन एंड स्पोट्स फॉर ऑल (ईएसए) की शुरुआत 16 साल पहले हुई थी।

## कमिंस, स्टार्क व हेजलवुड की स्टार तिगड़ी वनडे विश्वकप 2027 की करेगी तैयारी: मैकडोनाल्ड



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि फिटनेस और वर्कलोड की चिंताओं के बावजूद, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की स्टार तिगड़ी पाकिस्तान और बंगलादेश के साथ सफेद गेंद दौरे का हिस्सा नहीं है ए तीनों आगामी एकदिवसीय विश्व कप 2027 के लिए तैयारी करेंगे।

मैकडोनाल्ड ने कहा कि ए तीनों ऑस्ट्रेलिया के पाकिस्तान और बंगलादेश के सफेद गेंद दौरे का हिस्सा नहीं हैं। ए तीनों दोनों सीरीज खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट-व्यस्त कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम करने के लिए कहा गया था। और जबकि टेस्ट खेलना टॉपप प्रायोरिटी है, ऑस्ट्रेलिया प्रबंधन को उम्मीद है कि ए तीनों वर्ल्ड कप के लिए टॉपप शेप में रह सकते हैं, जो अक्टूबर-नवम्बर 2027 में साउथ अफ्रीका में होना है। मैकडोनाल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि लोग आस-पास के गेम देखते हैं और सोचते हैं, 'अच्छा, वे वहां क्यों नहीं खेल रहे हैं।लेकिन अगर आप असल में 2027 से पीछे की ओर देखें और देखें कि हमारे पास आगे क्या है, तो यह आखिरी बड़ा ब्रेक है जिसमें हम उनके शरीर में इन्वेस्ट करेंगे ताकि वे 2027 तक पूरी तरह से तैयार हो सकें। हम प्लान कर रहे हैं कि वे 2027 तक वहां पहुंच जाएं। मैकडॉनल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें वहां पहुंचाने के लिए हम जो कर रहे हैं उस पर बहुत भरोसा होना चाहिए। यह एक बड़ी चुनौती होगी, खासकर हमारी शानदार (स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल) टीम के लिए, उन्होंने काफी समय से बहुत अच्छा काम किया है। मुझे लगता है कि यह लगभग एक गलतफहमी है कि खिलाड़ी खुद ही चुनते हैं कि उन्हें कहां खेलना है और कौन सी सीरीज खेलनी है। ए फैसले शेड्यूल में क्या आने वाला है, इसके मैनेजमेंट के हिंसाब से लिए जाते हैं, और वे इसे नहीं चुनते। हम उनके साथ इस पर काम करते हैं, वे खिलाड़ी खेलना चाहते हैं। हमें नहीं लगता कि यह उनके खेलने का सबसे अच्छा समय है। भारत की सीनियर पुरा राट्रीय टीम यूनिटी कप 2026 के लिए लंदन पहुंची लंदन। भारत की 17 सदस्ईय सीनियर पुरुष राट्रीष्य फुटबॉल टीम इंग्लैंड की राजधानी लंदन में होने वाले यूनिटी कप 2026 में हिस्सा लेने यहां पहुंच गई। भारतीय टीम रविवार सुबह बेंगलुरु से इंग्लैंड की राजधानी के लिए रवाना हुई थी। वर्ा 2002 के बाद इंग्लैंड में भारत का पहला मैच होगा।

## यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता।** यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में सोमवार को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। टॉपस जीतने के बाद, यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने पहले फील्डिग करने का फैसला किया। स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब ने विकास सोलंकी 63(62) और ललित यादव 44(34) की मदद से 32-5 ओवर में 10 विकेट पर 169 रन बनाए। यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के बॉलर पियाश चिकारा ने 20 रन देकर 3 विकेट, दीप ठाकुर ने 32 रन देकर 3 विकेट और मयंक रावत ने 28 रन देकर 2 विकेट लिए। टारगेट का पीछा करते हुए यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने तनुज पंवार 114(56) नॉट आउट और नवीन कुमार 21(18) नॉट आउट की शानदार पारियों की मदद से 16-2 ओवर में 3 विकेट पर 173 रन बनाए और मैच 7 विकेट से जीत लिया।

स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब की बॉलिंग में, राहुल राठी ने 41 रन देकर 2 और हार्दिक शर्मा ने 26 रन देकर 1 विकेट लिया। संक्षिप्त स्कोर: स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब - 32-5 ओवर में 10 विकेट पर 169 रन ( विकास सोलंकी 63(62) और ललित यादव 44(34) यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब - 16-2 ओवर में 3 विकेट पर 173 रन ( तनुज पंवार - 114(56) नॉट आउट और नवीन कुमार - 21(18) नॉट आउट) कीमती प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार - तनुज पंवार (फ्रेंड्स) - 114(56) को दिया गया जबकि स्पोर्ट सन फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार - विकास सोलंकी (स्पोर्टिंग) - 63(62) को मिला। अगला मैच मंगलवार को एसआरके टेक्नोलॉजी ग्प क्रिकेट क्लब और यॉर्क क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा। मिन्हाजुल का चटगांव से निर्विरोध बीसीबी डायरेक्टर बनना तय चटगांव। राट्रीय टीम के पूर्व कप्तान मिन्हाजुल आबेदीन आगामी चुनाव में कैटेगरी 1 से बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के डायरेक्टर बनने वाले हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को नाम वापस लेने के बाद उम्मीदवारों की आखिरी सूची जारी कर दी है। मिन्हाजुल ने अपने खेल करियर में बंगलादेश का प्रतिनिधित्व किया, संन्यास के बाद बीसीबी में शामिल हुए और कई पदों पर काम किया। उन्होंने चयन पैनल में एक दशक से ज्यादा समय बिताया, शुरुआत में एक सिलेक्टर के तौर पर और फिर चीफ सिलेक्टर का पद संभाला। वह मौजूदा एड-हॉक कमेटी के भी सदस्य हैं। बीसीबी चुनाव आयोग की ओर से जारी आखिरी सूची से इस बात की पुटि हो गई है कि शरीफुल इस्लाम के नाम वापस लेने के बाद मिन्हाजुल कैटेगरी 1 में चटगांव डिवीजन दो उम्मीदवार रह गए हैं।

# बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील सोशल मीडिया पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर

## पंचायत भवन सभागार में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में पंचायत भवन सभागार में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ पीस कमेटी के सदस्य भी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन सोशल मीडिया की गतिविधियों पर गंभीरता से निगरानी कर रहा है। किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक या माहौल बिगाड़ने वाली पोस्ट पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत त्योहारों के दौरान





कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कोई नई परंपरा शुरू करने का प्रयास न करें और पूर्व से चली आ रही व्यवस्थाओं का ही पालन करें।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि खुले में कुर्बानी करने या अवशेष फेंकने की अनुमति नहीं होगी। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर भी पूरी तरह रोक रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुर्बानी से जुड़े फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करें, क्योंकि इससे अन्य लोगों की भावनाएं प्रभावित हो सकती हैं।बैठक में हीट वेव से बचाव को लेकर भी जागरूक किया गया। अधिकारियों ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 'सचेत ऐप' की उपयोगिता बताते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की।एडीएम सिटी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि बकरीद के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। वहीं विद्युत विभाग ने तीन दिन निर्बाध बिजली आपूर्ति का भरोसा दिया। नगर निगम की ओर से ईदगाहों में साफ-सफाई, पेयजल और विशेष सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

## पंचायत चुनाव तक ग्राम प्रधान ही रहेंगे प्रशासक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव संपन्न होने तक मौजूदा ग्राम प्रधान ही प्रशासक के रूप में कार्य करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ल्वहप ।कपजलंदंजी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पंचायती राज विभाग रविवार देर शाम तक इससे संबंधित आदेश जारी कर सकता है। प्रदेश में पहली बार प्रशासनिक समिति बनाए जाने की तैयारी की गई है। इसके तहत पंचायत चुनाव होने तक गांवों में विकास कार्यों की जिम्मेदारी वर्तमान ग्राम प्रधानों के पास ही रहेगी। शासन के इस निर्णय से ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी और प्रशासनिक कार्य प्रभावित नहीं होंगे। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की सभी 57 हजार 694 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त हो रहा है। ऐसे में पंचायत चुनाव होने तक वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर शासन स्तर पर मंथन चल रहा था। अब सरकार ने मौजूदा प्रधानों को ही प्रशासक बनाए रखने का निर्णय लिया है।

# जिला बार एसोसिएशन में डीएम राजेन्द्र पैंसिया का स्वागत, बोले- बार और बेंच संविधान के प्रहरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद** जिला बार एसोसिएशन सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डीएम को पुष्प हार पहनाया गया तथा स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व रेवेन्यू मैनुअल पुस्तक भेंट की गई। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि बार और बेंच दोनों वादकारी हित के लिए कार्य करते हैं। हम सब संविधान के प्रहरी हैं तथा संविधान के अनुरूप ही कार्य करते हैं। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया को सुचारु रखने में अधिवक्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल पाल सिंह, शेर सिंह बौद्ध, सोमपाल सिंह, जयवीर सिंह व डीजीसी सिविल अजय गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में संध्या दीक्षित, भीकम सिंह, ध्रुव कुमार सक्सेना, वैशाली गुप्ता, रविता चौधरी, फुरकान अहमद, निमिष यादव, गजेन्द्र पाल सिंह, धर्मेंद्र कुमार, दीपांकर शर्मा, सोमनाथ पुरी, ललित अरोड़ा, सत्यपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह चौहान, सचिन सक्सेना, आबिद हुसैन, गुलफशा, रागनी ठाकुर, चौतन्य पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सभा की अध्यक्षता बार अध्यक्ष हर प्रसाद ने की, जबकि संच. ालन प्रकाश वीर सिंह ने किया।



# जिला समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक संपन्न व्यापारियों की समस्याओं व संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक दिनांक 25 मई सोमवार कों सिविल लाइन स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई बैठक जिलाध्यक्ष तुषार रस्तोगी के सानिध्य में संपन्न हुई। मुख्य अतिथियों के रूप मे समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव, महासचिव फुरकान अली जिला प्रवक्ता धर्मेन्द्र यादव शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष तुषार रस्तोगी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा समाजवादी व्यापार सभा की बैठकों में मुख्य रूप से आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव की रूपरेखा तैयार करने और व्यापारियों की समस्याओं को उठाने पर जोर दिया जा रहा है। कार्यकारिणी का विस्तार पर जोर दिया गया और नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक मे व्यापारियों का उत्पीड़न भाजपा सरकार की नीतियों विशेषकर जटिल जीएसटी व्यवस्था, बढ़ती महंगाई और ऑनलाइन कंपनियों के प्रभाव से चौपट होते करोबार पर



चिंता जताई।उन्होंने कहा हमारा मुख्य फोकस बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं और व्यापारियों को जोड़ने, मतदाता सूची पुनरीक्षण, और राज्य में पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लेने पर है। बैठक में संगठन की मजबूती, व्यापारियों की समस्याओं, बाजार व्यवस्था तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने व्यापारियों के हित में समाजवादी पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डाला और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, व्यापारियों को एकजुट करने तथा समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंच. ाने का संकल्प लिया गया। जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव समाजवादी व्यापार सभा जिलाध्यक्ष तुषार रस्तोगी ,अतहर हुसैन अंसारी,फुरकान अली, धर्मेन्द्र यादव, विजय वर्मा,खलील अहमद,शैलेन्द्र यादव, मो० असलम कादरी,मासूम रजा,इस्लाम कुरैशी,राजेश कुमार,सरताज आलम अंसारी कामिल मंसूरी, मोहन सिँह,जितेंद्र प्रजापति आदि प्रमुख थे।

## एक नजर

### बाइक में टक्कर मारने वाले पिकअप चालक के खिलाफ एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** टक्कर मारकर बाइक सवार को घायल करने के आरोप में पुलिस ने एक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है निकट जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा के मोहल्ला चौधरियान निवासी अनवरी खातून पत्नी बाबू खान का आरोप था कि 23 मई को करीब 1:00 बजे उसका पुत्र शहजाद काठ के बाजार से खरीददारी करके अपनी बाइक से वापस आ रहा था मिश्रीपुर तिराहे के पास पहुंचा तो पिकअप चालक अंकित ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे उसके पुत्र के गंभीर चोट आई और मोटरसाइकिल छतिग्रस्त हो गई पीड़िता थाने पहुंची और पिकअप चालक के खिलाफ तहरीर दी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### भाई से नाराज होकर लड़की लापता पिता ने गुमशुदी कराई दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नगर के घोसीपुरा निवासी योगेंद्र का कहना था कि 24 मई को जब वह शाम 4:00 बजे घर पहुंचा तो उसकी पत्नी ने बताया कि उसकी पुत्री छोटे भाई से नाराज होकर कहीं चली गई है।

बताया गया की चार-पांच दिन पहले भी नाराज होकर चली गई थी जो शाम तक वापस आ गई थी लेकिन इस बार वह वापस नहीं लौटी काफी तलाश करने पर जब नहीं मिली तो पीड़ित पिता थाने पहुंचा और गुमशुदी दर्ज कराने को तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए लड़की की तलाश के लिए आवश्यक कदम उठाए है।

### भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे यातायात पुलिस कर्मियों का व्यापार मंडल ने किया सम्मान



**चन्दौसी।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच नगर की यातायात व्यवस्था संभाल रहे पुलिसकर्मियों के सम्मान में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई द्वारा फव्वारा चौक पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यातायात पुलिसकर्मियों को पटका पहनाकर एवं छाते भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने किया। इस दौरान यातायात प्रभारी जग रोशन सहित अन्य पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।

व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी में भी यातायात पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं, जो सराहनीय है। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि तेज धूप और गर्मी के बावजूद पुलिसकर्मी जनता की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में जुटे हुए हैं। ऐसे कर्मठ और देशभक्ति की भावना से कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मान के पात्र हैं।वहीं नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि फव्वारा चौक पर यातायात पुलिसकर्मियों के बैठने की उचित व्यवस्था कराई जाएगी, ताकि ड्यूटी के दौरान उन्हें राहत मिल सके। कार्यक्रम में शुभम अग्रवाल, तुषार, रितिक वार्ष्णेय, सागर गुप्ता, निशांत शर्मा सहित नगर के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सैफनी बॉर्डर के गांव सौंदा में जन चौपाल ईद पर सौहार्द बनाए रखने की अपील



**कुन्दरकी।** आगामी ईद-उल-अजहा त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए सोमवार को थाना कुंदरकी क्षेत्र व थाना सैफनी, रामपुर बॉर्डर के गांव सौंदा में जन चौपाल का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन ने ग्रामीणों को सौहार्द बनाए रखने और कोई नई परंपरा न डालने की अपील की। जन चौपाल में गांव के पूर्व व वर्तमान प्रधान, मौलाना, संभ्रांत नागरिकों व आमजन ने भाग लिया। पुलिस अधिकारियों ने ईद के दृष्टिगत सभी से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने को कहा। ग्रामीणों को गांव को जुआ, सट्टा, अवैध शराब जैसे अपराधों से मुक्त करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस ने अपराधियों को अपराध छोड़ने की सख्त हिदायत देते हुए अपराध नियंत्रण में सहयोग की अपील की।

### महोबा में नीट छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**मुरादाबाद।** महोबा जनपद में नीट की छात्रा के साथ हुए जघन्य सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सड़कों पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस प्रति. निधिमंडल ने राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में महिलाओं और



छात्राओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मामले में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही पीड़िता छात्रा और उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने, आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा बेहतर चिकित्सा सुविधा देने की मांग भी उठाई गई।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि पीड़िता को जल्द न्याय नहीं मिला तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रतिमा स्थापना दिवस पर चामुंडा देवी मंदिर में विशाल भंडारा

**चन्दौसी।** सोमवार को मौलागढ़ स्थित चामुंडा देवी मंदिर परिसर में प्रतिमा स्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-यज्ञ एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन



के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आहुति देकर माता रानी से सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। हवन-यज्ञ के पश्चात भंडारे का शुभारंभ किया गया, जो देर रात तक चलता रहा। भंडारे में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही और माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल एवं प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई थी। महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिमा स्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक वर्ष धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। इस दौरान सोमपाल, किरनपाल, रामकिशोर, हेमसिंह, अरविंद पाल, डिंपल, कुमकुम, हरस्वरुप पाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के विमान में टेकऑफ से पहले तकनीकी खराबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** भदासना एयरपोर्ट: उत्तर प्रदेश सरकार के चार्टर्ड प्लेन बी-200 विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद बड़ा हादसा टल गया है,एटीसी इंचार्ज अजय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मुरादाबाद दौरे के बाद सोमवार के दिन लखनऊ रवाना होने वाले थे, तभी अचानक टेकऑफ से ठीक पहले अचानक चार्टर्ड प्लेन के इंजन में खराबी आ गई, प्लेन के दोनों इंजन स्टार्ट हो गए उसके बाद विमान में चालक ने कुछ तकनीकी खराब होने की बताई,तकनीकी टीम ने तुरंत एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां फौरन अलर्ट मोड पर आ गई, प्लेन में तकनीकी खराबी के चलते उड़ान को तत्काल रोक दिया गया, राहत की बात तो ये रही कि समय रहते सभी सुरक्षा उपाय पूरे कर लिए गए इससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक एयरपोर्ट पर लगभग 4:30 बजे मीटिंग कर रहे थे, मीटिंग के बाद जैसे ही एयरोप्लेन से लखनऊ जाने के लिए चले तो पायलेट ने तकनीकी खराब होने की बात बताई इसके बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक शाम के 5:15 बजे भदासना एयरपोर्ट से ही सड़क मार्ग से होते हुए, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लखनऊ के लिए रवाना हो गए, तो वहीं विमान में आई तकनीकी खराबी की टेक्निकल टीम बारीकी से चार्टर्ड प्लेन में आई खराबी की जांच करने में जुट गई है।






# गंगा दशहरा पर रामगंगा तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ज्येष्ठ माह के पावन गंगा दशहरा पर्व पर सोमवार सुबह से ही रामगंगा नदी तट श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति से सराबोर नजर आया। तड़के से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामगंगा घाटों पर पहुंचने लगे।

महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने श्रद्धा भाव के साथ रामगंगा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।घाटों पर सुबह से ही धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने "हर-हर गंगे" और "जय मां गंगे" के जयकारों के साथ पवित्र डुबकी लगाई। स्नान के बाद लोगों ने पूजा-अर्चना कर मां गंगा से सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। कई श्रद्धालुओं ने घाटों पर दीपदान और दान-पुण्य भी किया।गंगा दशहरा पर्व को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं के विशेष इंतजाम किए गए थे। घाटों पर पुलिस बल तैनात रहा तथा गोताखोरों और स्वास्थ्य टीमों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग और यातायात व्यवस्था भी सुचारु रखी गई।पर्व के दौरान घाटों के आसपास मेले जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चों और युवाओं ने मेले का आनंद लिया, वहीं स्थानीय दुकानदारों की दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी। पूजन सामग्री, खिलौने और खानपान की दुकानों पर लोगों की आवाजाही लगातार बनी रही। श्रद्धालुओं का कहना था कि गंगा दशहरा पर पवित्र नदी में स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। पूरे दिन रामगंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही और वातावरण भक्तिमय बना रहा।



# भीषण गर्मी में आस्था भारी 121 महिलाओं ने निकाली पीताम्बरी कलश यात्रा

**मुरादाबाद।** नगर पंचायत पाकबड़ा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मंदिर से 121 श्रद्धालु महिलाओं ने पीताम्बरी वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल महिलाओं ने भीषण गर्मी के बावजूद उत्साह के साथ उस परमात्मा का धन्यवाद अदा किया। श्री महाकालेश्वर धाम में आज श्री ओमसेज परिवार के महेश, सुरेश, विनोद, रजनीश, जिया, शैली, रामबाबू भटनागर, राजेश, अनिल अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। देवालय में श्री महाकालेश्वर, हनुमान जी, गणेश जी, श्री रामलला, शनिदेव समेत सभी देवतागण विराजमान हैं। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंदिर की परिक्रमा की और सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता फैलाना और सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से शांति-सद्भाव बनाए रखना है। भीषण गर्मी के बावजूद महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।





# अब क्वाड पर नजर

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से गहरा रहे वैश्विक संकट के बीच क्वाड देशों की महत्त्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। खास बात यह है कि भारत की मेजबानी में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यह बैठक होगी। खबरों के मुताबिक, इस बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर विचार-विमर्श के अलावा विश्वभर में पैदा हुए ऊर्जा संकट से निपटने के उपायों पर भी मंथन किया जाएगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे को लेकर भी यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पश्चिम एशिया में शांति बहाली का कोई रास्ता निकलेगा, मगर दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता के नतीजे में ऐसा कुछ नजर नहीं आया। क्वाड में शामिल देशों में से भारत पर इस वैश्विक संकट का मौजूदा परिस्थितियों में सबसे ज्यादा असर दिख रहा है। चूंकि वर्तमान में भारत क्वाड की अध्यक्षता कर रहा है, इसलिए यह उम्मीद है कि इस बैठक में ऊर्जा संकट का मसला प्रमुखता से रखा जाएगा। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि क्वाड में अमेरिका भी शामिल है और ईरान के साथ उसके और इजरायल के संघर्ष से ही संकट की यह स्थिति उत्पन्न हुई है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक 26 मई को होगी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को भारत पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं, विशेषकर रक्षा, व्यापार, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढाने पर विचार-विमर्श किया। साथ ही पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की गई। अब सबकी नजरें क्वाड की बैठक पर टिकी हैं कि उसमें किन मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच फिलहाल युद्धविराम जारी है, लेकिन होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए अमेरिका के प्रयास अभी तक नाकाम रहे हैं। इसके बजाय होर्मुज के आसपास अमेरिका की नाकेबंदी से स्थिति और जटिल हो गई है। दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का भारत पर कितना असर हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दस दिनों से भी कम समय में शनिवार को तीसरी बार बढोतरी की गई। पेट्रोल के दाम में 87 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमत में भी एक रूपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है। जाहिर है कि ईंधन के दामों में इजाफे से आने वाले दिनों में रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुएं भी महंगी होंगी। कुल मिलाकर इस संकट की सबसे ज्यादा मार आमजन पर ही पड़ेगी। इसलिए जरूरी है कि क्वाड की बैठक में इस मसले को प्रमुखता से रखा जाए और संकट का स्थाई समाधान तलाशने की कोशिश की जाए। दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है।

## श्रीमुख से...

### अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा



उप्र में असहनीय महा विद्युत आपदा की वजह से लगातार बढ़ते आक्रोश से बचने के लिए भयभीत भाजपाई विधायक-सांसद दिखावटी चिट्ठी का कागजी कवच बना रहे हैं, यह चिट्ठी दरअसल अपनी सरकार को लिखा कोई जन हित का पत्र नहीं है, बल्कि भाजपा रूपी डूबते जहाज को छोड़कर विपक्ष से आगामी चुनावों में टिकट पाने के लिए आवेदन पत्र है, हमारे गठबंधन में ऐसे नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है, जो जनता को दुख-दर्द और दिक्कतों के सिवा कुछ नहीं देते हैं, इस जानलेवा गर्मी में परिवारों में बड़े बुजुर्गों, बीमारों, बच्चों और खाने-पानी की व्यवस्था में झुलसती महिलाओं की क्या दुर्दशा हो रही है, ये केवल परिवारवाले ही समझ सकते हैं, कभी आपदा में अवसर ढूंढने वालों ने, अवसर की जगह जिस अफसर को ढूंढा था, वो अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा हैं।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# ईद-उल-अज़हा बलिदान की पुरानी परंपरा



शाहवेज़ खान



जो लोग कहते हैं इस्लाम 1400 साल पहले ही आया है उनके लिए इस्लाम धर्म के दूसरे सबसे बड़े त्योहार ईद-उल-अजहा,को जानना भी जरूरी है इस त्योहार को बकरीद भी कहते हैं इस्लाम धर्म मे कुर्बानी की यह परम्परा करीब 4000 साल से ज्यादा पुरानी हैं और यह इस्लाम धर्म के नबी हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के इम्तिहान ,त्याग और अल्लाह यानी ईश्वर से अटूट विश्वास से जुड़ी है। यह सिर्फ एक त्योहार नहीं बल्कि अल्लाह के हुक्म के आगे सर झुकाने, त्याग और बलिदान का वह हिस्सा है जो दुनिया मे कही और देखने को नही मिलता। और इब्राहिम अलैहिस्सलाम के दौर से ही इस्लाम धर्म में कुर्बानी कि यह परंपरा 10 जिल हिजजा यानी ईद उल अजहा के समय में शुरू हुई ,हालांकि कुर्बानी की परंपरा दुनिया में इस्लाम धर्म के अनुसार हजरत आदम अलैहिस्सलाम के समय से ही शुरू हो चुकी थी लेकिन उसका एक मुकर्रर वक्त नहीं था।

### इतिहास : हजरत इब्राहीम का इम्तिहान

कुरान-ए-पाक की सूरह अस-साफ्फात में इसका जिक्र है। हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम को बुढ़ापे में बड़ी मन्नतों के बाद बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम हुए थे। जब इस्माईल थोड़े बड़े हुए, तो इब्राहीम को ख्वाब में हुक्म हुआ कि अपने सबसे प्यारी चीज को अल्लाह की राह में कुर्बान करे जिसे नबी इब्राहिम ने अपने बेटे के रूप में देखा। इसके बाद उन्होंने यह किस्सा अपनी बीवी को बताया जिस पर वह भी अल्लाह की राह में उन्हें कुर्बान करने के लिए राजी हो गई वही जब बेटे स्माइल को कुर्बान करने का वक्त आया तो इब्राहिम में अपना सारा वाकया बेटे को बताया इसके बाद वह भी खुद को कुर्बान करने के लिए राजी हो गए। लेकिन जब उन्हें कुर्बान किया जा रहा तो कई करिश्मा हुए इसके बाद वहां पर एक मेढे की कुर्बानी हुई। इसी वाकए की याद में हर साल जिलहिज्जा महीने की 10 तारीख को दुनिया भर के मुसलमान कुर्बानी करते हैं और यह वाकया करीब 2000 ईसा पूर्व का माना जाता है। यानी यह परंपरा 4 हजार साल से भी पुरानी है।

### हज और कुर्बानी का रिश्ता

ईद-उल-अजहा हज के साथ जुड़ी है। हजरत इब्राहीम और हजरत इस्माईल ने ही एक बार काबा की तामीर की थी। हज के दौरान मीना में जो शैतान को कंकर मारने की रस्म है, वो भी इसी किस्से से जुड़ी है। कहते हैं कि जब इब्राहीम बेटे को कुर्बान करने ले जा रहे थे, तो शैतान ने तीन बार बहकाने की कोशिश की। हर बार इब्राहीम ने कंकर मारकर उसे भगाया। 9 जिलहिज्जा को अरफात का दिन होता है, जब हाजी मैदान-ए-अरफात में दुआ करते हैं। 10 जिलहिज्जा को मीना में कुर्बानी देकर हाजी और पूरी दुनिया के मुसलमान ईद मनाते हैं।

### कुर्बानी का मकसद क्या है

कुरान कहता है- अल्लाह को न उनके गोश्त पहुंचते हैं न खून, बल्कि उसे तुम्हारा तकवा पहुंचता है यानी असल मकसद दिखावा नहीं, नीयत और अल्लाह से बेपनाह प्यार का रिश्ता है। कुर्बानी के गोश्त के तीन हिस्से किए जाते हैं- एक गरीबों के लिए, एक रिश्तेदारों-दोस्तों के लिए, और एक अपने घर के लिए। इससे समाज में बराबरी और भाईचारे का पैगाम जाता है।

### हजरत इब्राहीम से पहले

कुर्बानी का कॉन्सेप्ट नबी इब्राहीम से भी पुराना है। हजरत आदम के दो बेटे हाबिल और काबिल ने भी कुर्बानी पेश की थी। लेकिन ईद-उल-अजहा के रूप में, तारीख तय करके, हर साल मनाने का रिवाज हजरत इब्राहीम की सुन्नत से शुरू हुआ। हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने मदीना आने के बाद इसे उम्मत के लिए जारी रखा।

### आज के दौर में ईद-उल-अज़हा

दुनिया के लगभग 200 करोड़ मुसलमान इस दिन नमाज पढ़ते हैं, कुर्बानी करते हैं और जरूरतमंदों को याद रखते हैं।

त्योहार का पैगाम साफ हैरू अल्लाह के हुक्म के सामने अपनी सबसे प्यारी चीज भी कुर्बान कर देना, और अपनी कमाई में गरीबों का हक निकालना। और यह सब सिर्फ मजहबी नहीं है। यह भरोसे, सब्र, और बाप-बेटे की इताअत की मिसाल है की 4000 साल बाद भी यह त्योहार हमें यही सिखाता है कि असली कामयाबी अल्लाह की रजा में है त्याग में है और बलिदान में छुपी है।

# बढ़ती गर्मी भविष्य के लिए बड़ी चेतावनी



योगेश कुमार गोयल

बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में है। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं है बल्कि यह एक गहराता सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेतावनी है। हीट वेव अब केवल मौसमी असुविधा नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है।

मौसम विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ताजा आंकड़ों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। पिछले चार दशकों में हीट वेव द्धलूऋ से होने वाली मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि हीट वेव अब केवल अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत) तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने दक्षिण भारत के उन तटीय इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है, जो ऐतिहासिक रूप से कम ताप प्रभावित रहते थे। अध्ययन बताते हैं कि 1981 से 2000 के बीच लू की औसत अवधि जहां 2.5 से 5.5 दिन थी, वहीं 2001 से 2020 के बीच यह बढ़कर 8.5 दिन तक पहुंच गई। लू का भौगोलिक दायरा भी 11.9 लाख वर्ग किलोमीटर से फैलकर 18.1 लाख वर्ग किलोमीटर हो चुका है। यह विस्तार बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की कड़वी हकीकत है। हमारे शहर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं, जो दिनभर गर्मी सोखते हैं और रात में उसे मुक्त करते हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव पैदा होता है। इस तपती आग में सबसे अधिक जोखिम उन लोगों (रेहड़ी-पटरी वाले, निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर) का है, जो खुले आसमान के नीचे अपना वजूद तलाशते हैं। इनके पास न तो कूलिंग सेंटर की सुविधा है और न ही काम के घंटों में लचीलापन। इसके साथ ही बच्चे और बुजुर्ग इस बढ़ते 'डिस्कंफर्ट इंडेक्स' के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में वृद्धि से आगामी वर्षों में हीट वेव, गर्मी का मौसम ज्यादा समय तक रहने और सर्दी के मौसम का समय घटने जैसी स्थितियां पैदा होंगी। इस बारे में वैज्ञानिकों का स्पष्ट कहना है कि जिस जलवायु परिवर्तन के बारे में अब तक हम केवल पढ़ते-सुनते रहे थे, वह अब हमारे सामने आकर खड़ा हो गया है। भारत में मई का महीना गर्म हवाओं (लू) का चरम समय होता है और लू की घटनाओं को भी मौसम में दिन-प्रतिदिन बदलाव का स्वाभाविक हिस्सा माना जाता है लेकिन चिंता की बात यही है कि लू की तीव्रता लगातार वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है। पिछले करीब डेढ़ दशकों में 2009, 2010, 2016, 2017 और 2022 भारत में रिकॉर्ड किए गए पांच सबसे गर्म वर्ष रहे। आईएमडी के मुताबिक 15 सबसे गर्म वर्षों में से 11 वर्ष 2008 से 2022 के बीच ही दर्ज किए गए।

यह जानना भी जरूरी कि हीट वेव आखिर है क्या? जैसा कि नाम से ही जाहिर है, हीट वेव अत्यधिक गर्म मौसम की अवधि है, जो प्राय: दो या ज्यादा दिनों तक रहती है। जब तापमान किसी क्षेत्र के सामान्य औसत तापमान से अधिक हो जाता है तो उसे 'हीट वेव' कहा जाता हं। आईएमडी के अनुसार मैदानी इलाकों का अधिकतम तापमान जब 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो लू चलने लगती है और यदि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो यह खतरनाक लू की श्रेणी में कही जाती है। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में जब तापमान 37 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो लू चलने लगती है। हीट वेव के कारण लोगों के बीमार होने और हीट स्ट्रोक का खतरा बहुत बढ़ जाता है तथा सैंकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1998 से 2017 के बीच हीट वेव के कारण 1।66 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और यह आंकड़ा अब वर्ष दर वर्ष तेजी से बढ़ रहा है। आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन से यह स्पष्ट हो चुका है कि तापमान में वृद्धि तथा लू का मानव शरीर पर व्यापक असर पड़ रहा है। गर्म हवाओं से ब्रेन स्ट्रोक, हृदयाघात, नसों में खून के थक्के जमने की आशंका, स्थाई विकलांगता का खतरा बढ़ जाता है और इससे मृत्यु दर में भी वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, हीट वेव बाढ़ के बाद दूसरी सबसे घातक आपदा है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रही है। लू का असर हृदय तथा फेफड़े जैसे अंगों पर सर्वाधिक पड़ता है, जो बेहद खतरनाक हो सकता है। हीट वेव से ऐसे लोगों की स्थिति और खराब होने की संभावना होती है, जो हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की बीमारी इत्यादि समस्याओं से पीड़ित हैं। आईएमडी के मुताबिक वैसे तो हर साल दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना इत्यादि उत्तर पश्चिमी भारत, मध्य, पूर्व और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत के मैदानी इलाकों में मार्च से जून के दौरान हीट वेव का दौर चलता है लेकिन जैसे-जैसे पृथ्वी की जलवायु गर्म होती जा रही है, दिन और रात भी सामान्य से अधिक गर्म होते जा रहे हैं, जिससे हीट वेव की घटनाएं बढ़ रही हैं और मौतों तथा बीमारियों की आशंका भी बढ़ रही है।

# भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना : प्रगति का नया अध्याय





ओ.पी. पाल

भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना देश के परिवहन इतिहास का सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी कदम है। एक मायने में यह परियोजना महज ईंट, गारे, लोहे और कंक्रीट से ढांचा खड़ा करने की कहानी नहीं है। यह कहानी है नए भारत के उस ऊंचे कल्पनाशिल्प की, जो अब धीमी रफ्तार से संतुष्ट नहीं होना चाहता। यह परियोजना भारत की तकनीकी संप्रभुता, आर्थिक सुदृढ़ता और वैश्विक साख का प्रतीक यानी भारत के भविष्य की आधारशिला है। परियोजना में जमीन अधिग्रहण की बाधाओं, कोविड महामारी के थपेड़ों और लागत में वृद्धि जैसी तमाम चुनौतियों का सीना चीरकर जिस तरह आज वायाडक्ट्स और अंडर-सी टनल का काम अपनी अंतिम परिणति की ओर बढ़ रहा है, उसके मद्देनजर वर्तमान प्रगति को लेकर यह कहा जा सकता है कि भारत में बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है। क्योंकि साल 2026 में सूरत और बिलिमोरा के बीच होने वाला ट्रायल रन इस बात का उद्घोष होगा कि भारत अब बदल चुका है। जब 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यह ट्रेन भारत की धरती पर दौड़ेगी, तो वह केवल दो शहरों की दूरी को कम नहीं करेगी, बल्कि वह देश के करोड़ों युवाओं के सपनों को एक नई उड़ान और असीम गति प्रदान करेगी। बुलेट ट्रेन का आना भारत के परिवहन इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय है, जिसका असर आने वाली कई पीढ़ियां महसूस करेंगी।

भारत हमेशा से एक ऐसा राष्ट्र रहा है जिसने अपनी परंपराओं को सहेजते हुए आधुनिकता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बैलगाड़ी और भाप के इंजनों से शुरू हुआ हमारा परिवहन का सफर आज वंदे भारत जैसी सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों तक पहुंच चुका है। लेकिन, इक्कीसवीं सदी का भारत अब सिर्फ रफ्तार की दौड़ में शामिल नहीं होना चाहता, बल्कि वह दुनिया के विकसित देशों के समकक्ष खड़े होकर हाई-स्पीड रेल युग का नेतृत्व करना चाहता है।

इस सपने को हकीकत में बदलने का ही नाम है-मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट, जिसे आम बोलचाल में हम देश की पहली बुलेट ट्रेन कहते हैं। भारत में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की परिकल्पना लगभग एक दशक पहले की गई थी। साल 2015 में भारत और जापान के बीच एक ऐतिहासिक समझौता हुआ। जापान, जो अपनी शिंकानसेन तकनीक के लिए दुनिया भर में मशहूर है और जिसने पिछले कई दशकों में शून्य दुर्घटना का रिकॉर्ड बनाए रखा है, इस परियोजना के लिए भारत का रणनीतिक साझेदार बना। सितंबर 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने अहमदाबाद में इस बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला रखी थी। जापान न केवल भारत को अपनी सबसे सुरक्षित और उन्नत तकनीक का हस्तांतरण कर रहा है, बल्कि बेहद मामूली ब्याज दर पर इस परियोजना के लिए एक बड़ा वित्तीय लोन भी उपलब्ध करा रहा है।

**स्टेशन, रूट और रफ्तार का गणित**

मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 508 किलोमीटर है। यह कॉरिडोर भारत के दो सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरेगा। इस ट्रैक पर बुलेट ट्रेन की अधिकतम परिचालन गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। वर्तमान में मुंबई से अहमदाबाद के बीच पारंपरिक ट्रेनों या सड़क मार्ग से यात्रा करने में 6 से 7 घंटे का समय लगता है। बुलेट ट्रेन के पूरी तरह शुरू होने के बाद यह सफर सिमटकर महज दो से ढाई घंटे का रह जाएगा। यह समय की वह बचत है जो कॉर्पोरेट जगत, व्यापारियों और आम यात्रियों की उत्पादकता को कई गुना बढ़ा देगी। इस पूरे मार्ग में कुल 12 स्टेशन बनाए जा रहे हैं। ए स्टेशन किसी आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की तर्ज पर विकसित किए जा रहे हैं, जहां यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इन स्टेशनों में मुंबई (बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स) इस रूट का एकमात्र पूरी तरह से भूमिगत स्टेशन होगा। जबकि अन्य स्टेशनों में ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार अब तक 434 किलोमीटर तक पिलर (खंभों) का निर्माण पूरा हो चुका है। पटरी बिछाने के लिए 343 किलोमीटर से अधिक का वायाडक्ट बनकर तैयार है। गुजरात के सूरत, आनंद और अहमदाबाद जैसे स्टेशनों के विशालकाय ढांचे अब दूर से ही दिखाई देने लगे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि सूरत-बिलिमोरा के बीच 2026 के ट्रायल के बाद, वर्ष 2029 से 2030 तक यह पूरा 508 किलोमीटर का कॉरिडोर पूर्ण रूप से चालू होकर देश को समर्पित कर दिया जाएगा।

**समुद्र के नीचे सुरंग से भूकंप अलार्म तक**

यह परियोजना केवल पटरी बिछाने और ट्रेन दौड़ाने का काम नहीं है, बल्कि यह भारत के सिविल इंजीनियरिंग इतिहास की सबसे कठिन और विस्मयकारी परीक्षाओं में से एक है। इस परियोजना का सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक हिस्सा महाराष्ट्र के घनसोली और शिलफाटा के बीच बनने वाली 21 किलोमीटर लंबी सुरंग है। इस सुरंग की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसका 7 किलोमीटर का हिस्सा ठाणे क्रीक के नीचे, यानी समुद्र के तलहटी के नीचे से गुजरेगा। भारत के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब कोई हाई-स्पीड रेल समुद्र के नीचे से गुजरेगी। इस सुरंग को खोदने के लिए दुनिया की सबसे विशालकाय टनल बोरिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।



श्रीनगर। 'ईद-उल-अज़हा' के त्योहार की खरीदारी को लेकर जाम में फंसे वाहन।

## उद्यमिता को लेकर सोच और मानसिकता में आ रहा बदलावः दीपक बागला

**नई दिल्ली।** नीति आयोग में अटल इनोवेशन मिशन के डायरेक्टर, दीपक बागला ने कहा है कि भारत में उद्यमिता को लेकर लोगों की सोच और मानसिकता में बहुत बड़ा बदलाव आ रहा है और 'स्टार्टअप इंडिया' मिशन की शानदार सफलता, इस बदलते भारत का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष प्रमाण है। बागला ने सोमवार को यहां आयोजित एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में कहा कि उद्यमिता अब सिर्फ एक वैकल्पिक करियर विकल्प नहीं रह गया है, बल्कि युवाओं की पहली पसंद बन रहा है।

## अफ्रीका दिवस पर महाद्वीप की एकजुटता, विकास का संकल्प दोहराया

**अदीस अबाबा।** अफ्रीका संघ आयोग के अध्यक्ष महमूद अली यूसुफ ने 'अफ्रीका दिवस 2026' के ऐतिहासिक अवसर पर वैश्विक मंच पर अफ्रीका के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए महाद्वीप की एकजुटता, विकास और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधारों की वकालत करने का अपना संकल्प दोहराया है। अफ्रीकी संघ की स्थापना की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर यूसुफ ने कहा कि आज अफ्रीका 'अफ्रीकी संघ' की स्थापना के 63 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। यह एक ऐसा ऐतिहासिक मील का पत्थर है जो एकता, स्वतंत्रता, गरिमा और विकास के हमारे सामूहिक प्रयासों को निरंतर प्रेरित करता है।

# भारत दलाई लामा उत्तराधिकार मामले में दूर रहेः चीन

## बीजिंग ने कहा यह हमारा आंतरिक मसला, तिब्बत मुद्दे में बाहरी दखल हमे हरगिज मंजूर नहीं

**बीजिंग।** चीन ने भारत को दलाई लामा के उत्तराधिकार के मुद्दे से दूर रहने की सलाह दी है। बीजिंग ने कहा कि दलाई लामा के पुनर्जन्म और उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया पूरी तरह चीन का आंतरिक मामला है और इसमें किसी बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी।

भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने बयान जारी कर कहा कि दलाई लामा का पुनर्जन्म सदियों पुराने धार्मिक रीति-रिवाजों और ऐतिहासिक परंपराओं के तहत होता है। चीन का यह बयान ऐसे समय आया है जब 27 मई को भारत के धर्मशाला में सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (सीटीए) यानी निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रमुख पेनपा त्सेरिंग दूसरी बार शपथ लेने वाले हैं। दलाई लामा भी इस कार्यक्रम में

■ चीनी दूतावास ने भारत को तिब्बत पर अपने पुराने रुख की याद भी दिलाई
■ भारत को तिब्बती स्वतंत्रता से जुड़ी गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध नहीं कराना चाहिए



शामिल हो सकते हैं। चीनी दूतावास ने भारत को तिब्बत पर अपने पुराने रुख की याद भी दिलाई। बयान में कहा गया कि भारत को तिब्बती स्वतंत्रता से जुड़ी गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध नहीं कराना चाहिए। यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-चीन संबंधों के लिए जरूरी है। चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने एक्स पर पोस्ट कर दलाई लामा के उत्तराधिकार से जुड़ा बयान किया। सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (सीटीए) के नए राजनीतिक प्रमुख पेनपा त्सेरिंग की जीत ने चीन की चिंता बढ़ा दी है। बीजिंग को डर है कि भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती नेतृत्व भविष्य में उसकी मंजूरी के बिना नए दलाई लामा की घोषणा कर सकता है। पेनपा त्सेरिंग ने फरवरी में हुए चुनाव में 61 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल किए थे। नियमों के मुताबिक, 60 प्रतिशत से अधिक वोट मिलने पर उम्मीदवार सीधे विजेता घोषित हो जाता है। इसलिए उन्हें दूसरे दौर के मतदान की जरूरत नहीं पड़ी। पेनपा त्सेरिंग का जन्म कर्नाटक के बायलाकुप्पे में हुआ था, जहां बड़ी संख्या में तिब्बती शरणार्थी रहते हैं। उन्होंने चेन्नई के मद्रास क्रिश्चियन कालेज से पढ़ाई की और लंबे समय से निर्वासित तिब्बती राजनीति में सक्रिय रहे हैं। चीन को आशंका है कि अगर उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती नेतृत्व के हाथ में रही, तो वे बीजिंग की मंजूरी के बिना नए दलाई लामा की घोषणा कर सकते हैं।

# ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करूंगाः ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ नहीं, विपक्ष ने नाराजगी जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि वे ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि या तो अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ भी नहीं होगा। ट्रम्प ने ईरान के साथ होने वाले समझौते की आलोचना करने वाले नेताओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-जिन्हें ईरान के साथ होने वाले समझौते के बारे में कुछ भी नहीं पता है, वे भी इसकी बुराई कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि ये लोग कमजोर हैं और सिर्फ देश को बांटते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उनका संभावित समझौता 2015 के परमाणु समझौते जैसा नहीं होगा। ट्रम्प ने ओबामा के समझौते को आपदा बताया और दावा किया कि उससे ईरान के लिए परमाणु हथियार तक पहुंचने का रास्ता खुल गया था। अभी तक अमेरिका और ईरान के बीच समझौते पर दस्तखत नहीं हो सके। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रविवार को ही दोनों देश सीजफायर बढ़ाने और होर्मुज खोलने को लेकर समझौता कर सकते हैं। ईरान ने ओमान के जरिए अपना मौखिक संदेश अमेरिका तक पहुंचाया। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का एक मैसेज ओमान के विदेश मंत्री तक पहुंचाया ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि ईरान में कोई भी बड़ा फैसला सुप्रीम लीडर की मंजूरी के बिना नहीं लिया जाएगा। अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित समझौते को लेकर इजरायल में चिंता बढ़ गई है। एक इजरायली अधिकारी ने कहा है कि इस समझौते से ईरान को यह मैसेज जाएगा कि वह होर्मुज का इस्तेमाल दबाव बनाने के हथियार की तरह कर सकता है। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची संभावित अमेरिका-ईरान समझौते पर बातचीत के लिए दोहा पहुंचे हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी के साथ हो रही बैठक में होर्मुज स्ट्रेट, ईरान के उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार और फ्रीज फंड्स पर चर्चा हो रही है। ईरानी केंद्रीय बैंक गवर्नर भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं। संभावित डील का मकसद क्षेत्रीय युद्ध खत्म करने और तनाव कम करने का रास्ता निकालना है। ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल के साथ रिश्ते बेहतर करने को कहा है। उन्होंने शनिवार को मोहम्मद बिन सलमान, मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, तमिम बिन हमद अल थानी, आसिम मुनीर, रजब तैयब एर्दोआन, अब्देल फतह अल-सिसी, अब्दुल्ला द्वितीय और हामद बिन ईसा अल खलीफा समेत कई नेताओं से बातचीत की। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका ने ईरान संकट को सुलझाने के लिए बहुत मेहनत की है। इसलिए अब जरूरी है कि ये सभी देश अब्राहम समझौते में शामिल हों। यानी कि इजरायल के साथ रिश्ते बेहतर करें। उन्होंने जिन देशों का नाम लिया उनमें सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्की, मिस्र और जार्डन शामिल थे। ट्रम्प ने कहा कि यूएई और बहरीन पहले से अब्राहम अकार्ड्स का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशों के पास शामिल न होने की 'एक-दो वजहें' हो सकती हैं लेकिन ज्यादातर देशों को इस समझौते के लिए तैयार होना चाहिए।



■ ट्रम्प बोलेः मुस्लिम देश इजरायल से रिश्ते सुधारें, ये सभी देश अब्राहम समझौते में शामिल हों

### संभावित समझौते में इजरायल से अच्छी भूमिका की उम्मीद नहींः बघाई

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि पश्चिम एशिया में तनाव कम करने वाली किसी भी प्रक्रिया को बाधित करने के प्रयासों के अलावा और इजरायल से कुछ और उम्मीद नहीं की जा सकती है। ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते में इजरायल की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए बघाई ने कहा कि अमेरिका में कुछ युद्ध समर्थक समूह, चाहे वे रिपब्लिकन हों या डेमोक्रेट, इजरायल के साथ गठजोड़ बनाए रखते हैं और यही समूह अमेरिका को दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अंतहीन युद्धों में धकेलते हैं। बघाई ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान अपने लोगों के कल्याण के बजाय ड्रोन और मिसाइलों पर धन खर्च करता है। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसे हथियार अपनी सुरक्षा और आक्रामक युद्धों से बचाव के लिए बनाता है। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में ईरान ऐसे दो युद्धों का सामना कर चुका है। उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि वे ईरानी जनता की चिंता करते हैं।

### ट्रम्प की 'ईरानी नीति' ने अमेरिका को गतिरोध में धकेलाः मोहसिन रजाई

**तेहरान।** ईरान के वरिष्ठ राजनेता एवं पूर्व सैन्य कमांडर मोहसिन रजाई ने कहा है कि हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों और ईरान के खिलाफ 'बिना उकसावे के छेड़े गए युद्ध' के बाद क्षेत्र में हुए हालिया घटनाक्रमों ने अमेरिका को पूरी तरह गतिरोध की स्थिति में पहुंचा दिया है। तेहरान के इमाम खुमैनी मुसल्ला में रविवार को अमेरिका-इजरायल युद्ध में मारे गए लोगों की स्मृति में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिकी सैन्य बल, जो संभवतः अल्पकालिक युद्ध के भ्रम के साथ क्षेत्र में आए थे, अब वह लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष की वास्तविकता का सामना कर रहे हैं। उन्होंने खोर्रमशहर की मुक्ति और इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन की पराजय का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष की वर्षगांठ पिछले 12 महीनों में अमेरिकी और जायोनी दुश्मनों के खिलाफ ईरानी राष्ट्र द्वारा किए गए दो और धार्मिक-राष्ट्रीय रक्षा अभियान प्रतिरोधों के साथ संयोगवश आई है। रजाई ने अमेरिकी और इजरायल के शासन के खिलाफ सड़कों से लेकर युद्धक्षेत्र तक ईरानी जनता और सेना की दृढ़ता की सराहना करते हुए कहा कि विचार, आस्था और प्रेरणा में परिवर्तन के कारण ईरान को अपने दुश्मनों पर विजय मिली है।

# संयुक्त राष्ट्र अफ्रीकी देशों के साथ काम करने में गर्व महसूस करता हैः गुटेरेस

**जेनेवा।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को 'अफ्रीका दिवस' के अवसर पर अफ्रीकी देशों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र को एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण के लिए अफ्रीका के साथ मिलकर काम करने पर गर्व है। 'अफ्रीकी संघ' की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर जारी अपने संदेश में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि आज और हर दिन, संयुक्त राष्ट्र उन सभी अफ्रीकी देशों के साथ काम करने में गर्व महसूस करता है जो एक ऐसे शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जिसके हकदार न केवल सभी अफ्रीकी नागरिक हैं, बल्कि हमारी पूरी दुनिया है।

गुटेरेस ने महाद्वीप की प्रचुर ताकत, लचीलेपन और वैश्विक मंच पर इसके बढ़ते प्रभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि अफ्रीका के लोगों ने गुलामी और उपनिवेशवाद के विनाशकारी परिणामों का सामना करते हुए आपदा को एकता और संकल्प में बदला है। आज यही साझा संकल्प महाद्वीप में मुक्त व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) के विस्तार, नवाचार (इनावेशन) को बढ़ावा देने और स्थाई शांति की नींव रखने के उद्देश्यों को गति दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इस वर्ष के विषय (थीम) 'जल और स्वच्छता' पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ये सेवाएं सार्वजनिक स्वास्थ्य, मानवीय गरिमा और आर्थिक अवसरों की आधारशिला हैं। हालांकि, जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण महाद्वीप में लाखों लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को अभी भी इन आवश्यक सेवाओं तक पहुंच नहीं मिल पा रही है। उन्होंने अफ्रीकी देशों को फंड जुटाने, कर्ज राहत तंत्र तक पहुंच बनाने और सौर व पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों में बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए वैश्विक एकजुटता का आह्वान किया।



■ गुटेरेस ने महाद्वीप की प्रचुर ताकत, लचीलेपन और वैश्विक मंच पर इसके बढ़ते प्रभाव की सराहना की

# कांगो में इबोला के संदिग्ध मामलों की संख्या 900 के पार

■ डब्ल्यूएचओ ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की निगरानी बढ़ाने के बाद इस देश में अब तक इबोला के 900 से अधिक संदिग्ध मामलों की पहचान की गई है।

इस प्रकोप का मुख्य केंद्र इटुरी प्रांत है, जहां पहले से ही करीब 50 लाख लोग लगातार जारी हिंसक संघर्ष में फंसे हुए हैं। इस वजह से शुरुआती दौर में मामले की पहचान करना मुश्किल हो गया है और संकट गहरा गया है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेएसस ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा कि एक्टिव केस-खोज अभियानों के कारण कांगों में इबोला के कुल 904 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। इनमें प्रयोगशाला की ओर से पुष्ट किए गए 101 संक्रमण के मामले भी शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि इस प्रकोप का मुख्य केंद्र इटुरी प्रांत है, जहां पहले से ही करीब 50 लाख लोग लगातार जारी हिंसक संघर्ष में फंसे हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं सहित हजारों लोगों को पलायन करना पड़ा है। टेड्रोस के अनुसार, मौजूदा असुरक्षा और डर की वजह से प्रभावित समुदायों में गहरा अविश्वास पैदा हो गया है।

# इमरान पर बनाया जा रहा राजनीति छोड़ने का दबावः उजमा खानम

## समुचित उपचार नहीं मिलने से उनकी एक आंख की रोशनी भी कम होती जा रही हैः उजमा

रावलपिंडी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन उजमा खान ने दावा किया है कि उनके भाई को एकांत कारावास में रखकर राजनीति छोड़ने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और समुचित उपचार नहीं मिलने से उनकी एक आंख की रोशनी भी कम होती जा रही है।

खानम ने द टाइम्स को दिए गए एक साक्षात्कार में बताया कि वह छह महीने पहले अपने भाई से मिली थीं। उस समय उन्हें एकांत कारावास में चार माह का समय गुजर गया था। द टाइम्स की रिपोर्ट में खानम के हवाले से कहा गया कि पहले उनका मनोबल अच्छा था, लेकिन जब मैं उनसे आखिरी बार मिली, तब उन्हें चार सप्ताह से अधिक समय से एकांत कारावास में रखा गया था और वह बेहद परेशान थे। वह बताते कि किसी को उनसे बात करने की अनुमति नहीं है, यहां तक कि पहरेदारों को भी नहीं। वह बार-बार कहते रहे कि एकांत कारावास से बदतर कुछ नहीं हो सकता। अब इसे लगभग सात महीने हो चुके हैं। वह बताती हैं कि खान ने आखिरी मुलाकात में उनसे कहा था कि उन्हें 'तोड़ने' की कोशिश की जा रही है, लेकिन 'वे सफल नहीं होंगे।' बहन उजमा ने आशंका जताई कि उनके भाई की आंखों की रोशनी जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी दाहिनी आंख से पानी निकल रहा था। मैंने पूछा कि क्या हुआ, लेकिन वह दूसरी बातों को लेकर इतने विचलित थे कि इस पर ज्यादा चर्चा नहीं हो सकी। फरवरी में जब उनके वकील ने उनसे मुलाकात की तो आंख से लगातार पानी बह रहा था और इमरान ने कहा कि उन्हें उससे कुछ दिखाई नहीं दे रहा। फिर अप्रैल में उन्होंने बताया कि एक सरकारी डॉक्टर ने कहा है कि आंख में खून का थक्का जम गया है और 85 प्रतिशत स्थाई दृष्टि हानि हो चुकी है। उन्होंने कहा कि रोजाना दो घंटे के व्यायाम के अलावा किताबें पढ़ना ही 73 वर्षीय खान को मानसिक रूप से संभाले हुए था। बहनों को जब उनसे मिलने की अनुमति मिलती थी, तब वे हर सप्ताह करीब एक दर्जन किताबें लेकर जाती थीं, लेकिन बाद में यह बंद कर दिया गया।

अदालत जाने के बाद भी केवल पांच किताबों की अनुमति मिली, जिनमें से दो अस्वीकार कर दी गईं। खानम ने कहा कि वे उन्हें तोड़कर समझौता करवाना चाहते हैं और शायद आंख का मामला भी उसी का हिस्सा है। किताबें ही उनके जीवित रहने का सहारा थीं और अब अगर वह पढ़ भी नहीं सकते और किसी से बात भी नहीं कर सकते-उजमा के अलावा अलीमा खानम, और नौरीन नियाजी भी दो बहनें हैं जो इमरान के साथ मानवीय व्यवहार के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा रही हैं।

■ पहले उनका मनोबल अच्छा था, लेकिन जब मैं उनसे आखिरी बार मिली तब उन्हें चार सप्ताह से अधिक समय से एकांत कारावास में रखा गया था



# अक्षय कुमार के साथ नजर आईं अक्षरा सिंह गाना 'घिस-घिस' में मचाया धमाल

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार के साथ फिल्म वेलकम टू द जंगल के नए गाने 'घिस घिस घिस' में नजर आ रही हैं। 'घिस घिस घिस' में अक्षरा सिंह का दमदार अंदाज और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस दर्शकों का दिल जीत रहा है। बॉलीवुड और भोजपुरी का यह अनोखा संगम गाने को और भी खास बना रहा है। गाने को विक्रम मोंट्रोस और सुप्रिया पाठक ने अपनी आवाज दी है, जबकि इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। जोशीले संगीत और शानदार डांस मूव्स से भरपूर यह गाना दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर रहा है।



# इमोशनल ड्रामा फिल्म में फोटोग्राफर के किरदार में नजर आएंगी सैयामी खेर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर, विक्रम फडणीस की इमोशनल ड्रामा फिल्म में फोटोग्राफर के किरदार में नजर आएंगी। अभिनेत्री सैयामी खेर ने फिल्ममेकर विक्रम फडणीस की आगामी अनटाइटल्ड रोमांटिक ड्रामा फिल्म से अपना दमदार फर्स्ट लुक शेयर किया है। इस फिल्म की कहानी इंसानी रिश्तों और भावनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें प्यार, जज्बात और रिश्तों की जटिलताओं को बेहद संवेदनशील तरीके से दिखाया जाएगा। जारी किए गए फर्स्ट लुक में सैयामी एक फैशन फोटोग्राफर के किरदार में नजर आ रही हैं। तस्वीर में वह एक प्रोफेशनल कैमरा हाथ में लिए नेचुरल आउटडोर लोकेशन पर दिखाई दे रही हैं। उनका सिपल और रियलिस्टिक लुक फिल्म के भावनात्मक और जमीन से जुड़े टोन को खूबसूरती से दर्शाता है। इस किरदार के लिए सैयामी ने अपनी रियल लाइफ दोस्त और भारत की मशहूर फैशन फोटोग्राफर तरस तारापोरवाला से प्रेरणा ली है। फिल्म में ताहिर राज भसीन और विनीत कुमार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म विक्रम फडणीस के लिए भी बेहद खास है, क्योंकि यह उनकी पहली हिंदी डायरेक्टोरियल फिल्म होगी जो रिलीज होने जा रही है।

# तीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को एक नए होल्डिंग सेंटर में भेजा गया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तीन बंगलादेशी नागरिकों को सोमवार को मुर्शिदाबाद जिले के लालगोला में बनाए गए नए 'होल्डिग सेंटर' में भेजा गया जिन आरोप है कि ये बिना किसी वैध दस्तावेज के देश में घुसपैठ कर रहे थे। राज्य में शायद यह पहला मौका है, जब किसी बंगलादेश नागरिक को 'होल्डिंग सेंटर' में भेजा गया है।

इन घुसपैठियों को नबन्ना (राज्य सचिवालय) की ओर से पश्चिम बंगाल में रह रहे अवैध विदेशी नागरिकों और घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें देश से बाहर निकालने के सख्त निर्देश जारी करने के बाद भेजा गया। पुलिस और प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इन तीनों संदिग्ध घुसपैठियों को मुर्शिदाबाद जिले के रानीताला पुलिस थाना क्षेत्र से हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि वे भारत में रहने की अनुमति देने वाला कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान मोहम्मद सलीम, मोहम्मद रूबल और शरीफुल इस्लाम के रूप में हुई है। परंपरागत रूप से ऐसे घुसपैठियों को गिरफ्तारी के बाद सीधे जेल भेज दिया जाता था।राज्य सचिवालय के नवीनतम दिशानिर्देशों के बाद, प्रशासन ने अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव किया है। कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद, इन तीनों व्यक्तियों को जेल में रखने के बजाय लालगोला में तैयार किए गए विशेष होल्डिंग सेंटर में भेज दिया गया। हाल ही में, राज्य के गृह विभाग ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को एक सख्त निर्देश जारी किया था। इस निर्देश में कहा गया था कि बंगलादेश और म्यांमार से अवैध रूप से आने वाले लोगों (जिनमें 'विदेशी अधिनियम' के तहत दर्ज रोहिंग्या भी शामिल हैं) को अब आम कैदियों के साथ सामान्य जेलों में नहीं रखा जाना चाहिए।

■ राज्य में शायद यह पहला मौका है, जब किसी बंगलादेश नागरिक को 'होल्डिग सेंटर' में भेजा गया
■ हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान मोहम्मद सलीम, मोहम्मद रूबल और शरीफुल इस्लाम के रूप में हुई है

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108